06 मई 2025
मंगलवार

# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण


चुनाव से पूर्व आपकी समस्याओं को देखना व समझना चाहता हूं: रवि 3



# पाकिस्तान से तनाव: केंद्र सरकार का राज्यों को निर्देश- नागरिक सुरक्षा के लिए कराएं मॉक ड्रिल

- सात मई को कई राज्यों को हवाई हमलों से बचने के लिए मॉक ड्रिल करने का निर्देश
- पिछली बार ऐसी मॉक ड्रिल 1971 में आयोजित की गई थी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

पाकिस्तान से तनाव के बीच केंद्र सरकार ने कई राज्यों से मॉक ड्रिल करने के लिए कहा है. गृह मंत्रालय ने राज्यों को 7 मई को नागरिक सुरक्षा के लिए मॉक ड्रिल करने के लिए कहा है। राज्यों को हवाई हमलों से बचने के लिए मॉक ड्रिल का निर्देश दिया है। केंद्र सरकार के इन निदेशों की टाइमिंग बेहद महत्वपूर्ण है। पिछली बार ऐसी मॉक ड्रिल 1971 में आयोजित की गई थी। 1971 में भारत और पाकिस्तान के बीच दो मोर्चों पर युद्ध हुआ था। इस युद्ध के 54 सालों बाद अब देश में मॉक ड्रिल होने जा रही है।

### नागरिक सुरक्षा की दृष्टि से निम्न कदम उठाने का निर्देश



1. हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन को बजाया जाएगा
2. हमले की स्थिति में बचाव के लिए नागरिकों और छात्रों आदि को सिविल डिफेंस का प्रशिक्षण दें
3. मॉक ड्रिल के दौरान ब्लैक आउट किया जाएगा
4. महत्वपूर्ण संयंत्रों/प्रतिष्ठानों को समय से पहले ही छिपाने के उपाय किए जाएंगे
5. साथ ही लोगों को निकालने की योजना और उसका अभ्यास किया जाएगा

पहलगाम हमले के बाद से ही सीमा पर तनाव कम होने का कोई संकेत नहीं दिख रहा है। पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादियों ने 26 निर्दोष नागरिकों को गोली मार दी थी। पाकिस्तान ने लगातार 11 रातों से नियंत्रण रेखा पर भारतीय चौकियों पर गोलीबारी की है। भारत ने इस्लामाबाद की बार-बार सीमा पार से की गई गोलीबारी का कड़ा जवाब दिया है।

**पीएम मोदी ने रक्षा सचिव से की मुलाकात**

भारत ने 2019 में पुलवामा के बाद जम्मू-कश्मीर में हुए सबसे भीषण हमले को लेकर भारत किसी को बख्शने वाला नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह से मुलाकात की। अटकलें लगाई जा रही हैं कि नई दिल्ली हमले का क्या जवाब देगी। बैठक आधे घंटे से अधिक समय तक चली। यह बैठक प्रधानमंत्री द्वारा एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह से मुलाकात के एक दिन बाद हुई है। प्रधानमंत्री अब तक सेना, नौसेना और वायु सेना के प्रमुखों से मिल चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चेतावनी दी है कि आतंकी हमले को अंजाम देने और इसकी साजिश रचने वालों को ऐसी सजा मिलेगी जिसकी वे कल्पना भी नहीं कर सकते हैं।

**भारत ने उठाए हैं कई कूटनीतिक कदम**

भारत ने अब तक पाकिस्तान के खिलाफ कई कूटनीतिक कदम उठाए हैं, जिसमें 1960 की सिंधु जल संधि को स्थगित करना भी शामिल है। यह ऐसा कदम है, जिसे भारत ने 1965 और 1971 के युद्धों और 1999 के कारगिल संघर्ष के दौरान भी नहीं उठाया था। साथ ही भारत में पाकिस्तान के मिशनों के राजनयिक कर्मचारियों की संख्या घटा दी है। पाकिस्तान ने जवाब में कहा है कि जल प्रवाह को रोकने के किसी भी कदम को युद्ध की कार्रवाई के रूप में देखा जाएगा और शिमला समझौते सहित सभी द्विपक्षीय समझौतों को निलंबित करने की धमकी दी है।

## भारत की कई रक्षा वेबसाइटों को हैक करने का दावा

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव लगातार बढ़ता ही जा रहा है। बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तानी हैकर्स ने भारत पर साइबर हमले की कोशिश की है। भारत की कई रक्षा वेबसाइटों को हैक कर लिया गया है।

पाकिस्तान साइबर फोर्स ट्विटर हैंडल के जरिए बड़ा दावा सामने आया है कि इस ग्रुप ने भारतीय रक्षा संस्थानों का संवेदनशील डेटा हैक कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विस और मनोहर पर्रिकर रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान से जुड़ी अहम जानकारियां, जिनमें डिफेंस कर्मियों के निजी डिटेल्स और लॉगिन क्रेडेंशियल्स शामिल हैं, लीक किए गए हैं। इतना ही नहीं, हैकर्स ने रक्षा मंत्रालय के अधीन PSU आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड की वेबसाइट को भी डिफेस कर दिया। वेबसाइट पर पाकिस्तान का झंडा और अल खालिद टैंक की तस्वीरें लगाई गईं। इस घटना के बाद एहतियात के तौर पर वेबसाइट को अस्थायी रूप से ऑफलाइन कर दिया गया है और इसकी साइबर ऑडिट शुरू कर दी गई है। साइबर हमले की गंभीरता को देखते हुए भारतीय साइबर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं और ऐसे किसी भी संभावित हमले पर नजर रख रही हैं, जो पाकिस्तान से जुड़े ग्रुप्स द्वारा प्रायोजित हो सकते हैं। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की सुरक्षा बढ़ाई जा रही है और भविष्य में ऐसे हमलों को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। यह हमला ऐसे वक्त में हुआ है जब भारत की संवेदनशील सुरक्षा तैयारियों पर विदेशी साइबर हमलों की आशंका लगातार बढ़ रही है। एहतियातन, वेबसाइट को फिलहाल ऑफलाइन कर दिया गया है ताकि पूरे सिस्टम की गहराई से जांच की जा सके। साइबर सुरक्षा एजेंसियां और विशेषज्ञ लगातार साइबर स्पेस पर नजर रख रहे हैं ताकि पाकिस्तान से जुड़े संभावित साइबर हमलों का समय रहते पता लगाया जा सके।

### खबरें फटाफट

#### बहराइच के पूर्व सांसद अक्षयवर लाल पर जानलेवा हमला

**बहराइच।** पूर्व सांसद बहराइच व वर्तमान बहराइच सांसद डॉ. आनंद गोंड के पिता अक्षयवर लाल गोंड पर सोमवार को दूसरे समुदाय के लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। पूर्व सांसद एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। लाठी-डंडा व धारदार हथियारों से लैस करीब 38 लोगों के अचानक पहुंचने से मौके पर अफरातफरी मच गई। कार्यकर्ताओं ने उन्हें कमरे में बंद कर उनकी जान बचाई। हमले में पूर्व सांसद बाल-बाल बच गए, लेकिन उनके सुरक्षागार्ड घायल हो गए। मोतीपुर क्षेत्र के मटेही कला निवासी राम सरोज पाठक के यहां रविवार को यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम था। इसमें शामिल होने के लिए पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड पहुंचे थे। आरोप है कि इस दौरान गांव निवासी शाहिद अली, नियाज, शाहिद अली द्वितीय, नैय्यारे, सन्नो बेगम, आसमा, सबीना, बाबू उर्फ सगीर आदि 38 लोग लाठी-डंडा व धारदार हथियार के साथ कार्यक्रम स्थल पहुंचे और सांसद के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर सांसद पर हमला कर दिया। सुरक्षा गार्डों व कार्यकर्ताओं ने सांसद को बचाया, लेकिन इस दौरान कार्यकर्ता व सुरक्षा गार्ड घायल हो गए।

### दावा: एक बच्चे को परीक्षा पास कराने के नाम पर वसूलते थे 20 से 25 लाख रु.

# नीट परीक्षा में स्कॉलर बैठाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, सरगना समेत 11 गिरफ्तार

- एसटीएफ ने समस्तीपुर से बेगूसराय के एक डॉक्टर और ड्राइवर को किया गिरफ्तार
- अंतरराज्यीय परीक्षा माफिया संजीव मुखिया से है कनेक्शन

**एजेंसी/नई दिल्ली**

मेडिकल कॉलेज में दाखिला दिलाने के नाम पर नीट परीक्षा में स्कॉलर बैठाकर खेल करने वाले 11 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें से तीन लोगों को नोएडा के थाना फेस-1 क्षेत्र से एसटीएफ ने पकड़ा है। जिनमें से आरोपी विक्रम कुमार साह इस पूरे गैंग का सरगना है। पूछताछ करने पर आरोपी ने चौंका देने वाले खुलासे किए हैं। पकड़ा गया आरोपी विक्रम बिहार के दरभंगा जिले का रहने वाला है। सोमवार को एसटीएफ ने बिहार के समस्तीपुर से बेगूसराय के एक डॉक्टर और ड्राइवर को भी गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि इन सभी का अंतरराज्यीय परीक्षा माफिया संजीव मुखिया से कनेक्शन है। संजीव मुखिया नीट यूजी 2024 प्रश्नपत्र लीक का मुख्य आरोपी है।

समस्तीपुर डीएसपी संजय कुमार पांडे ने बताया कि ये लोग अभ्यर्थी से मोटी रकम लेकर स्कॉलर को 2 से 5 लाख रुपये देते थे। इनके पास से अभ्यर्थियों के कागजात भी मिले हैं। बताया कि 4 मई को समस्तीपुर जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर नीट परीक्षा आयोजित की गई थी। जहां कदाचार मुक्त परीक्षा के सफल संचालन को लेकर संबंधित थाना की पुलिस के साथ-साथ अन्य एजेंसी सतर्क रहकर निगरानी कर रही थी कि तभी सूचना मिली कि एक गिरोह का सक्रिय सदस्य समस्तीपुर जिला में कार (नंबर BR 07 AP 7233) से घूम रहा है। वह परीक्षा में तकनीकी रूप से छेड़छाड़ करते हुए मूल अभ्यर्थियों के बदले दूसरे फर्जी अभ्यर्थी (स्कॉलर) को परीक्षा में बैठाकर परीक्षा दिलवाते हैं ताकि अधिकतम अंक प्राप्त हो सके और अभ्यर्थियों का चयन हो सके।

डीएसपी ने बताया कि सूचना प्राप्त होते ही पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया था। टीम ने जब जांच शुरू की तो मोहनपुर पुल के पास संदिग्ध अवस्था में कार बरामद हुई। उन्होंने बताया कि उस पर बैठे लोगों से पूछताछ की गई तो चालक सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम रामबाबू मल्लिक (पिता सुरेश मल्लिक) बताया। उसने खुद को दरभंगा जिले के लहेरियासराय स्थित रहमतगंज काली मंदिर का रहने वाला बताया। वहीं, बगल की सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम विभूतिपुर का रहने वाला डॉक्टर रंजीत कुमार (पिता स्वर्गीय लक्ष्मी प्रसाद सिंह) बताया। जब दोनों से पुलिस ने पूछताछ शुरू की तो रंजीत ने बताया गया कि नीट 2025 परीक्षा में समस्तीपुर और अन्य जगहों पर मूल अभ्यर्थी के बदले वह दूसरे अभ्यर्थियों को बैठाते हैं। इसके लिए फोटो पहचान पत्र और हस्ताक्षर में काफी मिलान करना पड़ता है। उसके मोबाइल में परीक्षा से संबंधित बहुत सारे कागजात के साथ-साथ परीक्षार्थियों के एडमिट कार्ड की प्रति भी मिली।

**आरोपी डॉक्टर बेगूसराय जेल में पोस्टेड:** पुलिस हिरासत में जब दोनों के मोबाइल के व्हाट्सएप की जांच की तो उसमें पता चला कि नीट परीक्षा से संबंधित कई परीक्षार्थियों के एडमिट कार्ड, आधार कार्ड और हस्ताक्षर फोटो का आदान-प्रदान किया गया था। डॉ. रंजीत ने पुलिस के सामने स्वीकार किया कि अभ्यर्थी से मोटी रकम लेकर स्कॉलर को 2 से 5 लाख रुपये देते थे। डीएसपी ने बताया कि आरोपी रंजीत बेगूसराय जेल में डॉक्टर है।



### खुलासा... पुलिस, अफसर और नेताओं के बेटों को बनाया डॉक्टर

पूछताछ में विक्रम ने बताया कि उसका गैंग पिछले कई सालों से इस धंधे में लिप्त है। वह मेडिकल कॉलेज में दाखिला कराने के नाम पर ठगी करते थे। इसके बाद नीट परीक्षा पास कराने के नाम पर पैसा वसूलने का काम करने लगे। वह लोगों से एक बच्चे को नीट परीक्षा पास कराने के नाम पर 20 से 25 लाख रुपये वसूलते थे। सूत्रों के मुताबिक, पकड़े गए सभी आरोपियों को कनेक्शन संजीव से है। संजीव से पूछताछ करने के बाद ही आरोपियों के बारे में अधिकारियों को इनपुट मिला था। संजीव ने भी पूछताछ के दौरान कई बड़े खुलासे किए थे। संजीव ने बताया था कि उसने पुलिस, प्रशासन के अफसरों और नेताओं के बेटों को नीट परीक्षा के जरिए डॉक्टर बनाया है। उसने पिछड़े वर्ग के लड़कों को बगैर पैसा लिए भी डॉक्टरी की यह परीक्षा पास कराए जाने की जानकारी दी। पूछताछ के दौरान पता चला कि नीट यूजी 2024 प्रश्नपत्र लीक के समय वह गुजरात की राजधानी अहमदाबाद में नेटवर्क को मजबूत कर रहा था। उसने सीबीआई को यह भी बताया था कि उसने नीट यूजी 2024 के दौरान पटना में दो जगह अपने जाल में फंसे अभ्यर्थियों को प्रश्न और उत्तर रटवाए थे।

## बहन की डोली से पहले तीन भाइयों की एकसाथ उठी अर्थी

### वैशाली में मातम में बदली शादी की खुशी



**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के वैशाली में शादी समारोह की खुशी उस समय मातम में बदल गई, जब सड़क दुर्घटना में बाईक सवार 3 लड़कों की दर्दनाक मौत हो गई। हाजीपुर महनार मुख्य मार्ग के चांदपुरा थाना क्षेत्र के चांदपुरा रसूलपुर के पास ये सड़क हादसा हुआ। इस दुखद घटना की जानकारी मिलने के बाद परिवार वाले रोने-बिलखने लगे। मृतकों में दो चचेरे भाई हैं।

मृतक युवकों की पहचान सोनू कुमार (18) पिता महेश भगत, राजीव कुमार (15) पिता अवधेश भगत और रंजन कुमार (16) पिता लाल मोहन भगत के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सोनू के बहन की 5 मई यानी सोमवार को शादी होने वाली थी। रविवार रात पूजा मटकोर हो रहा था। पूजा-अर्चना के लिए सोनू, राजीव और रंजन बाइक से दही लाने के लिए गए थे। उसी दौरान अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इससे सभी की मौत हो गई। शोक में डूबे मृतक सोनू के पिता ने कहा कि सोमवार को बेटी की बारात आने वाली थी बेटा बाइक से गया था। सड़क हादसे ने सबकुछ छीन लिया। घटना से गांव में मातम पसरा हुआ है। मृतक सोनू के चाचा टुनटुन पासवान का कहना है कि वे दही लाने के लिए घर से निकले थे कि सबकुछ बर्बाद हो गया।

**घटना से गुस्साए लोग:** वहीं पुलिस ने तीनों शव की अपने कब्जे में लेकर हाजीपुर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया और घटना के जांच में जुट गई है। हालांकि तीनों के शव पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही घर आए तो वहां सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों के आंखों में आंसू छलक पड़े। वहीं घटना से गुस्साए लोगों ने हाजीपुर महनार मुख्य मार्ग पर आगजनी कर दी और उसे जाम कर दिया। इस घटना को लेकरस्थानीय निवासी अजय पासवान का कहना है कि पीड़ित परिवार को सरकार की ओर से मुआवजा मिलना चाहिए। ये बहुत ही दुखद घटना है।

## इंडियन आइडल विजेता पवनदीप सड़क हादसे में घायल

**एजेंसी/नई दिल्ली**

इंडियन आइडल विजेता उत्तराखंड निवासी पवनदीप का रविवार की देर रात अमरोहा में एक्सीडेंट हो गया। सोमवार को पवनदीप को गंभीर हालत में सेक्टर-62 स्थित नोएडा के फोर्टिस अस्पताल भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि उनके शरीर के कई हिस्सों में फ्रैक्चर है। अस्पताल की ऑर्थोपेडिक टीम की देखरेख में पवनदीप का इलाज किया जा रहा है। उनके कई फ्रैक्चर हैं। फिलहाल वे होश में हैं और उनकी हालत स्थिर है। बताया जा रहा है कि उनकी हालत खतरे से बाहर है। उन्होंने अपने परिजनों से भी बात की है। अस्पताल ने हेल्थ अपडेट में बताया कि पवनदीप राजन को क्रमिक सर्जरी से गुजरना पड़ेगा। हमारी क्लिनिकल टीम उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है और उन्हें सभी आवश्यक चिकित्सकीय देखभाल प्रदान की जा रही है। बताया जा रहा है कि एक्सीडेंट के बाद पनवदीप काफी देर तक बेहोश रहे थे।



## भारत में 99.9 प्रतिशत मुस्लिम समुदाय के लोग धर्मांतरित हैं: सांसद मनन मिश्रा

**केटी न्यूज/पटना**

बार काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन और राज्यसभा सांसद मनन मिश्रा ने सोमवार को गोपालगंज में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान विवादित बयान देते हुए दावा किया कि भारत में 99.9 प्रतिशत मुस्लिम समुदाय के लोग धर्मांतरित हैं और उनकी पिछली पीढ़ियां हिंदू थीं। उन्होंने मुस्लिम समाज के सामाजिक ढांचे पर बात करते हुए कहा कि अंसारी, जुलाहा और पसमांदा समुदाय सामाजिक रूप से पिछड़े वर्ग में आते हैं। मिश्रा ने जाति आधारित जनगणना का समर्थन करते हुए कहा कि इससे मुस्लिम समुदाय की सामाजिक स्थिति और सरकारी नौकरियों में उनकी भागीदारी स्पष्ट होगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पाकिस्तान के खिलाफ कूटनीतिक कदम उठा रही है, जैसे पानी रोकना आदि, जिनका असर आगामी 3-4 महीनों में दिखेगा।




### मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर (द्वितीय) के परपोते बेदार बख्त की विधवा ने दाखिल की थी याचिका

# लाल किला पर मालिकाना हक से जुड़ी याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले पर मालिकाना हक का दावा करने वाली सुल्ताना बेगम की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। सुल्ताना बेगम ने खुद को आखिरी मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर (द्वितीय) के परपोते मिर्जा मोहम्मद बेदार बख्त की विधवा और कथित कानूनी उत्तराधिकारी बताया था।

मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मजेदार टिप्पणी के साथ याचिका को खारिज किया। सुल्ताना बेगम ने अपनी याचिका में दावा किया था कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के बाद ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने लाल किले पर जबरन कब्जा कर लिया था और उनके परिवार की संपत्ति छीन ली थी। उन्होंने कहा कि लाल किला उनके पूर्वज बहादुर शाह जफर से विरासत में मिला है, और भारत सरकार ने इस पर अवैध कब्जा कर रखा है। याचिका में सुल्ताना ने लाल किले का मालिकाना हक मांगा था।



**सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी:** मामले की सुनवाई के दौरान, मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने याचिका पर सुनवाई करते हुए चुटकी ली और कहा, केवल लाल किला ही क्यों? फतेहपुर सीकरी और दूसरी जगहों पर दावा क्यों छोड़ दिया? कोर्ट ने याचिका को अत्यधिक देरी के आधार पर खारिज कर दिया। इससे पहले, दिसंबर 2021 में दिल्ली हाई कोर्ट ने भी सुल्ताना की याचिका को खारिज करते हुए कहा था कि 150 साल से अधिक की देरी का कोई औचित्य नहीं है, और उनके पास यह साबित करने के लिए कोई दस्तावेज नहीं है कि उनका बहादुर शाह जफर से संबंध है।

**क्या था सुल्ताना बेगम का दावा:** सुल्ताना बेगम ने दावा किया कि 1857 में ब्रिटिशों ने बहादुर शाह जफर को हुमायूं के मकबरे से गिरफ्तार कर रंगून (अब यांगून, म्यांमार) निर्वासित कर दिया था, जहां 1862 में उनकी मृत्यु हो गई। सुल्ताना ने खुद को मिर्जा मोहम्मद बेदार बख्त की पत्नी बताया, जिनका निधन 22 मई 1980 को हुआ था। दिल्ली हाई कोर्ट में जस्टिस रेखा पल्ली ने सुल्ताना की याचिका पर सवाल उठाते हुए कहा था, 1857 में आपके साथ अन्याय हुआ, तो इतने सालों तक आप क्या कर रही थीं? कोर्ट ने यह भी कहा कि सुल्ताना ने उत्तराधिकारी की वंशावली साबित करने के लिए कोई दस्तावेज या चार्ट पेश नहीं किया।

## खबरें फटाफट

### न्यास समिति की जमीन होगी डाक

**डुमरांव।** सोमवार को प्रातः 8:30 बजे बड़ी संगत मठ में सीओ अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान बड़ी संगत मठिया का जो खेत एवं बगीचा है, प्रति वर्ष उसकी 1 साल के लिए मालगुजारी पर दिया जाता है। बैठक में उसी को मालगुजारी पर देने के लिये बैठक 14 मई दिन को आम सभा रखी गई है। जो जंगल बाजार मठिया में होगी, जिसमें जमीन की डाक लगेगी। सबसे ज्यादा जो डाक लगाएगा उसको एक साल के लिए खेत एवं बगीचा दिया जाएगा। साथ ही, जो सभी दुकानदारों को बुलाया गया है। उनकी मौजुदगी में सारी कार्रवाई पूरी की जाएगी। जिससे उन्हें लिये गए सारे निर्णय की जानकारी हो सके।

### शराब के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के मठिला गांव में पुलिस ने छापेमारी कर एक महिला तस्कर के ठिकाने से छह पीस अंग्रेजी शराब को जब्त किया है। इस मामले में मठिला गांव निवासी रविशंकर सिंह की पत्नी वंदना देवी को हिरासत में लेकर पुलिस कड़ी पूछताछ कर रही है। स्थानीय पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि उक्त ठिकाने से शराब की खरीद-बिक्री की जा रही है। जिस पर पुलिस की टीम ने वहां पर छापेमारी की।

### बक्सर डीएम ने की हीट वेव एवं बाढ़ पूर्व तैयारियों की समीक्षा, दिए निर्देश

# जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर रखें 50 ओआरएस के पैकेट : जिलाधिकारी

♦ अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश, बैठक में अनुपस्थित पदाधिकारियों से पूछा शो-कॉज

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में जिले में हीट वेब एवं बाढ़ से पूर्व तैयारियों से संबधित बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में की गई। बैठक में डीएम ने हीट वेब से बचाव व बाढ़ पूर्व सभी जरूरी तैयारियों को पूरा कर लेने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया।

इस दौरान अग्निकांड के विभिन्न घटनाओं में क्षति भुगतान की समीक्षा के क्रम में इटाढ़ी, ब्रह्मपुर, डुमरांव, नावानगर व सिमरी अंचल में भुगतान लंबित पाया गया। जिस पर डीएम ने खेद व्यक्त किया। साथ ही, संबंधित सीओ को निर्देश दिया गया कि तत्काल नियमानुसार कार्रवाई कर भुगतान कराना सुनिश्चित करेंगे।

**पियाउ के रखरखाव का भी उचित प्रबंधन करें:** जिलाधिकारी ने सभी नगर निकायों में सार्वजनिक जगहों पर पियाउ एवं वाटर एटीएम की व्यवस्था करने के साथ पियाउ के रखरखाव का भी उचित प्रबंधन कराने का निर्देश दिया। वहीं, सभी कार्यपालक पदाधिकारी को खराब चापाकलों की मरम्मति कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने प्रभारी पदाधिकारी आपदा शाखा बक्सर को लू से बचाव के लिए उपायों को आमजनों को अवगत कराने के लिए व्यापक रूप से प्रचार प्रसार कराने को कहा, ताकि आम लोग इस समझ लू से बचाव कर सकें।

जिलाधिकारी द्वारा हीट वेब को देखते हुए सभी सरकारी अस्पतालों में लू से प्रभावित व्यक्तियों के ईलाज के लिए डेडिकेटिड रूम की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया गया। सदर अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल डुमरांव एवं सभी पीएचसी पर पर्याप्त मात्रा में ओआरएस पैकेट, आईवी फ्लूड एवं जीवन रक्षक दवा इत्यादि की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, बच्चों, वृद्ध, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों पर विशेष ध्यान रखने एवं चलन्त चिकित्सा दल एवं वाहन की समुचित व्यवस्था करने को कहा गया।

**हीट वेव से बचाव को लेक करें जागरूक:** जिलाधिकारी ने आईसीडीएस की डीपीओ को निर्देश दिया कि सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर तत्काल पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे तथा स्वास्थ्य विभाग से सहयोग से आंगनबाडी केन्द्रों पर ओआरएस की व्यवस्था प्रत्येक आंगनबाडी केन्द्र पर 50 ओआरएस पैकेट उपलब्ध कराने को कहा गया। साथ ही, सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर हीट वेब से बचाव के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाने का निर्देश दिया।

#### पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता से शो-कॉज

चापाकल मरम्मती एवं नल जल योजना की समीक्षा के के दौरान यह पाया गया कि कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल बक्सर द्वारा अपने कार्यों का निष्पादन तत्परतापूर्वक नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में कार्यपालक अभियंता से स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करते हुए पेयजल की समस्या का निराकरण करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। वहीं, कंट्रोल रूम नंबर को सप्ताह के सभी दिन व 24 घंटे संचालित रखने तथा इसका प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि यह गर्मी का समय चल रहा है। इस समय लोगों को पानी की सबसे अधिक जरूरत पड़ती है। चापाकल खराब होने से गरीब तबके के लोगों को पेयजल के लिए परेशान होना पड़ेगा। वहीं, उन्होंने सदर व डुमरांव एसडीएम को चापाकल मरम्मती दल द्वारा किए गए कार्यों का अनुश्रवण करने का निर्देश दिया।

साथ ही, जिला अंतर्गत स्थापित किये गये कैटल ट्रफ की वर्तमान स्थिति से संबंधित समीक्षा के क्रम में पाया गया कि छह जगहों में से चार जगह पर कार्यरत नहीं है। जिला पशुपालन पदाधिकारी बक्सर को निर्देश दिया गया कि जिला अंतर्गत सभी कैटल ट्रफ को तत्काल क्रियाशील कराएंगे।

**बाढ़ पूर्व सभी जरूरी तैयारी पूरी करें संबंधित अंचलाधिकारी :** सभी अंचलाधिकारियों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी के साथ बैठक आयोजित कर तैयारियों की सूचना देने एवं सुझाव प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा, कार्यपालक अभियंता बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल बक्सर को तटबंधों की सुरक्षा विशेषकर संवेदनशील स्थलों जैसे उमरपुर, केशोपुर, बिहार घाट एवं ढाबी टोला पर सभी आवश्यक तैयारी ससमय करने का निर्देश दिया गया। साथ ही बाढ़ संसाधन जैसे पॉलीथीन शीटस, टेंट, महाजाल, लाईफ जैकेट की उपलब्धता की समीक्षा कर सत्यापन करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में अंचलाधिकारी चौसा एवं कार्यपालक अभियंता बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल बक्सर के अनुपस्थित रहने पर उनसे स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**केटी न्यूज/चौगाईं**



मुरार थाना क्षेत्र के ओझा बरांव गांव में करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है। घटना सोमवार की सुबह गांव के बधार की है। युवक सुबह में शौच के लिए घर से निकला था, इसी दौरान बधार में स्थित ट्रांसफार्मर से निकले तार की चपेट में गया। इसकी जानकारी मिलते ही स्वजन तथा ग्रामीण उसे लेकर चौगाईं सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पहचान स्थानीय गांव निवासी स्व. मुन्ना यादव के 35 वर्षीय राजेश यादव के रूप में हुई है। घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया था।

ग्रामीणों के अनुसार मृतक अपने पिता का इकलौता पुत्र था। वहीं अपने पीछे बूढ़ी माता, पत्नी व तीन बेटों को छोड़ गया है। उसकी मौत से परिवार पर दो वक्त की रोटी का संकट खड़ा हो गया है। वह खेती कर अपने परिवार की आजीविका चला रहा था। इस घटना ने पूरे परिवार पर संकट खड़ा कर दिया है। यही कारण है कि घटना के बाद से स्वजनों के आंसू थमने के नाम नहीं ले रहे है। वहीं, इस घटना के बाद ग्रामीणों में बिजली कंपनी के प्रति भी गहरा आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली कंपनी की लापरवाही से अक्सर ऐसी घटनाएं घटित हो रही है।

मुरार थानाध्यक्ष अमन कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## वरीय चिकित्सक डॉ. राम कुमार गुप्ता को बनाया गया बक्सर सदर अस्पताल का कार्यकारी उपाधीक्षक

♦ दिशा की बैठक में मुद्दा उठने के बाद सीएस ने निकाला पत्र, पूर्व में भी कार्यकारी डीएस रह चुके है डॉ. गुप्ता

**केटी न्यूज/बक्सर**




बक्सर सदर अस्पताल के कार्यकारी उपाधीक्षक डॉ. संजय कुमार को हटाकर उनकी जगह वरीय चिकित्सक डॉ. रामकुमार गुप्ता को बनाया गया है। सीएस डॉ. शिव कुमार प्रसाद चक्रवर्ती ने इस संबंध में पत्र जारी कर तत्काल प्रभाव से डॉ. गुप्ता को सदर अस्पताल बक्सर के कार्यकारी उपाधीक्षक का पदभार लेने का निर्देश दिया है।

बता दें कि दो मई को आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ( दिशा ) की बैठक में यह मुद्दा उठा था कि सदर अस्पताल में मनामनी तरीके से डॉ. संजय कुमार को कार्यकारी उपाधीक्षक बनाया गया है, जबकि अस्पताल में दो डॉक्टर उनसे वरीय है। इसके बाद जिलाधिकारी ने तत्काल सीएस को वरीय चिकित्सक को कार्यकारी उपाधीक्षक बनाने का निर्देश दिया था। जिसके बाद विभाग द्वारा यह निर्णय लिया गया। बता दें कि डॉ. गुप्ता की पहचान एक कर्तव्यनिष्ठ व ईमानदार डॉक्टर के रूप में रही है। वे काम के प्रति काफी सख्त भी माने जाते है। पूर्व में कार्यकारी डीएस रहते हुए उन्होंने अस्पताल की व्यवस्था में सुधार के लिए कई कठोर कदम उठाए थे। एक बार फिर से उन्हें कार्यकारी उपाधीक्षक बनाए जाने से अब यह उम्मीद लगाई जा रही है कि सदर अस्पताल की व्यवस्था में फिर से सुधार होगा।

## एमडीएम के मेन्यू में शुक्रवार को अब फिर से स्कूली बच्चों को मिलेगा अंडा

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिले के सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए अच्छी खबर है। विभाग ने मध्याह्न भोजन योजना के शुक्रवार के मेन्यू में पुनः संशोधन करते हुए बच्चों को अंडा दिए जाने को लेकर पत्र जारी किया है।

पूर्व में केन्द्रीय पशुपालन और डेयरी मंत्रालय से प्राप्त एडवाइजरी के आलोक में निदेशालय के द्वारा राज्य में बर्ड फ्लू के प्रकोप के कारण तत्काल प्रभाव से शुक्रवार के मेनू से अण्डा हटाकर उसके स्थान पर मैसमी फल सेव या केला दिये जाने का निदेश दिया गया था। वर्तमान में जारी पत्र के माध्यम से अपर निदेशक (पशु उत्पाद), पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार सरकार के द्वारा यह परामर्श प्राप्त हुआ है कि अंडा को अच्छी तरह से साफ कर पूरी तरह से पका कर खाना पूर्णतः सुरक्षित है। साथ ही, यह बताया गया है कि सामान्यतः कोई भी जीवाणु एवं विषाणु खाना बनाने वाले तापमाप (70 डिग्री) पर आसानी से नष्ट भी हो जाता है. इसको देखते हुए निर्देश जारी किया गया है।

## पुरानी रंजिश में सॉफ्टवेयर इंजीनियर से लूट, शिकायत के बाद घर पर फायरिंग

**केटी न्यूज/बक्सर**

औद्योगिक थाना क्षेत्र के पड़री गांव में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर से 80 हजार रुपये की लूट की गई। जब पीड़ित ने थाने में शिकायत की तो उसके घर पर तीन राउंड फायरिंग भी की गई। मामले में पीड़ित खाली खोखे के साथ थाने पहुंचा।

पुलिस को दिए आवेदन में सॉफ्टवेयर इंजीनियर रवि कुमार ने बताया है कि तीन मई की रात कुशवाहा भवन में चंदा देने जा रहे थे। तभी गांव के नरेश यादव, राहुल यादव व रोहित यादव ने उन्हें रास्ते में घेर लिया। नरेश ने कट्टा व राहुल ने छुरा दिखाया। इस बीच रोहित ने उनकी जेब से 80 हजार रुपये निकाल लिए।

पीड़ित के विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। साथ ही, पुलिस के पास या कोर्ट में जाने पर परिवार की हत्या की चेतावनी दी। शिकायत करने पर आरोपियों ने उसके घर पर आकर तीन राउंड फायरिंग की। उसने बताया कि उनका आरोपियों के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा है।

एसपी शुभम आर्य ने बताया कि पीड़ित ने थाने में शिकायत के साथ कुछ खाली कारतूस भी दिए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद से जुड़े मामलों के निपटारे के लिए हर शनिवार थाना स्तर पर बैठक होती है, जहां लोग अपने विवाद सुलझाने का प्रयास कर सकते हैं।

### कांग्रेस के जन आक्रोश चौपाल में पार्टी पर्यवेक्षक ने की कार्यकर्ताओं की सराहना, बोले...

# कार्यकर्ता ईमानदारी से कर रहे हैं अपना काम

**केटी न्यूज/बक्सर**



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार बक्सर जिले के राजपुर और चौसा प्रखंड में सोमवार को जन आक्रोश चौपाल एवं घर-घर झंडा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राजपुर विधानसभा अंतर्गत मगरांव पंचायत में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकताओं और आम जनता की भागीदारी रही।

इसमें मुख्य अतिथि कांग्रेस के पर्यवेक्षक मनीष पटेल मौजूद रहे। उन्होंने बक्सर जिले में पार्टी कार्यक्रमों के सफल आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि जिले में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदेश और राष्ट्रीय नेतृत्व के दिशा-निदेर्शों पर ईमानदारी से काम कर रहे हैं, जो सराहनीय है।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे निलंबित जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डा. मनोज पांडे ने कहा कि कांग्रेस का दरवाजा आम जनता की समस्याओं के लिए हमेशा खुला रहा है और आगे भी खुला रहेगा। उन्होंने जन आक्रोश चौपाल के माध्यम से राजपुर और बक्सर क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को चिन्हित कर उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों से बात करने की बात कही।

डा. पांडेय ने यह भी कहा कि इस प्रकार के चौपाल सभी प्रखंडों और पंचायतों में आयोजित किए जाएंगे, जिससे कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने राहुल गांधी की दूरदर्शी सोच और नीतियों को जिले में लागू करने का संकल्प दोहराया।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि डा.प्रमोद कुमार ओझा ने कहा कि कांग्रेस का यह अभियान आने वाले दिनों में बक्सर जिले के लिए एक मिसाल बनेगा और जनता की समस्याओं के समाधान में मील का पत्थर साबित होगा।

कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संजय कुमार पांडे, संजय कुमार दुबे, प्रखंड अध्यक्ष राजा रमन पांडे, वीरेंद्र राम, जितेंद्र राम, महेंद्र राम, लालजी राम, हरिंदर राम, कमलेश राम, महिमा शंकर उपाध्याय, रविंद्र कुमार राय, अजय कुमार यादव, रंजीत गिरी और जितेंद्र गोस्वामी सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने कांग्रेस की विचारधारा को घर-घर पहुंचाने का संकल्प लिया।

## एक नजर

### बच्चों के विवाद में मारपीट, छह पर प्राथमिकी

**बक्सर।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत पांडेयपट्टी स्थित एफसीआई गोदाम के समीप रविवार को बच्चों के मामूली विवाद ने अचानक उग्र रूप ले लिया। खेल के दौरान कहासुनी के बीच परिजन मौके पर पहुंच गए। इसके कारण विवाद बढ़ता गया। महौल इतना गर्म हो गया कि विवाद मारपीट तक पहुंच गया। इस दौरान एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के बच्चे पर हमला कर दिया। हमले में अभिनन्दन नामक बच्चे का सिर फट गया। घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। पीड़ित के पिता अमर सिंह ने बताया कि उनका बेटा एफसीआई गोदाम रोड के पास अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था तभी कहासुनी शुरू हुई। शोर सुनकर परिजन पहुंचे और बात हाथापाई तक पहुंच गई। अमर सिंह ने मुफस्सिल थाना में सरल राजभर के पुत्र नगेंद्र राजभर समेत छह लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि बच्चों के विवाद में मारपीट का मामला सामने आया है और पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

### धनसोई में ज्वेलरी शॉप से 3.5 लाख की चोरी, सीसीटीवी में कैद हुए चार नकाबपोश चोर



**बक्सर।** जिले के धनसोई थाना क्षेत्र अंतर्गत बत्री बाजार स्थित एक ज्वेलरी दुकान में शनिवार और रविवार की दरम्यानी रात चोरों ने शटर तोड़कर चोरी को बड़ी घटना को अंजाम दिया। इस घटना में चोरों ने दुकान से करीब 2.5 किलो चांदी और 20 ग्राम सोने के गहने चुराए, जिसकी कुल कीमत लगभग 3.50 लाख रुपये आंकी गई है। जानकारी के अनुसार सीतापुर गांव निवासी गुड्डू सेठ बत्री बाजार में 'भुवनेश्वर ज्वेलर्स' नामक गहनों की दुकान चलाते हैं। शनिवार शाम दुकान बंद कर वे अपने गांव लौट गए थे। रविवार सुबह जब वे एक ग्राहक को गहने देने दुकान पहुंचे तो देखा कि दुकान का शटर टूटा हुआ था और अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने तिजोरी को भी तोड़ दिया था जिसमें गहने रखे गए थे। चोरी की घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में एक नकाबपोश चोर हाथ में कटर लेकर दुकान में घुसता और चोरी करता नजर आ रहा है। वहीं स्थानीय लोगों के अनुसार आसपास की दुकानों में लगे कैमरों में चार चोर दिखाई दे रहे हैं, जो सभी मास्क पहने हुए थे। बताया जा रहा है कि इस दुकान में यह तीसरी बार चोरी की घटना है, जिससे व्यापारी वर्ग में दहशत और नाराजगी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### मौसम ने ली करवट: जिले में अचानक हुई बारिश, गर्मी से मिली निजात पर बढ़ेगी गर्मी

**बक्सर।** जिले में सोमवार की दोपहर मौसम अचानक बदल गया था। इस दौरान दोपहर में आसमान में बादल छा गए। इस दौरान जिले के कई हिस्सों में बिजली गिरने के साथ ही हल्की बारिश हुई है। हालांकि, बिजली गिरने से कोई इसके चपेट में नहीं आया। जिस कारण किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है। वहीं, बारिश भी इतनी अधिक नहीं हुई जिसका कुछ असर पड़े। हालांकि, इस मौसम में जहां तेज धूप होनी चाहिए व लू चलना चाहिए वहां बारिश होने से लोग हैरान थे, लेकिन इस बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से निजात दिला दी। बारिश के दौरान ठंडी हवा चलने से लोगों ने राहत महसूस की। वहीं, किसानों का कहना है कि बारिश इतनी अधिक नहीं हुई है, जिसका कुछ असर खेती पर पड़ सकता है। हालांकि, अधिक बारिश होने पर गरमा फसल व सब्जी की फसलों को नुकसान पहुंचेगा।



# चुनाव से पूर्व आपकी समस्याओं को देखना व समझना चाहता हूं: रवि उज्ज्वल

♦ यात्रा में छाया रहा स्टाम्प पेपर पर एग्रीमेंट का मुद्दा

**केटी न्यूज/डुमरांव**

जदयू के पूर्व विधान सभा प्रभारी रवि उज्जवल कुशवाहा का जनता एग्रीमेंट पद यात्रा का दूसरा चरण सोमवार को नावानगर के विभिन्न प्रचायतों में शुरू हुआ। इस दौरान गांव में रूक ग्रामीणों से एग्रीमेंट की सीधी बात की गई।



स्टांप पेपर पर एग्रीमेंट कराने की बात को लेकर लोगों में काफी उत्साह था, सभी इसकी सराहना कर रहे थे। सोमवार से शुरू जनता एग्रीमेंट यात्रा नावानगर प्रखंड के सिकरौल पंचायत से दूसरे चरण की शुरूआत की गई। इस दौरान सिकरौल, बाबूगंज इंग्लिश, बेलाव व अतमि पंचायत का पद यात्रा किया किया गया। इस दौरान लोगों की भीड़ उमड़ी रही, सभी आश्चर्य कर रहे थे कि लोग इसका कितना लोग समर्थन कर रहे हैं।

पदयात्रा के दौरान एग्रीमेन्ट कर रवि उज्जवल ने लोगों से कहा कि मैं 2025 विधानसभा चुनाव में डुमरांव से आपके आशीर्वाद लेकर चुनाव में जाना चाह रहा हूं, लेकिन उसके पूर्व मैं आपकी समस्याओं को समझना औद देखना चाहता हूं। हम झुठा वादा नहीं करेंगे की हम आपकी समस्या को खत्म कर देंगे, लेकिन लिखित एग्रीमेन्ट स्टाम्प पर कर जो समस्या है, उसे खत्म करने की बात करेंगे और लिख कर देंगे। उसका निदान जरूर निकालेगा यदि चार साल छह माह के अंदर आपकी समस्याओं का निदान नहीं किया तो इस एग्रीमेन्ट स्टाम्प के माध्यम से आप हमपर कानूनी कारवाई कर सकते हैं।

रवि उज्जवल ने लोगों से निवेदन किया कि लिखित एग्रीमेन्ट स्टाम्प पर जो नेता दें उसकी बात सुनें और जो एग्रीमेन्ट देने से कतराये उसका विरोध करें चाहे वे जो भी पार्टी का हो। लोगों ने एग्रीमेन्ट की बात को बहुत तारीफ की पद यात्रा का जन समर्थन बहुत जोरदार रूप में मिल रहा है। पदयात्रा मे साथ नावानगर प्रखंड जदयू पूर्व अध्यक्ष सरदार कुशवाहा, नावानगर जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह बिस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सत्यानंद कुशवाहा, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष जदयू डुमराव बीरेन्द्र कुशवाहा, रालोमो डुमरॉव प्रखंड अध्यक्ष सह बिस सूत्री सदस्य रवि मोर्या, राजन कुशवाहा, गुरूदेव कुशवाहा, विजय बहादुर सिंह, श्री निवास सिंह,मिथिलेश कुशवाहा, संजय टाईगर, जगजीवन राम, दिपू कुमार, प्रिंस, बिट्टू कुमार, सुशील कुशवाहा, गौतम मौर्य इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## उदासीनताः जर्जर हुआ डुमरांव का स्टेशन रोड, हादसे की बनी हुई है आशंका

# आश्वासन के बाद भी बेफिक्र बना एनएचएआई, लोगों को हो रही परेशानी

♦ लजीज बेकरी से इंडेन गैस गोदाम के आगे तक गड्ढों में तब्दील हो चुकी है सड़क
♦ अब तक काम शुरू नहीं होने से लोगों में आक्रोश

**केटी न्यूज/डुमरांव**





डुमरांव का स्टेशन रोड जर्जर हो गया है, जिससे स्थानीय निवासियों और यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है। सड़क की खराब स्थिति के कारण वाहन चालकों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वही हर समय दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि सड़क की मरम्मत के लिए कई बार एनएचएआई से शिकायत की गई है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। हालांकि, एनएचएआई के अधिकारियों ने पिछले दिनों डुमरांव पहुंच सड़क का निरीक्षण करने के साथ ही यह आश्वाशन दिया था कि जल्दी ही शहरी क्षेत्र में जर्जर हो चुकी इस पथ का मरम्मत करवाई जाएगी, लेकिन अभी तक मरम्मत नहीं कराया गया। बता दे कि इसी वर्ष जनवरी महीने में एनएचएआई के सहायक अभियंता और कनीय अभियंता डुमरांव आए थे, इसी दौरान सड़क मरम्मत का आश्वासन मिला था।

लोगों ने एनएचएआई से मांग की है कि सड़क की मरम्मत जल्द से जल्द कराई जाए। एनएचएआई के अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि सड़क की मरम्मत के लिए जल्द ही काम शुरू होगा। अधिकारियों ने बताया कि सड़क की मरम्मत के लिए टेंडर प्रक्रिया चल रही है और जल्द ही काम शुरू हो जाएगा।

लेकिन, एनएचएआई के आश्वासन के बावजूद, स्थानीय निवासी अभी भी सड़क की खराब स्थिति से परेशान हैं। लोगों का कहना है कि जब तक सड़क की मरम्मत नहीं होती है, तब तक उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ेगा। स्थानीय निवासियों ने एनएचएआई से मांग की है कि सड़क की मरम्मत के लिए जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए। लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर सड़क की मरम्मत नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

बता दें कि स्टेशन रोड में लजीज बेकरी के समीप से इंडेन गैस गोदाम से आगे तक यह सड़क काफी जर्जर हो गई है तथा जगह जगह गड्ढे उभर आए हैं, जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा, वहीं हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। वहीं, लोगों का कहना है कि इस पथ पर आए दिन दुर्घटना हो रही है। सबसे खराब स्थित लजीज बेकरी के सामने उभरे गड्ढे से हो रही है। यहां पूरी सड़क गड्ढें में तब्दील हो गई है तथा उसमें जलजमाव होने से गड्ढों का अंदाजा नहीं मिल पा रहा है। जिस कारण अक्सर वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो जा रहे है। जिस कारण लोगों में व्यवस्था के प्रति गहरा आक्रोश है।

## समहुता गांव में होगा जिला स्तरीय नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट



**राजपुर।** स्थानीय प्रखंड के समहुता गांव में आगामी 24 तारीख, दिन शनिवार को जिला स्तरीय नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस टूनार्मेंट में कुल आठ जिलों की टीमों भाग ले रही है। आयोजन को लेकर स्थानीय ग्रामीणों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्य श्रवण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रतियोगिता पिछले कई वर्षों से लगातार आयोजित की जा रही है और इस बार भी इसकी तैयारी जोरों पर है। आयोजन समिति के सभी सदस्य इस कार्यक्रम को सफल बनाने में दिन-रात जुटे हुए हैं। इस टूनार्मेंट के विजेता को ट्रॉफी के साथ 40,000 रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा, वहीं उपविजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 15,000 रुपये नगद राशि प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता का आयोजन न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच देने का कार्य करेगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल भी उत्पन्न करेगा।

## एक नजर

### नावानगर में 29 लाभुकों के बीच किया गया बासगीत पर्चा का वितरण



**नावानगर।** सोमवार को प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में एक समारोह आयोजित कर 29 भूमिहीन परिवारों के बीच बासगीत पर्चा का वितरण किया गया। बासगीत पर्चा का वितरण एसडीएम राकेश कुमार ने किया। इस दौरान एसडीएम ने बताया कि अभियान बसेरा टू के तहत भूमिहीनों को आवासीय भूमि के लिए परचा दिया गया है। पिछले कई महीनो से सरकार के निर्देश के आलोक में राजस्व कर्मी गांव-गांव पहुंचकर भूमिहीनों का सर्वेक्षण कर रहे हैं। अभियान बसेरा टू सरकार की सबसे बड़ी महत्वाकांक्षी योजना है। इसके तहत किसी भी पंचायत में जो भी भूमिहीन गरीब व्यक्ति हैं, उन्हें हर हाल में सर्वेक्षण के बाद योग्य पाए जाने पर पांच डिसमिल जमीन मुहैया कराना है। इधर सीओ रानी कुमारी ने बताया कि अंचल अंतर्गत सात पंचायत बेलांव, आथर , परमानपुर, रूपसागर, कड़सर, बाबूगंज इंग्लिश व बेलहरी पंचायत के भूमिहीन परिवारों को आवास निर्माण के लिए पर्चा निर्गत किया गया। पर्चा वितरण के दौरान डीसीएलआर, बीडीओ मनोज कुमार समेत अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी थे। अभियान बसेरा टू के तहत सात पंचायत के 29 भूमिहीनों को बासगीत पर्चा वितरण किया गया। पर्चा प्राप्त करने वाले भूमिहीन परिवार में बेलांव पंचायत के निर्मल राम, कोमल राम, कुश राम , आथर पंचायत की सीता देवी, रीता देवी, जितेंद्र राय, परमानपुर पंचायत से शांति देवी, रूबी देवी, अनीता देवी, बसंती देवी, मानकिया देवी, विमला देवी समेत दस परिवार को पर्चा मिला। वही रूपसागर के मीणा देवी, लीलावती देवी, परमेश्वरी देवी, कड़सर की सुमित्रा देवी, बाबूगंज इंग्लिश की किरण देवी, देवती देवी, तथा बेलहरी पंचायत की मालती देवी, कविता देवी, सविता देवी व अंजू देवी ने अभियान बसेरा टू के तहत पर्चा प्राप्त किया।

### पुराना भोजपुर के वार्ड-चार के सामुदायिक भवन में आयोजित हुआ जन संवाद कार्यक्रम

**डुमरांव।** नगर विकास एवं आवास विभाग के निर्देश पर नगर परिषद के विस्तारित क्षेत्र स्थित पुराना भोजपुर के वार्ड संख्या चार स्थित सामुदायिक भवन में नगर जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जन संवाद के मुख्य नोडल पदाधिकारी अविनाश त्रिपाठी एवं सिटी प्रबंधक स्तुति सिन्हा एवं मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सुमित कुमार गुप्ता मौजूद रहे। संवाद कार्यक्रम के दौरान काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी, सभी ने अपने वार्ड की कमियों को उजागर किया। उनकी तरप ऊ से अधिकांश शिकायत आवास सुविधा और शौचालय पर रहा। इनका कहना था कि बहुत से गरीब परिवार हैं, जो झोपड़ी में रहकर गुजारा करते हैं। कुछ ऐसे हैं, जिनके पास जमीन नहीं रोड किनारे या सरकारी जमीन पर किसी तरह जिंदगी काट रहे हैं। जिसके पास जमीन हैं, उन्हें आवास बनाने की सुविधा मुहैया कराया जाए और जिसके पास जमीन नहीं है, उन्हें आवास बनाकर दिया जाए। फिर इनका कहना था कि शौचाल नहीं होने के कारण खुले आसमान के नीचे बैठना पड़ता है। शीघ्र सार्वजनिक शौचालय बनाकर दिया जाए और जिसके पास जमीन है, उन्हें बनाने के लिये योजना का लाभ दिया जाए। महिलाओं की इस तरह से आवाज बुलंद करना अधिकारियों व चेयरमैन को काफी प्रभावित किया। सारी शिकायतों को कलमबंद कर उनकी शिकायत दूर करने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम के दौरान वार्ड संख्या चार के लोगों के समक्ष वार्ड में कराई गई विभिन्न योजना एवं आगामी योजना के संदर्भ में भी जानकारी दी गई।

## श्रीकृष्ण जन्म लीला की प्रस्तुति में कलाकारों ने मोहा भक्तों का मन



**केटी न्यूज/केसठ**

स्थानीय मां काली मंदिर के प्रांगण में चल रहे शत चंडी महायज्ञ एवं मां काली प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पांचवे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। वृंदावन से पधारीं भागवताचार्य दीदी राधिका ने अपनी मधुर वाणी में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

उन्होंने कंस के अत्याचार, वासुदेव-देवकी की कैद और आधी रात में जन्मे नंदलाल की कथा को ऐसा जीवंत रूप दिया कि पंडाल तालियों और जयकारों से गूंज उठा। कथा के उपरांत वृंदावन से आए कलाकारों ने कृष्ण जन्म की लीला का मंचन कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। भक्तिपूर्ण संगीत के बीच भगवान श्रीकृष्ण का जन्म दृश्य ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो स्वयं मथुरा की जेल में घटित हो रहा हो। श्रद्धालुओं ने दीप जलाकर आरती की और इस दिव्य क्षण को अपने हृदय में संजो लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और इस आध्यात्मिक आयोजन का भरपूर आनंद लिया।

## अनुमंडलीय अस्पताल का अल्ट्रासाउंड बिना सूचना बंद, लाभुक महिलाएं हुई परेशान

**केटी न्यूज/डुमरांव**




सोमवार को बिना सूचना के अनुमंडलीय अस्पताल का अल्ट्रासाउंड कक्ष बंद रहा। इस कारण गर्भवती महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। महिलाएं घंटों इंतजार के बाद अपने घर वापस लौटी। वहीं, दूसरी तरफ रोगी कल्याण समिति सदस्य अजय राय की सूचना पर डीएस डॉ. गिरिश सिंह ने इस लापरवाही पर संबंधित चिकित्सक को फटकार लगाई। वहीं, करीब एक घंटो बाद अल्ट्रा साउंड कक्ष के बाहर उसे बंद होने का नोटिस चस्पाया गया।

जानकारी के अनुसार संबंधित चिकित्सक के समीक्षात्मक बैठक और स्टाफ नर्स ग्रेड ए के ईसीजी प्रशिक्षण में चले जाने के कारण आज सेवा बाधित थी, लेकिन प्रबंधन द्वारा इसकी सूचना नहीं दी गई थी। जिस कारण अल्ट्रा साउंड कराने आने वाली महिलाओं को भारी फजीहत का सामना करना पड़ा।

उपाधीक्षक डॉ. गिरीश कुमार सिंह ने इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए बताया कि अल्ट्रासाउंड कक्ष संचालित करने वाले चिकित्सक को कड़ी फटकार लगाई गई है। भविष्य में यदि अल्ट्रासाउंड सेवा बंद रहनी हो, तो इसकी पूर्व सूचना देना अनिवार्य है। बिना सूचना के गर्भवती महिलाओं को इंतजार कराना बेहद निंदनीय है और आगे ऐसी स्थिति में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, रोगी कल्याण समिति के सदस्यों ने मांग की है कि चूंकि इस कक्ष में मुख्य रूप से गर्भवती महिलाओं का ही अल्ट्रासाउंड होता है, इसलिए सेवा बंद रहने की जानकारी एक दिन पूर्व ही सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से सार्वजनिक की जानी चाहिए।

## हादसे में जख्मी किशोर की इलाज के दौरान मौत, मचा कोहराम

**डुमरांव।** भोजपुर सिमरी पथ स्थित मंझवारी मोड़ के समीप सड़क हादसे में एक बाइक सवार किशोर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि किशोर सड़क पर दूर जा गिरा और बेहोश हो गया। यह इलाका नया भोजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है।



हादसे के बाद मौके पर पहुंचे पुराना भोजपुर गांव के ग्रामीणों में मंटू चौधरी और राहुल ठाकुर ने तत्काल जख्मी किशोर को एक ई-रिक्शा पर लादकर पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे रेफर कर दिया गया। वहीं, लोगों की सूचना पर पहुंची नया भोजपुर पुलिस ने तत्काल किशोर को वहां से अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पहचान नया भोजपुर निवासी महफूज हुसैन (उम्र 16 वर्ष), पिता नसीम अंसारी के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और अज्ञात वाहन की तलाश जारी है। प्रभारी थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना की सूचना मिली थी। जख्मी को पुलिस की सहायता से अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।






## क्राइम मीटिंग के दौरान डुमरांव एसडीपीओ ने थानाध्यक्षों को दिया कई तरह के दिशा-निर्देश

# शराब तस्करी रोकने के लिए जीरो टॉलरेंस नीति के तहत 24 घंटे रहें अलर्टः एसडीपीओ

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी के नेतृत्व में अनुमंडल मुख्यालय के सभागार में सभी थानाध्यक्षों के साथ क्राइम मीटिंग संपन्न हुई।



क्राइम मीटिंग मे एसडीपीओ ने सभी थानाध्यक्षों के कार्यों की बारी-बारी से समीक्षा की तथा लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन का सख्त निर्देश दिया। डीएसपी ने शराब तस्करी के जीरो टॉलरेंस नीति के तहत 24 घंटे अलर्ट रहने को कहा। उन्होंने कहा कि शराब तस्करी रोकने के लिए पुलिस को गश्ती अभियान तेज करना होगा तथा फरार अपराधियों तथा वारंटियों को गिरफ्तार करने के लिए सख्त निर्देश भी दिया। वहीं क्राइम कंट्रोल करने के लिए दिवा गश्ती के साथ ही रात्रि गश्ती को बढ़ाने तथा पुलिस-पब्लिक मैत्री को मजबूत करने पर बल दिया।

**अपराध नियंत्रण के लिए पब्लिक का सहयोग जरूरी :** एसडीपीओ ने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए जरूरी है कि पब्लिक का सहयोग मिले यह तभी संभव है जब पुलिस-पब्लिक मैत्री को मजबूत किया जायेगा। वही जिन थानों में कांड लंबित थे वहां के थानाध्यक्ष को फटकार लगाते हुए निर्धारित अवधि में कांडो का अनुसंधान पूरा करने की बात कही। इस बैठक में अपराध नियंत्रण के साथ ही फरार अपराधियों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी सहित कई बिषयों पर चर्चा की गई। साथ ही सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया गया कि इलाके में शराबबंदी कानून का हर हालत में पालन करना नितांत आवश्यक है। डीएसपी ने कहा कि अनुमंडल के विभिन्न थाना इलाको में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जायेगा, ताकि नियम व कानून को ताक पर रखकर बाइक चलाने की प्रकिया पर रोक लगे। मौके पर डुमरांव थानाध्यक्ष शंभू भगत, कोरानसराय प्रभारी थानाध्यक्ष स्वाति कुमारी, नया भोजपुर थानाध्यक्ष मनीष कुमार सहित अनुमंडल के सभी थानाध्यक्ष उपस्थित थे।

आरा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नेता प्रतिपक्ष से मंत्री ने पूछे सवाल...

# बिहार में मुस्लिमों को क्यों नहीं बनाते मुख्यमंत्री : श्रम मंत्री संतोष

केटी न्यूज/आरा

बिहार के 14 करोड़ लोग अब जागरूक हो चुकी है। तेजस्वी यादव को लगता है कि अब मेरा तो समय ही खत्म हो रहा है। इनको किसी जाति से मतलब नहीं है। अगर हिम्मत है तो 17 सालों के राज्य में किसी मुसलमान को मुख्यमंत्री बना देते। लेकिन मुख्यमंत्री जब भी बनेंगे तो तेजस्वी यादव ही बनेंगे। राजद एक परिवार की पार्टी है, दूसरे परिवार का पार्टी नहीं है। इनको किसी जाति से मतलब नहीं है सिर्फ राजनीति से मतलब है।'

बिहार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने जाति जनगणना पर ये बातें कहते हुए तेजस्वी यादव पर निशाना साधा। संतोष सिंह ने कहा कि बिहार के 14 करोड लोग अब जागरूक हो गए हैं। टीवी चैनलों के माध्यम से सभी को पता है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नेतृत्व में कैबिनेट ने डिसीजन लिया और जातीय जनगणना का शुरूआत किया। शुरू से उनका प्रयास रहा है कि सबका साथ, सबका विकास के साथ सभी को सहायता मिल सके। अंतिम पंक्ति वाले लोग छूट गए हैं, उनका विकास नहीं हुआ होगा। वैसे लोग बाहर आएंगे और उनको हम लोग सहायता कर मुख्यधारा में लाने का काम करेंगे, इसलिए जाति जनगणना हमारी सरकार करा रही है। पहलगाम हमले पर मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कहा कि गोली का जवाब गोली से मिलेगा। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह ने कह दिया है कि जितना कल्पना भी नहीं होगा पाकिस्तान का, जो प्रत्यक्ष रूप से पाकिस्तान आतंकवादियों को भेज रहा है।



महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर 9 मई को होने वाले पटना के बापू सभागार में राणा-भामा सम्मेलन को भव्य बनाने को लेकर भाजपा के नेता एवं मंत्री जोर शोर से लगे हुए हैं। आज सोमवार को कार्यक्रम को लेकर बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह आरा में जनसंपर्क यात्रा के दौरान लोगों को आमंत्रित किया। इस दौरान भाजपा नेता गुड्डु सिंह बबुआन, पूर्व विधायक संजय सिंह टाइगर,वरिष्ठ नेता संजय सिंह, दिनेश यादव समेत अन्य भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट, कई लोग जख्मी

**आरा।** पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। घटना में छह लोग घायल हो गए। तीन का इलाज आरा सदर अस्पताल में चल रहा है। तीन अन्य निजी क्लीनिक में भर्ती हैं। घटना आयर थाना क्षेत्र के अहीरपूर्वा गांव की है। बताया जा रहा है कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को फोन कर घर बुलाया। कहा गया कि पुराने झगड़े का समझौता करना है। बातचीत के दौरान कहासुनी हुई। देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। घायलों में प्रिंस कुमार, मुन्ना कुमार, कामेश्वर सिंह शामिल हैं। इन तीनों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। वहीं, दूसरे पक्ष से रविंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, अशोक कुमार, प्रेम कुमार और विकास कुमार घायल हुए हैं। ये फतेहपुर थाना क्षेत्र के सिकर जाता गांव के रहने वाले हैं। वहीं इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

# आरा स्टेशन के पहले मोबाइल छीनने के क्रम में युवती को बदमाशों ने दिया धक्का

- सासाराम-आरा पैसेंजर ट्रेन की है वारदात
- घटना में युवती गंभीर रूप से जख्मी

केटी न्यूज/आरा



सासाराम-आरा पैसेंजर ट्रेन से मोबाइल छीनने के दौरान एक 20 वर्षीय लड़की को बदमाशों ने धक्का देकर चलती ट्रेन से नीचे फेंक दिया। इस घटना में लड़की बुरी तरह जख्मी हो गई। उसके सिर पर गंभीर चोट लगी है। घटना के बाद उस क्विक रिस्पांस टीम (डायल 112) की मदद से जख्मी लड़की को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज चल रहा है।

घटना सामने आने के बाद से ही रेलवे के अधिकारी एक्शन में दिख रहे है और अधिकारियों ने जख्मी लड़की से मिलकर पूरी घटना की जानकारी ली है। दरअसल पूरा मामला आरा रेलवे स्टेशन के पास की है। जब सुबह सासाराम से चलकर पटना पहुंचने वाली ट्रेन आरा स्टेशन पहुंच रही थी, उसी दौरान स्टेशन से पहले पश्चिमी ओवर ब्रिज के पास चलती ट्रेन से लड़की को फेंक दिया गया। जख्मी लड़की पीरो थाना क्षेत्र अंतर्गत फतेहपुर के निवासी कामेश्वर सिंह की 20 वर्षीय लड़की तनु कुमारी है। तनु अपना दवा लेने के लिए पीरो स्टेशन से आरा आने के लिए ट्रेन में चढ़ी थी। लेकिन आरा पहुंचने से कुछ देर पहले ही उसके साथ बदमाशों ने मोबाइल छीनने का प्रयास किया और ट्रेन से नीचे फेंक दिया। फिर मोबाइल लेकर भाग गए।

वहीं घटना को लेकर तनु के भाई शशि रंजन कुमार ने बताया कि आरा होमियोपैथी की दवा लेने के लिए तनु आरा आ रही थी, उसी दौरान पश्चिमी ओवर ब्रिज के पास एक बदमाश ट्रेन में था और उसका साथी ट्रेन के नीचे था। तभी ट्रेन में रहे बदमाश ने लड़की से मोबाइल छीनने का प्रयास किया। जब मोबाइल नहीं छीन पाया तो उसने चलती ट्रेन से उसे धक्का दे दिया। वहीं ट्रेन से नीचे गिरने के बाद उस बदमाश का दूसरा साथी नीचे से मोबाइल हाथ से छीनकर मोबाइल लेकर भाग गया। वहीं घटना के बाद डायल 112 टीम की मदद से उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

# पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत जिले में शुरू हुआ जागरूकता अभियान

- पहली बार एक लाख रुपये तक का ऋण भी किया जा रहा है प्रदान

केटी न्यूज/आरा



जगदीशपुर के नयका टोला में उद्योग विभाग और जन विकास क्रांति के संयुक्त तत्वावधान में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्थानीय कारीगरों की भागीदारी उत्साहजनक रही। उद्योग महाप्रबंधक मधु कुमारी ने कहा कि आज के समय में कारीगरों को अपने हुनर को बाजार की मांग के अनुरूप अपग्रेड करना अत्यंत आवश्यक है।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना इसी दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। योजना के तहत पंजीकृत कारीगरों को प्रमाण पत्र, 15 हजार तक के आधुनिक उपकरण-मशीन की सहायता और प्रथम बार एक लाख रुपये तक का ऋण भी प्रदान किया जा रहा है । पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत आवेदनकर्ता को पहले ट्रेनिंग प्रदान की जाती है। ये ट्रेनिंग लगभग 15 दिनों की होती है। ट्रेनिंग के दौरान व्यक्ति को 500 रुपये स्टाइपेंड के रूप में दिए जाते हैं। वहीं ट्रेनिंग पूरी होते ही आप एक लाख रुपये तक के लोन के लिए अप्लाई कर सकते हैं। जन विकास क्रांति के महासचिव डॉ. हिमराज सिंह ने कहा कि नाबार्ड के सहयोग से जन विकास क्रांति की ओर स भोजपुरिया क्राफ्ट प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का गठन किया गया है। इसका उद्देश्य स्थानीय स्तर पर गैर कृषि क्षेत्र में कार्यरत कारीगरों की आय में वृद्धि करना है। कारीगर इस कंपनी से जुड़कर अपने उत्पादों को आधुनिक बाजार की मांग के अनुरूप तैयार कर सीधे बाजार में बेच सकते हैं। मौके पर उद्योग विभाग के अखिलेश कुमार, कुमारी स्नेहा सिंह, विकास चौधरी, रामबचन सिंह, बक्शी विमलेश, मो. जावेद, धनजी सिंह, अभिषेक कुमार गंगा राम सहित कई थे।

## आगजनी व तोड़फोड़ के आरोप में 13 पर प्राथमिकी दर्ज

**सहार।** स्थानीय पुलिस ने आगजनी और तोड़फोड़ के मामले में तीन नामजद सहित 13 पर मामला दर्ज किया है। रविवार को हुए सड़क हादसे में सड़क पार कर रहे एक युवक की मौत के बाद गुस्साये ग्रामीणों ने चेकपोस्ट पर बवाल काटा था। इसमें उपद्रवियों ने चेकपोस्ट पर लगे ड्रम सहित चौकी को आग लगा हंगामा किया था। बीच चौराहे पर हंगामे के बाद पुलिस चौकी पर कुछ देर के लिए अफरातफरी कायम हो गई थी। वहीं उग्र हंगामा होते देख चेकपोस्ट पर तैनात पुलिस बल को भी जान बचा के भागना पड़ा था। ऐसे में सोमवार को पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि तीन को नामजद करते हुए कुल 13 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

सामाजिक न्याय परिचर्चा: कार्यकताओं को चुनावी रणनीति का प्रशिक्षण

# सामाजिक न्याय, बंधुत्व, धर्मनिरपेक्षता और समाजवादी विचारधारा को दें मजबूती : विरेंद्र

केटी न्यूज/आरा



भोजपुर जिले के संदेश विधानसभा क्षेत्र में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) द्वारा आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों के मद्देनजर कार्यकताओं के प्रशिक्षण हेतु सामाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद भोजपुर के जिलाध्यक्ष वीरबल यादव ने की।

मुख्य वक्ता के रूप में बिहार विधानसभा में लोक लेखा समिति के सभापति एवं मनेर विधायक भाई वीरेंद्र, मखदुमपुर विधायक सतीश दास, वरिष्ठ नेता फूल हसन अंसारी, युवा राजद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार महतो और निवास रजक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राजद कार्यकताओं को चुनावी रणनीति, संगठनात्मक ढांचे की मजबूती और आगामी विधानसभा चुनाव के लिए तैयार करना था। वक्ताओं ने कार्यकताओं को पार्टी की विचारधारा, जनसंपर्क और चुनावी प्रबंधन के विविध पहलुओं पर दिशा-निर्देश दिए। मनेर विधायक भाई वीरेंद्र ने सामाजिक न्याय, बंधुत्व, धर्मनिरपेक्षता और समाजवादी विचारधारा को मजबूती देने की बात कही। उन्होंने कहा कि राजद का उद्देश्य बिहार की परंपरा, संस्कृति और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करना है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे सामाजिक न्याय की भावना को जन-जन तक पहुंचाएं। मखदुमपुर विधायक सतीश दास ने चुनाव अभियान को प्रभावी बनाने और विपक्षी दलों की जनविरोधी नीतियों को उजागर करने की रणनीति पर बल दिया। साथ ही उन्होंने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के संविधान की रक्षा करने का संकल्प दोहराया। राजद के वरिष्ठ नेता फूल हसन अंसारी ने कार्यकताओं को पार्टी शासनकाल के दौरान किए गए विकास कार्यों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक कल्याण योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाने का निर्देश दिया। युवा राजद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार महतो ने मतदाता सूची के सत्यापन, बीएलए-1 और बीएलए-2 की भूमिका, तथा पंचायत स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने की बात कही। उन्होंने मतदान केंद्रों और मतगणना केंद्रों पर कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी को आवश्यक बताया।






## मुख्यमंत्री नीतीश के आवास पर जेडीयू की अहम बैठक, सभी दिग्गज नेता रहे मौजूद

# सीएम आवास पर अचानक जेडीयू वरिष्ठ नेताओं की बैठक, बढ़ी सरगर्मी

♦ बैठक में पार्टी संगठन को लेकर चर्चा हुई, आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा और अन्य सहयोगी दलों के साथ सीट बंटवारे और चुनाव अभियान की रणनीति पर चर्चा हो हुई, इससे राजनीतिक गलियारे में हलचल मच गया

**केटी न्यूज/पटना**

विधानसभा चुनाव में अब कुछ ही समय बचा है। ऐसे में ये बैठक काफी अहम हो सकती है। बिहार सरकार के वरिष्ठ मंत्री और विधायक मौजूद हैं। सीएम नीतीश कुमार ने अचानक जेडीयू नेताओं की बड़ी बैठक बुलाई है। यह अहम बैठक एक अणे मार्ग स्थित सरकारी आवास पर चली। जिसमें कई अहम मुद्दों पर बैठक हुई। सूत्रों के मुताबिक बैठक में संगठन को पुनर्गठित करने की दिशा में अहम फैसले लिए जा सकते हैं। विधानसभा चुनाव में अब कुछ ही समय बचा है। ऐसे में ये बैठक चुनाव के लिहाज से भी काफी अहम हो सकती है। हो सकता है कि कुछ चुनावी मुद्दों पर पर भी चर्चा हो। वैसे कहा ये जा रहा है कि यह बैठक संगठनात्मक मामलों और बोर्ड-निगमों के गठन को लेकर हो रही है।



### बोर्ड-निगम और आयोग पर भी हुई गहन चर्चा

दरअसल, बिहार में अभी कई बोर्ड और आयोग के अध्यक्ष पद भरे जाने हैं। ऐसे में इस साल चुनाव होने वाले हैं। चुनाव के मद्देनजर समीकरण बैठाने की भी रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में सीएम नीतीश कुमार अपनी टीम के सदस्यों से अहम मुद्दों पर बात करने के साथ-साथ रणनीति बनाने का काम करेंगे। इसके अलावा आयोग और बोर्ड-निगम को लेकर भी बातचीत की संभावना है। बताया गया है कि अभी राज्य में कई बोर्ड और आयोग के अध्यक्ष-सदस्यों के रिक्त पदों को भरना है। इसके पीछे तर्क है कि इन बोर्ड और आयोग की सीट पर नाराज सदस्यों का भरा जाएगा। ताकि वह आगामी चुनाव में खुलकर पार्टी व संगठन का मजबूती के साथ दें। साथ ही सीट पर अपनी दावेदारी नहीं करें। कई ऐसी सीटें है जहां कई उम्मीदवार अपनी दावेदारी पेश कर कर रहे है। जिससे चुनाव में नुकसान हो सकता है। इससे उन्हें रोका जा सकता है। वहीं इस साल चुनाव भी तय है। चुनाव को देखते हुए समीकरण सेट करने को लेकर रणनीति बनाई जा रही है।


बैठक में राज्य सरकार के वरिष्ठ मंत्री अशोक चौधरी, संजय झा, श्रवण कुमार, लेसी सिंह, सुनील कुमार और एमएलसी खालिद अनवर पहले से मौजूद हैं। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री ललन सिंह भी सीएम आवास पहुंच चुके हैं। बैठक में शामिल होने के लिए जेडीयू के परिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, राज्य सरकार की मंत्री लेसी सिंह, मंत्री सुनील कुमार और एमएलसी खालिद अनवर बैठक में भाग लेने के लिए पहुंचे हैं। मंत्री विजय चौधरी, मंत्री श्रवण कुमार, जेडीयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और मंत्री अशोक चौधरी भी 1 अणे मार्ग पहुंचे हैं। बैठक का मुख्य उद्देश्य पार्टी संगठन को मजबूत करना है।

जानकारी के अनुसार, बैठक में संगठन के ढांचे और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। बैठक में भाग लेने वाले नेताओं का 1 अणे मार्ग पर पहुंचना जारी है। सभी नेता पार्टी के भविष्य को लेकर गंभीर हैं और संगठन को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने को तैयार हैं। वहीं इस बैठक में चुनाव से जुड़े उम्मीदवारों को और चुनाव में जेडीयू के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के मुद्दे पर भी अहम बातचीत की जाएगी। इसके साथ ही जेडीयू चुनाव में एनडीए के सहयोगियों के साथ किस एजेंडे पर मैदान में उतरेगी इसको लेकर भी बातचीत की जा सकती है। बहरहाल सीएम हाउस में जेडीयू की अहम बैठक हुई। इस बात के कयास लगाये जा रहे है कि आगामी चुनाव को लेकर यह बैठक बुलायी गई है। यह चुनाव कई मायनों में अहम माना जा रहा है। विपक्ष के नेता पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव दंभ भर रहे है कि जीत उनकी होगी। लगातार वह दौरा कर जनता को अपने पक्ष में लुभाने का हर संभव प्रयास कर रहे है। ताकि जीत उनकी सुनिश्चित हो सके।

## निगरानी के हत्थे चढ़े शिक्षा विभाग के दो घूसखोर कर्मचारी

**केटी न्यूज/अरवल**

बिहार में निगरानी विभाग के लगातार एक्शन के बावजूद रिश्वतखोर अधिकारी और कर्मचारी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। निगरानी विभाग की टीम ने एक बार फिर दो घूसखोर कर्मचारियों को रंगेहात दबोचा है। दोनों एक सेवानिवृत शिक्षक से 50 हजार रुपए घूस ले रहे थे तभी निगरानी की टीम ने दोनों को धर दबोचा। निगरानी विभाग डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि शिक्षा विभाग के दो कर्मचारी सेवांत लाभ के लिए रिटायर एक शिक्षक को लगतार परेशान कर रहे थे। शिक्षक ने निगरानी विभाग में लिखित शिकायत की थी। सूचना के सत्यापन बाद अरवल बाजार में रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया। शिक्षा विभाग का प्रधान लिपिक मनोज कुमार एवं कंप्यूटर ऑपरेटर संतोष कुमार को घूस के 50 हजार रुपए के साथ रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया है। दोनों जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में कई वर्षों से कार्यरत थे। फिलहाल निगरानी विभाग के टीम दोनों कर्मचारियों को गिरफ्तार कर पटना ले आई है। निगरानी विभाग के अधिकारी व कर्मी इस संबंध में आगे की कार्रवाई करेंगे। विदित हो कि पिछले कुछ दिनों से निगरानी विभाग एक्सन में है।




## बीईओ के वाहन ने मारी टक्कर, एक युवक की मौत

**केटी न्यूज/बेगूसराय**

बेगूसराय में एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा बुरी तरह से घायल हो गया है। स्थानीय लोगों ने दुर्घटनाग्रस्त नावकोठी बीईओ के चालक को पकड़कर पुलिस को हवाले कर दिया है। घटना मुफस्सिल थाना के हरदिया ढाला के समीप एसएच-55 की है।

बताया जा रहा है कि अनियंत्रित स्कॉर्पियो बाइक सवार को आमने सामने ठोकर मार दी। इसमें बाइक पर सवार एक युवक की मौत हो गयी जबकि दूसरी जख्मी हो गया। मृतक लाखो थाना क्षेत्र की शाहपुर पंचायत निवासी दिवाकर ठाकुर का 30 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार उर्फ अभिषेक था। मृतक के पिता सेवानिवृत शिक्षक हैं।



मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों ने सबसे पहले इलाज के लिए जख्मी को सदर अस्पताल भेज दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस शव को कब्जे में लिया पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। उधर, हादसे के बाद चालक स्कॉर्पियो लेकर गलत दिशा से भागने लगा और बिजली पोल में जोरदार ठोकर मार दी। स्थानीय लोगों ने स्कॉर्पियो चालक को पकड़कर जमकर पिटाई कर दी।घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी ड्राइवक को हिरासत में ले लिया। चालक की पहचान चिलमिल गांव निवासी लालो पासवान के बेटे सिंटू कुमार के रूप में हुई है। दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी पर नावकोठी प्रखंड शिक्षा अधिकारी का बोर्ड लगा हुआ है, जबकि पीछे से वाहन पर बिहार सरकार अंकित है। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार पांडेय ने बताया कि हादसे में एक युवक की मौत हो गयी।

## सूचना मंत्री ने बिहार समाचार के वार्षिकांक 2024 का किया विमोचन

पटना। सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी ने सोमवार को बिहार समाचार पत्रिका के 2024 के विशेष अंक (वार्षिकांक) का विमोचन किया। यह कार्यक्रम सूचना भवन स्थित उनके कार्यालय में आयोजित किया गया था। मंत्री हजारी ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार लगातार तरक्की कर रहा है। पहले जहां बच्चों को पढ़ाई के लिए राज्य से बाहर जाना पड़ता था, आज वहीं राज्य के सभी 38 जिलों में सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज और 46 पॉलिटेक्निक संस्थान चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जेपी गंगा पथ परियोजना राज्य के लिए एक नई जीवनरेखा बन गई है।




## मुजफ्फरपुर में चमकी बुखार के बढ़े मामले, अब तक 16 केस

**मुजफ्फरपुर।** सिविल सर्जन डॉ. अजय कुमार ने बताया कि विभाग जीरो डेथ की नीति पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिसका असर यह है कि कोई भी बच्चा गंभीर स्थिति में नहीं पहुंचा और सभी की जान बचाई जा सकी है।बिहार में गर्मी और उमस बढ़ते ही चमकी बुखार यानी एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम के मामले एक बार फिर से सामने आने लगे हैं।

एसकेएमसीएच में अब तक एईएस के 16 मरीज भर्ती किए गए हैं, जिनमें से 13 मुजफ्फरपुर जिले से हैं जबकि 3 अन्य जिले सीतामढ़ी, शिवहर और गोपालगंज से हैं। सभी बच्चों का इलाज एसकेएमसीएच के पीकू वार्ड में किया गया और राहत की बात है कि सभी बच्चे ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं।

## नशे में धुत्त शराबियों ने दारोगा का सिर फोड़ा, घर में छिपकर बचाई अपनी जान

**केटी न्यूज/गया**

गया में नशे में धुत्त बारातियों ने डायल-112 की पुलिस पर हमला कर दिया। हमले में दारोगा का सिर फट गया। पुलिस गाड़ी में चालक समेत 3 लोग थे। बारातियों ने सबसे पहले ड्राइवर मनीष को गाड़ी से खींचकर बाहर निकाला और उसकी पिटाई करने लगे।

दारोगा उमेश प्रसाद यादव उसे बचाने के लिए गाड़ी से नीचे उतरे तो बाराती उनके पीछे पड़ गए। बारातियों ने उन्हें पटक कर बुरी तरह मारा। सरकारी रिवॉल्वर भी छीनने की कोशिश की। वे किसी तरह एक घर में घुसे और दरवाजा बंद कर अपनी जान बचाई। ग्रामीण बस देखते रहे, किसी ने पुलिसकर्मियों की मदद नहीं की। दारोगा की पिटाई के बाद बाराती लेडी कांस्टेबल को पीटने के लिए दौड़े, वो किसी तरह मौके से फरार हो गई। वहीं, चालक मनीष भी दारोगा को छोड़कर गाड़ी लेकर फरार हो गया। घायल दारोगा के अनुसार हमारी गाड़ी जाम में फंसी थी। हमने बारातियों से भरी बस को किनारे करने के लिए कहा था। इसी बात पर बस में सवार लोग भड़क गए और गाली-गलौज करने लगे। मामला रविवार की देर रात बोधगया थाना क्षेत्र के बकरौर स्थित वाटर



पार्क के पास का है। सोमवार को अस्पताल में इलाजरत घायल दारोगा ने मामले की जानकारी दी। 10 बारातियों की हुई गिरफ्तारी हुई है। घायल दारोगा ने कहा कि बड़ा बाबू मुझे अपनी गाड़ी से इलाज के लिए अस्पताल ले गए। लेडीज कांस्टेबल अंधेरे में नदी की ओर भागी थी। उसे वहीं से हमलोगों ने गाड़ी पर बैठा लिया। जिस समय हम पर हमला हुआ वहां सभी देख रहे थे, पर किसी ने हमारी मदद नहीं की। मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है।फिलहाल पुलिस ने 10 बारातियों को गिरफ्तार किया है। सभी नशे में धुत पाए गए हैं। अन्य आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई जारी है।

**रोहतासगढ़ किले के सौंदर्यीकरण के लिए डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को सौंपा ज्ञापन**

# रोहतासगढ़ एक किला नहीं, बल्कि आदिवासी अस्मिता व गौरव का प्रतीक है : सांसद दीपक

**केटी न्यूज/पटना**

राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश के नेतृत्व में झारखंड और बिहार के आदिवासी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने रोहतास जिले में स्थित ऐतिहासिक रोहतासगढ़ किला के संरक्षण और विकास की मांग की।

सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि रोहतासगढ़ किला हमारी सांस्कृतिक जिम्मेदारी है। सभी को मिलकर इसे बचाना होगा। सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि रोहतासगढ़ किला आदिवासी समाज की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भावनात्मक धरोहर है। यह



केवल एक किला नहीं, बल्कि आदिवासी अस्मिता और गौरव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार देश की आदिवासी संस्कृति को बचाने और संवारने के लिए प्रतिबद्ध है। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, पाहन संघ के अध्यक्ष गंगू पाहन, विमल उरांव, चंद्रभूषण उरांव, रणजीत खलको, श्याम नारायण उरांव, मोती उरांव, उपेन्द्र उरांव, सुमित उरांव, रूपासी गाड़ी, सन्नी टोप्पो, वीरेंद्र उरांव, अरविंद तिर्की और आदिवासी छात्रसंघ सहित मुखिया संघ, पंचायत समिति सदस्य और रांची के रातू प्रखंड के प्रमुख भी शामिल थे। ज्ञापन के माध्यम से डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी से रोहतासगढ़ किले के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इनमें प्रमुख रूप से किले तक पहुंचने के लिए सड़क और परिवहन की सुविधा, किले की मरम्मत, साफ-सफाई और सुरक्षा की व्यवस्था शामिल है। इसके अलावा पर्यटकों के लिए सूचना केंद्र, डिजिटल गाइड सिस्टम, दर्शनीय बोर्ड और आदिवासी संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए संग्रहालय या सांस्कृतिक भवन की स्थापना की मांग की गई। साथ ही, उन्होंने रोहतासगढ़ को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने, वहां गेस्ट हाउस, बिजली, शुद्ध पेयजल, सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था और स्थानीय युवाओं को पर्यटन से जोड़ते हुए उन्हें प्रशिक्षण और रोजगार देने की बात कही।



# 11 हजार वोल्ट ने ली बाप-बेटे की जान

## पलामू में बिजली विभाग की लापरवाही से हादसा

**पलामू, एजेंसी।** पलामू में 11 हजार वोल्ट की तार ने बाप-बेटे की जान ले ली। घटना उत्तर कोयल मुख्य नहर स्थित मुखर्जी पुल के समीप खरगड़ा गांव के पास घटी है। इस हादसे ने सिमरसोत गांव निवासी 45 वर्षीय बिंदु मेहता व 12 वर्षीय उनका बेटे बिपिन मेहता की जान ले ली। जानकारी के मुताबिक आज बिंदु मेहता की भतीजी की शादी है। बारात आने वाली है। इसी को लेकर दोनों शादी में जेनरेटर के लिए अहले सुबह तेल लाने जा रहे थे। जिस रास्ते वे बाइक से जा रहे थे वहीं 11 हजार वोल्ट का तार गिरा हुआ था। दोनों उसी की चपेट में आ गए। तार में करंट होने की वजह से आग लग गई और दोनों वही जल गए।

घटना से ग्रामीणों में विद्युत विभाग के खिलाफ काफी आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि विभाग को लगातार सूचना देने के बावजूद तार को दुरुस्त नहीं किया जाता है। जिससे इस तरह की घटनाएं होती है। घटना की सूचना मिलते ही हैदरनगर के अंचल पदाधिकारी संतोष कुमार, थाना प्रभारी अफजल अंसारी पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया है।घटना की सूचना मिलते ही बिंदु मेहता के परिवार सहित गांव के लोग घटना स्थल पर पहुंच गए। घटना से गांव में मातम का माहौल है। बिंदु मेहता के घर शादी की खुशी मातम ने बदल गई है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।



घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने एवं परिजनों को हर संभव मदद व मुआवजा दिलाने की बात कही है। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए विद्युत विभाग के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने व कड़ी कार्रवाई कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि सेमरसोत गांव निवासी बिंदु मेहता की भतीजी की आज सोमवार को बारात आने वाली थी। बिंदु मेहता अपने इकलौते पुत्र बिपिन मेहता को बाइक पर साथ लेकर अहले सुबह डीजल तेल लेने जा रहे थे। जिससे शादी में जेनरेटर में तेल की कमी नहीं हो सके।

घटना की सूचना मिलते ही बिंदु मेहता के परिवार सहित गांव के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। घटना से गांव में मातम का माहौल है। बिंदु मेहता के घर शादी की खुशी मातम ने बदल गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने एवं परिजनों को हर संभव मदद व मुआवजा दिलाने की बात कही है।

बसपा के प्रदेश अध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए विद्युत विभाग के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने व कड़ी कार्रवाई कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग कमजोर और गरीब लोगों पर केस कर परेशान करने के लिए है।विभाग को लगातार ग्रामीण जानकारी दे रहे थे, मगर विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि सड़क क्रॉसिंग की जगह पर अर्थ के साथ जाली देने का प्रावधान है। लापरवाही में विभाग ने किसी भी सड़क के ऊपर से पार किया गया तार में जाली नहीं देने का काम करता है। परिणामस्वरूप इस तरह की घटनाएं होती हैं।

### राज्य में आम नागरिकों की जान की कोई कीमत नहीं : बाबूलाल

**रांची, एजेंसी।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की विधि व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि साहिबगंज के नगर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने फिल्मी अंदाज में दुकानदार संजीव साह की गोली मारकर हत्या कर दी। राज्य में आम नागरिकों की जान की कोई कीमत नहीं रह गयी है। पुलिस प्रशासन आम गरीब जनता पर रौब झाड़ने और वसूली करने में मशगूल है, जबकि कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाले अपराधी बेधड़क वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। बाबूलाल ने सीएम से पूछा कि आखिर कब तक बेकसूर जनता अपनी जान गंवाते रहेगी। यदि अपराधी दुकानदारों को लक्षित कर इसी प्रकार निशाना बनाते रहे तो झारखंड में व्यवसाय करना भी मुश्किल हो जायेगा। उन्होंने साहेबगंज पुलिस से तत्काल आरोपियों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

## संक्षिप्त समाचार

### रांची में आज संविधान बचाओ कार्यक्रम

**कोडरमा, एजेंसी।** कोडरमा नगर पंचायत कार्यालय में रविवार को संविधान बचाओ कार्यक्रम को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष राजू सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान और विशिष्ट अतिथि नगर प्रभारी संजय सेठ थे। जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान ने बताया कि 6 मई को रांची के पुराने विधानसभा परिसर धुर्वा में संविधान बचाओ कार्यक्रम होगा। इसमें कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राष्ट्रीय महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू कुमार, सह प्रभारी सिरिबेला प्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि कोडरमा से हजारों कार्यकर्ता रांची पहुंचेंगे। नगर प्रभारी संजय सेठ ने कहा कि 6 मई के कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की गई। नगर अध्यक्ष राजू सिंह ने बताया कि बैठक में नवनियुक्त कमेटी की सूची जिला अध्यक्ष और प्रभारी को सौंपी गई। बैठक को जिला महासचिव आशीष पांडेय, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष फैयाज अब्बू केसर, वरिष्ठ नेता राम लखन पासवान ने भी संबोधित किया। बैठक में दैनिक अखबार के पत्रकार आलोक सिन्हा के आकस्मिक निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

### नदी पर पुल निर्माण नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में होती हैं समस्याएं

**हजारीबाग, एजेंसी।** बड़कागांव हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड के बादम पंचायत अंतर्गत बाबू पारा गांव जाने मार्ग स्थित बादमाही नदी पर अब तक पुल निर्माण नहीं हो पाया है। इस नदी पर पुल निर्माण नहीं होने से बरसात के दिनों में बाबू पारा गोंदलपुरा , गाली , बालोदर , टीलहवा सहित दर्जनों गांव टोला का जनसंपर्क प्रखंड मुख्यालय से प्रभावित हो जाता है।जिससे ग्रामीणों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बताते चले की इस नदी की दोनों छोर कालीकरण पक्की सड़कें का निर्माण किया गया है। इस स्थान पर पुल नहीं होने से बरसात के दिनों में लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है। मुखिया संघ प्रखंड सचिव सह गोंदलपुरा पंचायत के मुखिया वासुदेव यादव, बादम पंचायत मुखिया सुनीता देवी, पंचायत समिति सदस्य राजा खान, रमणिका देवी , मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास, संतोष कुमार कुशवाहा, समाजसेवी नदीम खान , सोनू खान , शंभू शरण दास , सरयू दास , नरेश कुमार यादव , लालदेव गोप, सिकंदर महतो, देव प्रकाश, गणेश महतो सहित सैकड़ों लोगों ने जल्द पुल निर्माण करने की मांग की है।

### गौरियाकर्मा में पशुपालन विभाग की जमीन पर कब्जा

**हजारीबाग, एजेंसी।** गौरियाकर्मा स्थित राजकीय पशु प्रक्षेत्र की जमीन पर ग्रामीणों ने अवैध कब्जा कर लिया है। यह जमीन कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के अधीन है। देवचंदा मौजा, थाना संख्या 01, खाता संख्या 47, प्लॉट संख्या 794, 798 की यह भूमि विभाग को 1960 में सौंपी गई थी। इसके एक हिस्से पर कुछ ग्रामीणों ने कब्जा कर लिया है। इस मामले में 2022 में ही अतिक्रमणकारियों को नोटिस भेजा गया था। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। विभागीय कार्यालय को भी इस संबंध में जानकारी नहीं दी गई। 15 फरवरी 2025 को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री ने इस पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

### शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई नीट परीक्षा, 314 छात्रों ने दी परीक्षा

**हजारीबाग, एजेंसी।** हजारीबाग जिले के कटकमसांडी प्रखंड मुख्यालय स्थित आर. के. प्लस टू हाई स्कूल में रविवार को नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट ( नीट ) परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।परीक्षा केंद्र पर कुल 336 परीक्षार्थियों के लिए बैठने की व्यवस्था की गई थी। सेंटर सुपरिटेंडेंट विजय मसीह ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र में 314छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त वातावरण में सम्पन्न हुई। परीक्षा केंद्र पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्टैटिक मजिस्ट्रेट और सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। साथ ही परीक्षा संचालन के लिए कुल 30 वीक्षकों को तैनात किया गया था, जिन्होंने पूरे समय अनुशासन का पालन कराते हुए परीक्षा को सुचारू रूप से सम्पन्न कराया।

## साहिबंगज में दुकानदार की हत्या से मचा हड़कंप, नकाबपोश बदमाशों ने दुकान में घुसकर मारी गोली

**साहिबगंज, एजेंसी।** नगर थाना क्षेत्र के चैती दुर्गा मंदिर के समीप स्थित जीएस इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक संजीव कुमार गुप्ता उर्फ गुड्डू कुमार को रविवार की शाम करीब पौने आठ बजे दो नकाबपोश अपराधियों ने दुकान में घुसकर गोली मार दी। अपराधियों ने दुकानदार को सीने में गोली मारी। इसके बाद स्वजन व आसपास के लोग उन्हें लेकर सदर अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलने पर एसपी अमित कुमार सिंह, मुख्यालय डीएसपी विजय कुशवाहा, नगर थाना प्रभारी अमित गुप्ता, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि कुमार सिंह आदि घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन की।

दुकान में लगे सीसीटीवी में पूरी घटना कैद हो गई है। आसपास भी कई दुकानों में भी सीसीटीवी लगा हुआ है, जिससे अपराधियों के शीघ्र पकड़े जाने की उम्मीद है। सीसीटीवी में स्पष्ट दिख रहा है कि दो युवक वहां पहुंचे और पंखा दिखाने को कहा। वह काउंटर पर बैठे हुए थे, जबकि दुकान का स्टाफ पंखा दिखा रहा था। इसी क्रम में काले रंग के नकाब से अपना मुंह छिपाए युवक ने पिस्तौल निकाली और सीने में सटाकर गोली मार दी। संजीव कुमार गुप्ता कुर्सी से उठे और गेट पर आकर गिर गए। वहां काफी खून भी गिरा हुआ था।

मृतक के पिता गौरी शंकर गुप्ता रेलवे में लोको पायलट थे। तीन साल पूर्व उनकी मौत हो गई थी। संजीव उनका इकलौता पुत्र था। गौरी शंकर गुप्ता के नाम पर ही जीएस इलेक्ट्रॉनिक्स है। संजीव के परिवार में पत्नी, करीब नौ साल का एक बेटा, सात साल की बेटी व बूढ़ी मां हैं। दोनों बच्चे संत जेवियर स्कूल में पढ़ते हैं। घटना के बाद सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।

संजीव काफी मिलनसार व्यक्ति थे। संत जेवियर स्कूल सहित कई बड़े संस्थानों के सीसीटीवी फुटेज के मेंटेनेंस का काम भी वह देखते थे।

दुकानदार की हत्या के विरोध में कॉलेज रोड व्यवसायी संघ ने बंद का आह्वान किया है। इस दौरान सभी दुकानें बंद नजर आईं।

## हरा हो गया है रिम्स की टंकी का पानी: आ रही बदबू, गुणवत्ता पर उठे सवाल, प्रबंधन बोला- सफाई की जिम्मेदारी पीएचईडी की

**रांची, एजेंसी।** राज्य का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल रिम्स, जहां हर दिन करीब 7 हजार लोग (मरीज व उनके परिजन) इलाज के लिए पहुंचते हैं, अब पानी की गुणवत्ता को लेकर सवालों के घेरे में है। छतों पर लगी सीमेंटेड और प्लास्टिक टंकियों में जो पानी जमा है, वह अब खुद बीमारी का कारण बनता दिख रहा है। पानी काला और हरा दिखाई दे रहा है, जिससे बदबू आती है। मरीजों के परिजन उसका उपयोग करने से डरते हैं।

जानकारी के अनुसार, रिम्स में 10 से अधिक सीमेंटेड टंकियां हैं, जिनकी क्षमता 10 से 12 हजार लीटर है। इसके अलावा, अलग-अलग इमारतों में 40 से अधिक प्लास्टिक की टंकियां लगी हैं। इनमें से अधिकतर में ढक्कन तक नहीं हैं। गंदगी की परतें, काई और बदबूदार पानी साफ इशारा कर रहे हैं कि वर्षों से इनकी सफाई नहीं हुई।

रिम्स में एक समय में करीब 2 हजार मरीज भर्ती रहते हैं और रोजाना ओपीडी में 2200 से ज्यादा मरीज पहुंचते हैं। एक मरीज के साथ औसतन एक या दो परिजन होते हैं। यानी रोजाना 7 से 10 हजार लोगों की उपस्थिति रहती है। ऐसे में पानी की खपत लाखों लीटर प्रतिदिन तक पहुंचती है। बावजूद इसके पानी की क्वालिटी पर कोई ध्यान नहीं।



रिम्स पीएचईडी विभाग के कनीय अभियंता सचिंद्र मोहन झा ने कहा कि सभी टंकी की नियमित सफाई कराई जाती है। एक साल में दो बार सफाई होती है। दूसरे फेज की सफाई कुछ दिन पूर्व शुरू हुई है। चूंकि रिम्स में पानी की खपत अधिक है और सप्लाई पानी आता है, तो संभव है कि टंकी गंदी हो। लेकिन विभाग नियमित रूप से जांच कराता है।

रिम्स के पीआरओ डॉ. राजीव रंजन ने कहा कि पानी की टंकी के साफ- सफाई और मेंटेनेंस की पूरी जिम्मेदारी पीएचईडी विभाग की है। विभाग द्वारा हर छह माह के अंतराल में सफाई करने की बात कही गई है। बावजूद इसके अगर गंदगी की शिकायत है तो सभी टंकियों की जांच कराई जाएगी।

सीमेंटेड टंकियों में काई की मोटी परत जमी थी। पानी का रंग हरा और काला पड़ चुका था। कई टंकियों में तो अंदर झांकते ही बदबू आ रही थी। प्लास्टिक टंकियों में ढक्कन भी नहीं थे और अंदर मच्छर, कीड़े-मकोड़े और गंदगी दिखाई दे रही थी।

डॉक्टरों के मुताबिक गंदा पानी पेट संबंधी रोग, डायरिया, स्किन इन्फेक्शन और फंगल डिजीज का कारण बन सकता है। कमजोर इम्यूनिटी वाले मरीजों के लिए यह और भी खतरनाक है। खासकर सर्जरी वाले मरीजों को गंभीर इन्फेक्शन का खतरा रहता है, क्योंकि रिम्स में अधिकतर गंभीर रोगी ही भर्ती रहते हैं।

## शादी से लौट रहे स्कॉर्पियो को ट्रक ने मारी टक्कर: 6 से अधिक लोग हुए घायल



**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह के बेंगाबाद - मधुपुर एनएच में डाकबंगला के समीप शादी से लौट रहे एक स्कॉर्पियो वाहन को ट्रक ने सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो पलट गया। इसमें सवार आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची बेंगाबाद पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के एम्बुलेंस से अस्पताल भेज दिया। वहीं घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक को छोड़कर फरार हो गया।

**स्कॉर्पियो में थे 9 लोग सवार :** घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो में 9 लोग सवार थे। सभी मधुपुर से शादी समारोह में शामिल होने रांची गए थे। वहीं से वापस घर लौटने के क्रम में विपरीत दिशा से आ रही ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। स्कॉर्पियो वहीं पलट गया और सभी लोग स्कॉर्पियो के अंदर फंस गए। दुर्घटना की आवाज सुनकर आस-पास के लोग आए और मदद की। वहीं इसकी जानकारी बेंगाबाद थाना की पुलिस को दी गई। इस बीच ट्रक चालक ट्रक को छोड़कर वहां से फरार हो गया।

**जेसीबी की मदद से स्कॉर्पियो को सीधा किया :** इधर घटना की सूचना मिलने के बाद बेंगाबाद थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और जेसीबी मशीन के माध्यम से पलटा हुआ स्कॉर्पियो को सीधा करवाया। इसके साथ ही वाहन में फंसे मधुपुर निवासी मो. मोईन, मो. गुड्डू, फरजाना परवीन, गौस रजा, शाहिदा खातून एवं फरजाना परवीन को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। बताया गया कि इन सभी घायलों का इलाज गिरिडीह सदर अस्पताल और नवजीवन हॉस्पिटल में चल रहा है।

## क्राइम मीटिंग में एसपी ने दिए कई निर्देश

**पलामू , एजेंसी।** पलामू जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में क्राइम मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक ने की। बैठक में सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी), थाना प्रभारी और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अपराध नियंत्रण के लिए कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।



अपराध की स्थिति और समाधान जिले में हत्या, लूट, डकैती, दहेज हत्या और साइबर क्राइम जैसे अपराधों की समीक्षा की गई। संबंधित थाना प्रभारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने और पीड़ितों को न्याय दिलाने के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से पुलिस अधीक्षक महोदया ने निर्देश दिया कि चार साल से अधिक पुराने सभी लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। साइबर अपराध पर नियंत्रण बढ़ते साइबर क्राइम पर रोकथाम के लिए विशेष टीम गठित करने और लोगों को जागरूक करने पर चर्चा की गई। साइबर सुरक्षा को प्राथमिकता देने और त्वरित कार्रवाई के लिए निर्देश दिए गए।

स्कूल-कॉलेज जागरूकता अभियान थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र के स्कूलों व कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाएंगे, जिसमें महिला उत्पीड़न, महिलाओं से जुड़े कानून, साइबर फ्रॉड से बचाव और आपात स्थिति में डायल 112 सेवा का उपयोग कैसे करें, इस पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। पुलिस द्वारा आमजन को डायल 112 सेवा की महत्ता और त्वरित सहायता के लिए इसके प्रयोग के प्रति जागरूक किया जाएगा।

मादक पदार्थ तस्करी मादक पदार्थ तस्करी को खत्म करने के लिए विशेष अभियान चलाने और संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखने का निर्णय लिया गया। सड़क सुरक्षा सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए यातायात नियमों को सख्ती से लागू करने और जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। महिला सुरक्षा महिलाओं के खिलाफ अपराधों को रोकने के लिए विशेष कदम उठाने पर जोर दिया गया। थाना स्तर पर जवाबदेही एसपी महोदया ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे अपने क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाएं और लोगों का भरोसा जीतने के लिए नियमित जनसंपर्क अभियान चलाएं। निर्माण स्थलों की सुरक्षा एसपी महोदया ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों में चल रहे सरकारी कंस्ट्रक्शन साइटों का निरीक्षण करें, वहां उपस्थित ठेकेदारों व मुंशियों के साथ बैठक करें और उन्हें हर संभव सुरक्षा प्रदान करें। आवश्यकता पड़ने पर, निर्माण स्थलों पर पुलिस बल की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव तैयार कर कार्रवाई की जाएगी।

## जमशेदपुर में बांटे जाएंगे 2500 से ज्यादा फ्लैट, पीएम आवास योजना का कब होगा आवंटन

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर में पीएम आवास योजना के तहत बड़ी संख्या में फ्लैट बांटे जाएंगे। यहां के बिरसानगर के ब्लॉक संख्या 8 और 23 में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत बन रहे जी प्लस 8 मॉडल फ्लैट का निर्माण कार्य लगभग पूरा होने को है। ब्लॉक-8 में 184 लाभुकों और ब्लॉक-23 में 227 लाभुकों ने आवंटन के लिए सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर ली हैं। अब कुल 2461 लोगों को जल्द ही आवास आवंटित किए जाएंगे।

फ्लैट आवंटन का कार्यक्रम जून के आखिरी सप्ताह तक तय हो जाएगा। सिदगोड़ा टाउन हॉल में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर लाभुकों को फ्लैट की चाबियां सौंपने की तैयारी की जा रही है। नगर विकास विभाग के अधीन जेएनएसी कमांड क्षेत्र में बागुनहातु और बिरसानगर में बड़े पैमाने पर जी प्लस 8 मॉडल के बहुमंजिला भवनों का निर्माण हो रहा है, जिसका उद्देश्य लगभग 11 हजार जरूरतमंद परिवारों को स्थायी आवास उपलब्ध कराना है। यह परियोजना पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत हुई थी, जिसके तहत बिरसानगर में 9592 पक्के मकानों के निर्माण की योजना बनी थी।



देरी पर आपत्ति जताई थी

हाल ही में जमशेदपुर के सांसद विद्युतवरण महतो और विधायक पूर्णिमा साहू ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया और जेएनएसी, जुडको और निर्माण एजेंसी के अधिकारियों से कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर की और निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया।

सांसद ने ऋण प्रक्रिया में आ रही बाधाओं को सरल करने की भी आवश्यकता बताई और कहा कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर जरूरतमंद को पक्का मकान देने के संकल्प पर काम कर रही है, लेकिन राज्य सरकार की उदासीनता के कारण योजना की रफ्तार धीमी हुई है। जेएनएसी के उपनगर आयुक्त कृष्ण कुमार ने बताया कि पीएम आवास योजना में दो ब्लॉक का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। मामूली निर्माण बाकी है, जिसे एकाध सप्ताह में पूरा कर लिया जाएगा।

## 12 गांव के लोगों को शहर आने-जाने में 15 किमी अधिक करना पड़ रहा सफर

**रांची, एजेंसी।** शहर और इसके आसपास के क्षेत्रों में रोड कनेक्टिविटी बढ़ाने का दावा किया जा रहा है। दर्जनों नई सड़कें और फ्लाईओवर की योजना बनाई जा रही है। लेकिन वर्षों पुरानी योजनाओं पर अभी तक काम शुरू नहीं हुआ। इसका सबसे बड़ा उदाहरण है रांची से राहे-हाहे रोड। इस रोड में घाटी के ऊपर स्थित गूंगा नाला पर हाईलेवल ब्रिज का निर्माण होना है।

पिछले साल अक्टूबर में ब्रिज निर्माण कार्य का शिलान्यास भी हो गया, लेकिन अभी तक निर्माण शुरू नहीं हुआ। पुल बनाने के लिए करीब 120 करोड़ रुपए की स्वीकृति भी मिली हुई है। इस रोड में गूंगा नाला से पहले तक सड़क बनाकर छोड़ दिया गया है। यहां एक डिवाइडर बनाकर बोर्ड लगाया गया है कि आगे रास्ता बंद है, असुविधा के लिए खेद है। ब्रिज का काम शुरू नहीं होने से चार पंचायतों की करीब 30 हजार की आबादी को 15 किमी. अधिक दूरी तय करनी पड़ रही है। अनगड़ा के बोंगईबेड़ा, पईका, कोताटोली और अंबा झरिया समेत 12 गांवों के लोगों को प्रखंड मुख्यालय आने में परेशानी होती है। इस रूट पर गंगाघाट रेलवे स्टेशन भी स्थित है। रेलवे स्टेशन आने-जाने के लिए भी ग्रामीणों को करीब 18 किमी. अधिक चलना पड़ता है।



गूंगा नाला पर पुल बनने से रांची-पुरुलिया रोड से बुंडू-सिल्ली की दूरी करीब 22 किमी तक कम हो जाएगी। पुल बनने से ग्रामीण एनएच 33 से सीधे जुड़ जाएंगे। ब्रिज बनने के बाद घने जंगल से घिरे इस क्षेत्र में पर्यटकों की संख्या भी बढ़ेगी।

## सुभाषितम्

धर्म करते हुए मर जाना अच्छा है पर पाप करते हुए विजय प्राप्त करना अच्छा नहीं। - महाभारत

# नागरिक सुरक्षा को लेकर बेपरवाह सरकारें और न्यायपालिका

भारतीय संविधान ने नागरिकों के मौलिक अधिकारों को संविधान से संरक्षित किया है। प्रतीक नागरिक के जीवन की स्वतंत्रता उसकी संपत्ति और अभिव्यक्ति और धार्मिक स्वतंत्रता नागरिकों के मौलिक अधिकारों में शामिल है। पिछले कई वर्षों से नागरिक स्वतंत्रता खतरे में पड़ गई है। पिछले कुछ वर्षों में भीड़ तंत्र जिस तरह का उत्पात मचा रहा है। उसमें नागरिकों की केवल स्वतंत्रता ही खत्म नहीं हो रही है। उनका जीवन भी खतरे में पड़ गया है। उसकी सुरक्षा करने की जो जिम्मेदारी पुलिस और न्यायपालिका की थी वह भी निष्क्रिय होकर तमाशा देख रही है, जिसके कारण अब लोगों को अपने जीवन के साथ संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्मादी भीड़ के सामने निरीह नागरिक ना तो अपनी संपत्ति की सुरक्षा कर पा रहा है ना ही अपनी जान को बचा पा रहा है। पुलिस खड़े होकर तमाशा देखती रहती है। जिला प्रशासन और न्यायपालिका ने भी चुप्पी साध कर रखी हुई है। पीड़ित व्यक्ति जब अपनी गुहार लगाने के लिए थाने और न्यायालय की शरण में जाता है। जब वहां पर भी उसे कोई राहत नहीं मिलती है। ऐसी स्थिति में लोग पलायन करके अपनी जान बचाते हुए यहां से वहां भागते हुए दिख रहे हैं। भारतीय संविधान ने नागरिकों के जो अधिकार सर्वोच्चता के साथ रखे थे कार्यपालिका और विधायिका को संविधान में पाबंद किया था कि वह नागरिक सर्वोच्चता को बनाए रखेगी ऐसा कोई भी कानून और नियम नहीं बन सकेगी जो नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन करते हों संविधान ने न्यायपालिका को यह जिम्मेदारी दी थी। नागरिकों के मौलिक अधिकारों का यदि कहीं हनन होता है, तो उसे सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी न्यायपालिका की है। लेकिन पिछले एक दशक से न्यायपालिका जिस तरह से सरकार के दबाव में काम करती हुई दिख रही है। उसके कारण स्थिति अब बहुत खराब हो गई है। भीड़ किसी भी सामान्य नागरिक की जान ले लेती है। उसका धंधा उजाड़ देती है। संगठित भीड़ किस तरह से हिंसा कर रही है। वह सभी को आश्चर्य में डाल रही है। इस हिंसा के कारण लोग विरोध करने के स्थान पर अपने आप को बचाने के लिए अपने ही स्तर पर जो कर सकते हैं, करने की कोशिश करते हैं। कुछ लोग अपनी जान और धंधे पानी को बचा लेते हैं और कुछ सब कुछ गवाँ देते हैं पिछले एक दशक से भारत में यही देखने को मिल रहा है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार 2019 में सांप्रदायिक दंगों के 2322 मामले दर्ज किए गए इसमें 1257 लोगों की मौत हो गई। 2000 से अधिक लोग घायल हुए 10000 से अधिक हिंसक सार्वजनिक घटनाएं हुई। जिसमें बड़े पैमाने पर आगजनी हमले और व्यवसायों को नष्ट किया गया। मणिपुर की घटना सबके सामने है 2020 के बाद से सांप्रदायिक अशांति बड़ी तेजी के साथ फैलती जा रही है। 2020 में नागरिक संशोधन अधिनियम को लेकर देशभर में भारी प्रदर्शन हुए देश की राजधानी दिल्ली में हुए दंगे में सेकंड लोग मारे गए सैकड़ो लोग घायल हुए। दक्षिण के राज्य कर्नाटक के बेंगलुरु में भी एक बड़ी भीड़ ने पुलिस स्टेशनों पर हमला कर दिया वाहनों में आग लगा दी। पश्चिम बंगाल में पिछले कई वर्षों से लगातार सांप्रदायिक हिंसा को बढ़ाया जा रहा है। चुनाव के दौरान यह हिंसा अपने जन्म पर होती है। राज्य के चुनाव में कुछ बिहार नंदीग्राम और वीर भूमि में राजनीति से प्रेरित हिंसा में 47 से ज्यादा लोगों की मौत हुई। हजारों लोगों को अपना घर छोड़कर जाना पड़ा आज भी वह विस्थापित के रूप में रह रहे हैं। यही हाल मणिपुर में है। 2 साल से वहां पर हिंसा हो रही है केंद्र सरकार राज्य सरकार और सुप्रीम कोर्ट मिलकर भी इस हिंसा में नागरिकों की सुरक्षा नहीं कर पा रही हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड के डेटा मैं पिछले वर्षों में 36 फीसदी सांप्रदायिक झड़पें बढ़ गई हैं। राज्य सरकार केंद्र सरकार स्थानीय पुलिस और न्यायपालिका की चुप्पी इस तरह की हिंसा को बढ़ावा दे रही है। संविधान ने प्रत्येक भारतीय नागरिक को सम्मान के साथ जीवन की सुरक्षा का अधिकार दिया है। सामाजिक और धार्मिक रूप से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दी है लेकिन यह संविधान की बंद किताबों में है। अब इसको लेकर ना तो न्यायपालिका जागरुक है और ना ही कार्यपालिका अपनी जवाब देही को पूरा कर रही है। हर जगह अराजकता की स्थिति देखने को मिल रही है।

## चिंतन-मनन

# नफरत का बोझ

बहुत पुरानी कथा है। एक बार एक गुरु ने अपने सभी शिष्यों से अनुरोध किया कि वे कल प्रवचन में आते समय अपने साथ एक थैली में बड़े-बड़े आलू साथ लेकर आएं। उन आलुओं पर उस व्यक्ति का नाम लिखा होना चाहिए, जिससे वे नफरत करते हैं। जो शिष्य जितने व्यक्तियों से घृणा करता है, वह उतने आलू लेकर आए। अगले दिन सभी शिष्य आलू लेकर आए। किसी के पास चार आलू थे तो किसी के पास छह। गुरु ने कहा कि अगले सात दिनों तक ये आलू वे अपने साथ रखें। जहां भी जाएं, खाते-पीते, सोते-जागते, ये आलू सदैव साथ रहने चाहिए। शिष्यों को कुछ समझ में नहीं आया, लेकिन वे क्या करते, गुरु का आदेश था। दो-चार दिनों के बाद ही शिष्य आलुओं की बदबू से परेशान हो गए। जैसे-तैसे उन्होंने सात दिन बिताए और गुरु के पास पहुंचे। सबने बताया कि वे उन सड़े आलुओं से परेशान हो गए हैं। गुरु ने कहा- यह सब मैंने आपको शिक्षा देने के लिए किया था। जब सात दिनों में आपको ये आलू बोझ लगने लगे, तब सोचिए कि आप जिन व्यक्तियों से नफरत करते हैं, उनका कितना बोझ आपके मन पर रहता होगा। यह नफरत आपके मन पर अनावश्यक बोझ डालती है, जिसके कारण आपके मन में भी बदबू भर जाती है, ठीक इन आलुओं की तरह। इसलिए अपने मन से गलत भावनाओं को निकाल दो, यदि किसी से प्यार नहीं कर सकते तो कम से कम नफरत तो मत करो। इससे आपका मन स्वच्छ और हल्का रहेगा।

# विश्लेषकों की राय : अमेरिकी विकास में महत्वपूर्ण मंदी

- किशन सनमुखदास भावनानी



वैश्विक स्तरपर हम पिछले कुछ महीनो से देख रहे हैं की टैरिफ वार से पूरी दुनियाँ में खलबली मची हुई है अमेरिका द्वारा अनेक देशों पर रेसिप्रोकल टैक्स लगाने से अर्थव्यवस्थाओं पर फर्क पड़ गया है, इसबीच अमेरिका व चीन के बीच टेरिफ वार के चलते बाकी देशों पर रेसिप्रोकल टैक्स को 90 दिनों के लिए रोक दिया गया है परंतु चीन अमेरिका टेरिफ पर डटे हुए हैं। अमेरिका के 145 परसेंट के जवाब में चीन ने 125 पेर्सेंट टैक्स लगाई है, आज हम यह मुद्दा फिर से इसलिए याद दिला रहे हैं क्योंकि इस टैरिफ वार के चलते अमेरिका में आर्थिक मंदी के बादल मंडरा रहे हैं, क्योंकि 1 मई 2025 को आई रिपोर्ट की करें तो, 3 वर्षों मैं पहली बार अमेरिका की अर्थव्यवस्था में 0.3 फीसदी की गिरावट से जूझ रहा है जो संकेत है कि, हो सकता है मंदी की शुरूआत हो परंतु एक रेटिंग एजेंसी ने दावा किया है कि यह अर्थव्यवस्था के लिए गिरावट है परंतु अमेरिका में मंदी के आसार नहीं है। वैसे बता दें कि दिनांक 1 मई 2025 को अमेरिका यूक्रेन का खनिज संपदा पर समझौता हो गया है जो यूक्रेन के रिस्ट्रक्चर के लिए फंड बनाने सहित अनेको शर्तों बातों को शामिल किया गया है, इसलिए अमेरिका को भी लाभ मिल सकता है। परंतु कुल मिलाकर अमेरिकी टैरिफ ने अनेक देशों को हिलाकर रख दिया है, परंतु खुद भी अछूता नहीं रहा है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अमेरिका में मंदी के आसार, वर्ल्ड ट्रेड वॉर में अमेरिका की अर्थव्यवस्था को 0.3 फीसदी की गिरावट से जोरदार झटका, भारत को अवसर की उम्मीद! साथियों बात अगर हम अमेरिकी अर्थव्यवस्था में 0.3 फीसदी की गिरावट की करें तो बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, मार्च तिमाही में यूएस इकॉनमी 0.3 फीसदी सिकुड़ी है, जिसके बाद आमेरिका में मंदी की आशंका बढ़ गई है।अमेरिकी राष्ट्रपति की टैरिफ पॉलिसी ने दुनियाभर में हलचल मचाई और इस बीच खुद अमेरिका पर भी इसका असर दिखा. एक ओर जहां टेरीफ वार के बीच अमेरिकी शेयर बाजार ने तगड़ा गोता लगाया, तो अब यूएस इकॉनमी पर भी इसका असर दिखा है।जी हां, तीन साल में पहली बार अमेरिकी अर्थव्यवस्था में गिरावट दर्ज की गई है और मार्च तिमाही में ये 0.3 फीसदी गिरी है।इससे पहले साल 2024 की चौथी तिमाही में यूएस इकॉनमी 2.4 परसेंट की दर से आगे बढ़ी थी. ट्रंप 2.0 की शुरूआत के साथ ही रेसिप्रोकल टैरिफ के चलते छिड़ी ट्रेड वॉर के बीच अमेरिका को ये बड़ा झटका लगा है।बता दें कि इस टैरिफ की जंग में सबसे ज्यादा दो बड़ी आर्थित ताकतों यूएस-चाइना के बीच ट्रेड वार चरम पर नजर आया है और इससे ग्लोबल अनिश्चितता बढ़ी है।एक रिपोर्ट की मानें तो अमेरिका की जीडीपी में गिरावट के पीछे सबसे बड़ा कारण आयात में की जाने वाली भारी बढ़ोतरी है, इसमें एक्सपर्ट्स के हवाले से कहा गया है कि टैरिफ वॉर के बीच अमेरिकी कंपनियों ने भारी मात्रा में आयात किया है और इससे जीडीपी का आंकड़ा फिसला है। एक रिपोर्ट में अर्थव्यवस्था में मंदी के संकेत दिए गए हैं, उपभोक्ता खर्च घटा, मंदी की आशंका बढ़ीअमेरिका के बढ़ते आयात की वजह से आर्थिक विकास में भी 5 फीसदी अंक की गिरावट आई है। दूसरी तरफ उपभोक्ता खर्च भी तेजी से घटा है। विशेषज्ञ के मुताबिक अमेरिकी की अर्थव्यवस्था की हालत बिगड़ने के पीछे ट्रम्प की नीतियां बड़ी वजह हैं?उपभोक्ता खर्च अमेरिका की जीडीपी का 70 पेर्सेंट हिस्सा है, अगर लोग डर के मारे खरीदारी बंद कर दें, तो स्थिति गंभीर हो सकती है।अर्थशास्त्री के मुताबिक, अगले 12 महीनों में अमेरिका में मंदी की संभावना 55 परसेंट है।

साथियों बात अगर हम अमेरिका में मंदी की संभावना की करें तो, मंदी आर्थिक गतिविधि में गिरावट की अवधि है, जिसे आम तौर पर आर्थिक संकुचन की कम से कम दो लगातार तिमाहियों द्वारा परिभाषित किया जाता है। हालांकि इसका अनुभव करना मुश्किल है, लेकिन मंदी आर्थिक चक्र का एक सामान्य हिस्सा है।उपरोक्तपरिभाषा के अनुसार, अमेरिका वर्तमान में मंदी में नहीं है। हालाँकि 2025 की पहली तिमाही में अर्थव्यवस्था सिकुड़ गई, लेकिन आर्थिक विश्लेषण ब्यूरो ने अनुमान लगाया कि 2024 की अंतिम तिमाही में अमेरिकी अर्थव्यवस्था 2.4 पेर्सेंट बढ़ेगी। समय ही बताएगा कि 2025 की दूसरी तिमाही में क्या होगा। यदि हम नकारात्मक आर्थिक वृद्धि की एक और अवधिका अनुभव करतेहैं, तो संभवतगर्मियों तक अमेरिका आधिकारिक तौर पर मंदी की स्थिति में होगा। क्या मंदी आ रही है?कई अर्थशास्त्री, वित्तीय विशेषज्ञ और निवेश बैंक निकट भविष्य में अमेरिका में मंदी की बढ़ती संभावना का अनुमान लगा रहे हैं। गोल्डमैन सैक्स के मंदी की 45 पेर्सेंट संभावना के अनुमान के अलावा, अन्य प्रमुख खिलाड़ी भी इसी तरह कीसंभावनाएँ जारी कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, दुनिया के सबसे बड़े निवेश बैंक, जेपी मॉर्गन ने हाल ही में मंदी की अपनी अनुमानित संभावना को 40 पेर्सेंट से बढ़ाकर 60 पेर्सेंट कर दिया है, और सीएनबीसी फेड सर्वे के अनुसार , मंदी का जोखिम जनवरी में 23 पेर्सेंट से बढ़कर मार्च में 36 परसेंट हो गया।किसी भी अनिश्चितता की तरह, आसन्न मंदी की संभावना इस बात पर निर्भर करती है कि आप किससे पूछ रहे हैं। लेकिन भले ही मंदी का पूरी सटीकता से पूवार्नुमान लगाना असंभव हो, लेकिन निम्नलिखित मीट्रिक कुछ संकेत दे सकते हैं::उपभोक्ता भावनाः उपभोक्ता भावना के माप अक्सर अर्थव्यवस्था के स्वास्थ्य से संबंधित होते हैं, और उपभोक्ता भावना में गिरावट अक्सर मंदी से पहले होती है। वर्तमान में, उपभोक्ता भावना कम हैः एक व्यावसायिक सदस्यता समूह, द कॉन्फ्रेंस बोर्ड के एक माप से पता चलता है कि मार्च में उपभोक्ता भावना 12 साल के निचले स्तर पर आ गई।नीति अनिश्चितताः सामान्य अनिश्चितता अर्थव्यवस्था को कई तरह से प्रभावित कर सकती है। उदाहरण के लिए, यह भर्ती, निवेश और खर्च में कमी ला सकती है, जिससे अर्थव्यवस्था धीमी हो सकती है। प्रशासन में बदलाव से बहुत अनिश्चितता आ सकती है, और हाल ही में उद्घाटन कोई अपवाद नहीं था - खासकर टैरिफ और व्यापार के संबंध में।मुद्रास्फीतिः मंदी मुद्रास्फीति के दौर के बाद भी आ सकती है, जिसका सामना अमेरिका पिछले कुछ सालों से कर रहा है।

# कबाड़ से जुगाड़ के नवाचार की सौन्दर्यमयी चमक

- ललित गर्ग

कबाड़ से जुगाड़ सिर्फ.एक तरीका नहीं, बल्कि एक रचनात्मक दर्शन है जो संसाधनशीलता और नवाचार को बढ़ावा देता है। यह अपसाइकल की गई रचनाओं और सरल समाधानों के माध्यम से अपरंपरागत सोच की शक्ति का प्रमाण है। कबाड़ से जुगाड़ का दर्शन बेकार वस्तुओं को उपयोगी बनाने और संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने पर जोर देता है। यह दर्शन हमें नए और रचनात्मक समाधान खोजने के लिए प्रेरित करता है, जो मौजूदा समस्याओं को हल करने में मदद करते हैं और इससे कचरे को कम करने और पर्यावरण को बचाने में मदद मिलती है। यह आत्मनिर्भरता का भी दर्शन है, जो हमें अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए खुद पर निर्भर रहने के लिए प्रोत्साहित करता है, यह दर्शन जटिल समस्याओं के लिए सरल और व्यावहारिक समाधान खोजने पर जोर देता है।

जुगाड़ एक बोलचाल का हिंदी शब्द है जिसका मतलब है अपरंपरागत, किफायती नवाचार। कबाड़ से बने म्यूरल, पार्क और अन्य कलाकृतियां कबाड़ से जुगाड़ के उपक्रम को दशार्ती हैं। कबाड़ से बनाए गए टेलीस्कोप, लेजर लाइट ब्लोइंग कार, वाटर प्यूरीफायर आदि कबाड़ से जुगाड़ के उदाहरण है। चंडीगढ़ का रॉक गार्डन, जुन्नारदेव जनपद पंचायत के बरेलीपार गांव के ग्रामीणों का कबाड से बना स्वच्छता पार्क एवं मेरठ का कबाड़ से जुगाड़ अभियान ऐसे विरल एवं अनुकरणीय उदाहरण हैं जो राष्ट्रीय फलक पर चमक रहे हैं। कबाड़ से जुगाड़ बेकार की वस्तुओं से उपयोगी वस्तुएं बनाने की एक प्रक्रिया है। कबाड़ से जुगाड़ ना केवल हमारे पर्यावरण के संरक्षण के लिए बहुत सहायक है बल्कि यह अनुपयोगी वस्तुओं के निपटान का भी एक सटीक उपाय है। इसके माध्यम से हम ऐसी अनुपयोगी वस्तुओं को फेंकने की जगह उनसे कुछ उपयोगी वस्तुएं बना सकते हैं। कबाड़ से जुगाड़ के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को एक नया आयाम दिया जा सकता है, जो.रचनात्मकता एवं सृजनात्मकता की दिशा में उठाया गया एक सार्थक कदम है। हम भारतवासी वैसे भी जुगाड़ू होते हैं जो अपना काम बनाने के लिए हर जगह कुछ ना कुछ जुगाड़ कर लेते हैं। यदि हम अपनी रचनात्मकता कबाड़ से जुगाड़ में लगाएं तो दिनों दिन बढ़ते जा रहे कचरे के निपटान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इससे प्लास्टिक एवं ई-कचरे में निरंतर कमी आती जाएगी और पर्यावरण संरक्षण भी बढ़ेगा। संसाधनों पर वह भी बोझ कम पड़ेगा।

मेरठ का कबाड़ से जुगाड़ अभियान अब राष्ट्रीय फलक तक चमका, एक सकारात्मक सोच एवं सृजन का अनूठा उदाहरण बन गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात के 93वें संस्करण में योगी आदित्यनाथ सरकार के इस प्रयास की काफी सराहना की। शहरों को संवारने के प्रदेश सरकार के सपनों को साकार करते हुए मेरठ नगर निगम ने निष्प्रयोज्य वस्तुओं से कम लागत में ही शहर की आभा में चार चांद लगा दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह प्रयास पर्यावरण की सुरक्षा और शहर के सुंदरीकरण से जुड़ा है। निष्प्रयोज्य वस्तुएं स्क्रैप, पुराने टायर, कबाड़, खराब ड्रम से भी कम खर्चे में कैसे शहर को संवारा जा सकता है, मेरठ इसकी बानगी है। कम खर्चे में सावर्जनिक स्थलों का सुंदरीकरण कैसे हो, यह अभियान इसकी मिसाल है। खराब पड़ी चीजों का प्रयोग कर शहर को सजाया गया। गांधी आश्रम चौराहा, गढ़ रोड पर लोहे के स्क्रैप, पुराने पहियों से फाउंटेन निर्मित कराया गया। सर्किट हाउस चौराहे पर लाइट ट्री, पुराने बेकार ड्रमों से स्ट्रीट इंस्टलेशन, हाथ ठेली के बेकार पहियों से बैरिकेडिंग कर मिनी व्हील पार्क, जेसीबी के पुराने टायरों से डिस्प्ले वॉल, पार्कों में बैठने के लिए स्टूल मेज आदि की व्यवस्था की गई। मेरठ नगर निगम ने शहर को चमकाने के लिए अनोखे प्रयोग किए, जो काफी सफल रहे। दरअसल नगर निगम में बने गोदाम में पड़े कबाड़ की न तो उचित कीमत मिल रही थी और न ही इसका सही उपयोग एवं निपटान हो रहा था, पर योगी सरकार की पहल पर नगर आयुक्त अमित पाल शर्मा ने शहर को जगमगाने का निर्णय लिया। लाइटिंग वाला कृत्रिम पेड़ भी न सिर्फ लोगों को आकर्षित कर रहा है, बल्कि शहर की खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है। इसकी आभा देख लोग निहाल और अचंभित हो रहे हैं।

कबाड़ से जुगाड़ का मतलब है बेकार पड़ी चीजों से कुछ उपयोगी या रचनात्मक बनाना, जैसे कि कचरे से सुंदर सजावटी वस्तुएं, या बेकार प्लास्टिक से जूते-चप्पल बनाना। ग्रामीणों ने कबाड़ से एक सुंदर स्वच्छता पार्क बनाया, जिसमें सजावटी वस्तुएं, आरामदायक बैठने की व्यवस्था और स्वच्छता से संबंधित कलाकृतियाँ शामिल हैं। बच्चों को सिखाने के लिए कबाड़ के सामान से खिलौने बनाए जा सकते हैं, जैसे कि टेलीस्कोप, लेजर लाइट ब्लोइंग कार, रबर बैंड नाव, टेबल लैंप, वाटर प्यूरीफायर आदि। बेकार लकड़ी, प्लास्टिक और अन्य सामग्रियों से फर्नीचर बनाया जा सकता है, जैसे कि टेबल, कुर्सी, और अलमारी। कबाड़ से कलाकृतियाँ बनाई जा सकती हैं, जैसे कि पेंटिंग, मूर्तिकला, और सजावटी वस्तुएं। पुराने कपड़ों से नए कपड़े या बैग बनाए जा सकते हैं। कबाड़ से खाद और अन्य उपयोगी चीजें बनाई जा सकती हैं, जो खेती के लिए उपयोगी हो सकती हैं। जयपुर फुट, यह एक कृत्रिम अंग है जो कम लागत में बनाया जाता है और यह जुगाड़ मानसिकता का एक बेहतरीन उदाहरण है।

प्लास्टिक के कबाड़ को रिसाइकल करके उपयोगी चीजें बनाई जा सकती हैं, जैसे कि प्लास्टिक दाना जो फुटवियर फैक्ट्रियों में इस्तेमाल होता है। कबाड़ से विभिन्न उपकरण बनाए जा सकते हैं, जैसे कि पानी फिल्टर, यांत्रिक उपकरण आदि। कबाड़ से सजावटी वस्तुएं बनाई जा सकती हैं, जैसे कि विंड चाइम, फोटो फ्रेम, फूलों के गमले, आदि। जो सामान घर में उपयोग ना हो तो वह कबाड़ में तब्दील हो जाता है। इसके बाद उसे ऐसे ही बाहर फेंक दिया जाता है। अगर यही कबाड़ आपकी सेहत बनाने का काम करने के साथ ही गांव और शहर की सुंदरता में चार चांद लगा दे तो यह अपने आपमें चर्चा एवं अनुकरणीय उदाहरण बन जाता है। कुछ ऐसा ही किया है आदिवासी ग्राम पंचायत बरेलीपार के लोगों ने, खेतों में उपयोग होने वाले औजारों सहित घर की खराब वस्तुओं का उपयोग कर ग्रामीणों ने ऐसा काम किया कि जो भी देखता है तो दंग रह जाता है। कबाड़ से ग्रामीणों ने स्वच्छता पार्क बनाने के साथ ही हेलीकॉप्टर तक बना दिया। कबाड़ के जुगाड़ से ग्रामीणों ने सुंदर पार्क का निर्माण किया तो लोगों की सेहत बनाने में भी कारगर साबित हो रहा है। आज दुनिया के सामने कई तरह की चुनौतियां हैं, जिसमें से ई-वेस्ट एक नई उभरती विकराल एवं विध्वंसक समस्या भी है। दुनिया में हर साल 3 से 5 करोड़ टन ई-वेस्ट पैदा हो रहा है। ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर के मुताबिक भारत सालाना करीब 20 लाख टन ई-वेस्ट पैदा करता है और अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी के बाद ई-वेस्ट उत्पादक देशों में 5वें स्थान पर है।

# ये हैं कौन, कहाँ से आते हैं और इन्हें भेजता कौन है ?

- तनवीर जाफरी

भीष्म साहनी द्वारा लिखित लोकप्रिय उपन्यास तमस का प्रकाशन 1973 में हुआ था। साहित्य जगत में यह उपन्यास बहुत ही लोकप्रिय हुआ था। इसे 1975 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से भी नवाजा गया। प्रसिद्ध फिल्म निमार्ता गोविंद निहलानी ने 1986 में इसी तमस उपन्यास पर आधारित एक दूरदर्शन धारावाहिक तथा एक फि ल्म भी बनाई। इस में भारत पाक विभाजन के समय की कई दर्दनाक घटनाओं का वर्णन किया गया है। इसी में यह भी दिखाया गया था कि किस तरह साम्प्रदायिक दंगे भड़काने के लिये कोई मुसलमान ही किसी मस्जिद में सूअर का मांस फेंक देता है और कोई हिन्दू मंदिरों में गौमांस फेंककर साम्प्रदायिक तनाव के वातावरण में पेट्रोल छिड़कने जैसे काम करता है। गोया यह एक पुरानी व सधी हुई रणनीति है जोकि विघटनकारी मानसिकता रखने वाले राजनीतिज्ञों द्वारा साम्प्रदायिक दंगे भड़काने के लिये और उसके बाद उसका राजनैतिक लाभ उठाने के लिये अमल में लाई जाती है। तो क्या 1947 जैसी साम्प्रदायिक मानसिकता रखने वाले षड्यंत्रकारी राजनीतिज्ञों द्वारा देश की स्वतंत्रता के लगभग आठ दशक बाद आज भी उसी तरह का घिनौना खेल खेला जा रहा है ? क्या आज भी देश के विभिन्न इलाकों में उसी तरह की शक्तियां सक्रिय हैं जो वेश बदलकर या लुका छुपी कर साम्प्रदायिक उन्माद फैलाने व दंगे भड़काने में अहम किरदार निभा रही हैं। गत कई वर्षों से इसतरह की खबरों की सोशल मीडिया व अखबारों में बाढ़ सी आई हुई है। जबकि इतने गंभीर विषय पर देश का स्वयंभू मुख्यधारा का मीडिया खामोश रहता है। मिसाल के तौर पर हमारे देश में गौकशी या गौमांस का मुद्दा बेहद संवेदनशील मुद्दा है। उत्तर प्रदेश व अन्य कई राज्यों में गौ तस्करी या गोहत्या के मामाले सामने आये। कई मामलों में आरोपियों को पीट पीट कर मार डाला गया। कई का पुलिस एनकाउंटर किया गया। जाहिर है ऐसे मामलों में मुसलमान ही प्रायः निशाना बनते रहे हैं। परन्तु जब पुलिस उत्तर प्रदेश के बिजनौर में राहुल, सचिन और बृजपाल को कार में दो क्विंटल गोमांस के साथ गिरफ़्तार करती है तो इसे किस नजरिये से देखा जाना चाहिये ? जब आगरा और मुरादाबाद में भी पुलिस गोहत्या के मामले में हिंदूवादी कार्यकताओं को गिरफ़्तार करे तो क्या कहा जाये ? इसी तरह इसी वर्ष गत 12 मार्च को गाजियाबाद के सिहानी गेट थाना क्षेत्र में कुछ लोगों ने गौशाला में मांस रखकर उसे गौमांस बताने और धार्मिक उन्माद फैलाने की कोशिश की। पुलिस को पता चला कि यह साजिश पास की ही एक दूसरी गौशाला की संचालक छाया शर्मा और उसके साथियों ने रची थी। उनका मकसद श्रीराम गौशाला पर कब्जा जमाना और धार्मिक माहौल खराब करना था। छाया शर्मा के साथियों ने स्वयं बाजार से मांस खरीदकर गौशाला में रखा और फिर गौरक्षकों को सूचना देकर साम्प्रदायिकता भड़काने की कोशिश की। पुलिस ने इस मामले में योगेश चौधरी और शिवम को गिरफ़्तार किया था जिन्होंने बाद में यह स्वीकार किया था कि उन्होंने ही हिंडन विहार की किसी मांस की दुकान से मांस खरीदा और गौशाला में मांस रख कर खुद ही फर्जी नाम से गौरक्षकों को फोन कर गौशाला में मांस होने की सूचना दी।

## आज का राशिफल

- **मेष** आज दिन कारोबार और आर्थिक मामलों में लाभ से भरा होगा। आपके सभी रुके हुए काम पूरे होंगे।
- **तुला** सम्मान से भरा रहेगा। शिक्षा और प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि मिल सकती है।
- **वृषभ** करियर में सम्मान मिलेगा। अचानक धन लाभ होने के योग हैं और आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी।
- **वृश्चिक** आज आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। धन और सम्मान में वृद्धि होगी। रुके हुए काम पूरे होंगे।
- **मिथुन** आज भाग्य साथ देगा। आपके द्वारा बनाई गई योजनाएं सफल होंगी। आपकी तरक्की होगी।
- **धनु** आज दिन अधिक खर्च वाला रहेगा। सांसारिक सुख-भोग के साधनों में वृद्धि होगी।
- **कर्क** आज करियर में सफलता मिलेगी। कारोबार में तरक्की और सफलता के योग बन रहे हैं।
- **मकर** करियर के मामले में लाभ का दिन है। कारोबार में लाभ होगा। आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।
- **सिंह** आज दिन शुभ है। योजनाएं सफल होंगी। राजनीतिक क्षेत्र में कामयाबी मिलेगी। संतान के दायित्व पूरे होंगे।
- **कुंभ** आज करियर के मामले में काफी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। खर्च अधिक रहेगा।
- **कन्या** आज दिन प्रसन्नता से भरा रहेगा। आपको रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। धन में वृद्धि के योग हैं।
- **मीन** आज दिन शुभ है। किसी काम से यात्रा हो सकती है। व्यापार में बढ़ती प्रगति से खुशी होगी।

## विशेष

# अमेरिका ने दी भारत को नसीहत

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, कब कौन सा रुख अपना लें। कुछ नहीं कहा जा सकता है।भारत को लेकर अमेरिका का नजरिया लगातार बदल रहा है। अमेरिका ने पहले भारत का समर्थन किया था। अमेरिका ने यह भी कहा था कि भारत को अपनी रक्षा करने का पूरा अधिकार है। अब अमेरिका का रहा है,भारत को टकराव की कार्रवाई नहीं करनी चाहिए। आपस में बातचीत करके मसले को सुलझाना चाहिए।अमेरिका जिस तरह से गिरगिट की तरह रंग बदल रहा है।उसने भारत सरकार की चिंता को बढ़ा दिया है। रही सही कसर चीन पूरा कर रहा है।

# 180 देश की सूची में भारत 151वें नंबर पर

प्रेस फ्रीडम की रेटिंग मे 180 देश की सूची में भारत का नंबर 151 वां है। इंटरनेशनल संस्था ने जो सूची तैयार की है। उसमें भारत की रैंकिंग में थोड़ा सा सुधार हुआ है। फिर भी भारत प्रेस फ्रीडम के मामले में भारत बहुत नीचे है।भारत सरकार इस बात पर खुशी जाहिर कर सकता है।भारत के नीचे सूची में भूटान चीन पाकिस्तान फिलिस्तीन रूस अफगानिस्तान सीरिया और उत्तर कोरिया जैसे देश हैं। अभी भी भारत में सोशल मीडिया के माध्यम से प्रेस फ्रीडम की रैंकिंग उक्त देशों के मुकाबले ठीक-ठाक है।भारत इस बात पर भी गर्व कर सकता है।अमेरिका के प्रेस फ्रीडम की रैंकिंग में गिरावट आई है। जब अमेरिका और पाकिस्तान गिर रहा है।ऐसी स्थिति में भारत को चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है।

## कार्टून कोना





## आज का इतिहास

1533 कैथोलिक चर्च ने इंग्लैंड नरेश हेनरी अष्टम और अरागान की कैथरीन का विवाह अवैध करार दिया. 1564 विलियम शेक्सपियर का जन्म हुआ. 1774 ब्रिटिश कमांडर कर्नल चैयरमैन के नेतृत्व में अंग्रेजों ने रूलखंड पर कब्जा किया. 1873 उत्तर पश्चिम सुमात्र में आशिन के सुलतान और डच फौजों में युद्ध भड़का. 1895 चीन का कुछ भाग जापान को दिए जाने पर रूस,फ्रांस और जर्मनी ने विरोध दर्ज किया. 1904 अमेरिका ने फ्रांस के पनामा नहर कंपनी की सम्पति अपने कब्जे में ले ली. 1935 नौ वर्ष तक विचार-विमर्श करने के बाद पोलैंड का संविधान स्वीकार किया गया. 1965 फ्रांस ने दक्षिण पूर्व एशिया संधि संगठन से अपने नौ सैनिक बेड़े को हटा लिया. 1972 अपोलो-46 अंतरिक्ष यात्रियों ने चांद से धरती की वापसी यात्रा शुरू की.

## दैनिक पंचांग

6 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 05.57 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | मिथुन | 07.55 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 10.09 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 12.25 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 14.37 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 16.48 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 19.02 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 21.18 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 23.23 बजे से |
| राहुकाल | | कुंभ | 01.10 बजे से |
| 3.00 से 4.30 बजे तक | | मीन | 02.43 बजे से |
| | | मेष | 04.13 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 126 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2082
**शक संवत्** 1946
**मास** वैशाख **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** नवमी 08.39 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मघा 15.52 बजे को समाप्त।
**योग** ध्रुव 00.30 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** कौलव 08.39 बजे तदनन्तर तैतिल 21.26 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 08.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 16° 33'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872336
**जूलियन दिन** 2460801.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्काद
**तारीख** 07

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore



# बच्चों के साथ प्लेन, ट्रेन या रोड ट्रिप कर रहे हैं प्लान तो भूलकर भी न करें ये गलतियां

बच्चों के साथ ट्रैवलिंग करना इतना आसान नहीं होता है। ऐसे में आज हम आपको बताएंगे कि बच्चों के साथ ट्रैवलिंग के दौरान किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।
छोटे बच्चे का साथ ट्रिप प्लान करना मुश्किल से कम नहीं होता है। चाहे आप प्लेन से सफर कर रहे हों, ट्रेन में हों या रोड ट्रिप कर रहे हों, बच्चों की देखभाल और उन्हें ट्रिप के दौरान सब कुछ मिल सकें इसे सुनिश्चित करना काफी ज्यादा जरूरी हो जाता है। आज हम आपको बताएंगे कि आपको बच्चों के साथ ट्रिप करते समय किन बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

## खाने पीने का ध्यान रखें

बच्चों को सफर के दौरान बहुत सारी चीजों की जरूरत हो सकती है। चाहे वह खाने-पीने का सामान हो, कपड़े हों या मनोरंजन के साधन। ऐसे में अगर आपके बच्चे छोटे हैं तो आपको इन चीजों का ध्यान में रखकर ही ट्रिप प्लान करना चाहिए।

## आरामदायक कपड़े

छोटे बच्चे काफी जल्दी परेशान हो जाते हैं। ऐसे में ट्रिप के दौरान उन्हें आरामदायक कपड़े ही पहनाना चाहिए। ताकि वह आराम से सफर कर सकें। ऐसे में आपको छोटे बच्चे को टाइट या भारी कपड़े ना पहने जिससे उनका मूड खराब हो सकता है।

## दवाइयां जरूर रखें

अगर आप दूर का सफर तय कर रहे हैं तो आपके छोटे बच्चे को परेशानी हो सकती हैं। ऐसे में आपको अपने साथ दवाईयां जरूर रखना चाहिए। अगर आप दवाईयां कैरी नहीं करती हैं तो सफर के दौरान अगर आपका बच्चा बीमार होता है तो आपको दिक्कत हो सकती हैं। कई बार रोड ट्रिप के दौरान दवाईयां मिलना मुश्किल हो जाता है।





# कोर्टिसोल फेस क्या है?

## जानें इसके होने का कारण

**इन दिनों हम कोर्टिसोल फेस के बारे में काफी सुन रहे हैं। मगर क्या आपको पता है कि आखिर ये होता क्या है और इसके होने की खास वजह क्या है। आइए इन सवालों के जवाब हम इस लेख में जानने की कोशिश करते हैं।**

मार्केट में कई तरह के ऐसे प्रोडक्ट्स होते हैं, जो ये दावा करते हैं कि उनके इस्तेमाल से स्किन हमेशा यूथफुल रहेगी, लेकिन कई बार यह प्रोडक्ट्स स्किन पर उल्टा असर दिखा देते हैं और त्वचा खराब हो जाती है। इससे कई तरह की बीमारियों के होने की संभावना भी बढ़ जाती है जैसे- कोर्टिसोल आदि की बीमारी होना। यह एक ऐसी बीमारी है, जिसमें चेहरा मोटा होने लगता है यानी सूरज पैदा होने लगती है। कहा जा रहा है कि आधुनिक जीवनशैली के कारण शरीर में बढ़ रहे कोर्टिसोल की वजह से लोगों के चेहरे पहले से ज्यादा गोल और सूजे हुए नजर आ रहे हैं। क्या वाकई ऐसा संभव है?

### कोर्टिसोल फेस क्या है?

ऊपर की गई बात से हमें पता चलता है कि कोर्टिसोल होता क्या है। अब थोड़ा इसे आसान भाषा में समझने की कोशिश करते हैं। इसे मून फेस या कोर्टिसोल फेस को आसान भाषा में चेहरे की सूजन या चेहरे ज्यादा फूला हुआ नजर आना कहा जाता है। कोर्टिसोल फेस की समस्या में शरीर में कुशिंग सिंड्रोम की वजह से होता है। किसी भी व्यक्ति को कुशिंग सिंड्रोम तब होता है, जब शरीर में लंबे समय तक कोर्टिसोल हार्मोन का उत्पादन ज्यादा मात्रा में होता है। बेस्ट प्रैक्टिस एंड रिसर्च क्लिनिकल एंडोक्रिनोलॉजी एंड मेटाबॉलिज्म में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, दुनियाभर में हर साल 1.8 से ज्यादा लोग कुशिंग सिंड्रोम से पीड़ित पाए जाते हैं।

### कोर्टिसोल होने के पीछे की वजह

अब सवाल आता है कि यह बीमारी कैसे होती है। इसके पीछे क्या कारण हो सकते हैं, अगर आप जानना चाहते हैं तो आइए आसान भाषा में समझने की कोशिश करते हैं।

- खाने से किसी भी तरह की एलर्जी, स्किन केयर प्रोडक्टसे एलर्जी की वजह से भी यह बीमारी हो जाती है, जिसे कोर्टिसोल फेस होता है।
- हाइपोथायरायडिज्म या किडनी की बीमारियों के कारण भी चेहरे पर सूजन हो सकती है। ऐसे में जरूरी है कि आप चेकअप करवाएं और डॉक्टर से सलाह लें।
- खाने में ज्यादा नमक इस्तेमाल करने और खाने की वजह से भी इसकी समस्या हो सकती है। कई बार कहा जाता है कि चावल खाकर रात को सोने से भी परेशानी बढ़ जाती है।
- खराब नींद से शरीर में पानी जमा होने और सूजन का कारण बन सकता है। इसलिए नियमित रूप से पानी पिएं और अपना चेकअप करवाते रहें।ॉ

### कोर्टिसोल से बचने के उपाय

- अगर आपको यह बीमारी हो गई है, तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। बस आपको कुछ बाते हैं, जिनका खास ध्यान रखना होगा।
- अगर आप इस समस्या से परेशान हैं, तो कोशिश करें खाने में नमक की मात्रा को सीमित रखें। जरूरत से ज्यादा नमक न खाएं। ऐसा करने से आपके दिक्कत हो सकती है।
- रोजाना 3 से 4 लीटर पानी पिएं और खाना खाने के बाद थोड़ा चलें। ऐसा करने से शरीर का इंफेक्शन दूर होगा और आपकी तबीयत में सुधार आएगा।
- खाने में फाइबर की मात्रा को ज्यादा रखें। फाइबर हमें इस बीमारी से दूर रहने की हिम्मत देता है। इसके अलावा, आयरन को भी अपने आहार में शामिल करें।
- रात को 8 से 9 घंटे की पर्याप्त नींद लें। सोने से आपकी आंखें नीचे से मोटी नहीं होंगी। साथ ही, आपका चेहरा भी नहीं सुधरेगा।
- वहीं, तनाव मत लें क्योंकि इससे शरीर में जब कोर्टिसोल हार्मोन का स्तर बढ़ता है। तो यह चेहरे, पेट और गर्दन के आसपास के क्षेत्रों में सूजन को बढ़ाता है, जिसे कोर्टिसोल फेस के तौर पर जाना जाता है।





# बच्चों का कमरा रहता है अस्त-व्यस्त इस तरह से करें सेट

**अक्सर बच्चे कमरे में पहुंचते ही एक समान को ढूंढ़ने के लिए पूरा कमरा फैला कर रख देते हैं। अगर आप भी इस दिक्कत का सामना करती हैं, तो ये टिप्स आपके लिए कारगर साबित हो सकती हैं।**

अगर घर में छोटे बच्चे हैं तो आप चाहें कमरे को जितना भी सेट कर लें। वह दोबारा से फैल जाता है। ऐसे में घर की महिलाओं का अधिकतर समय कमरे को सेट करने में चला जाता है। इसके अलावा आज के समय ज्यादातर घरों में बच्चों का एक अलग से कमरा बनवाया जाता है, जिसमें पढ़ने से लेकर सोने तक की व्यवस्था की जाती है। ऐसे में बच्चें से नजर हटते ही वह पूरे कमरे को फैला देते हैं। अगर आपके घर पर भी बच्चे अपने कमरे को फैला देते हैं, तो ये हैक्स बच्चे के रूम को सेट करने में मदद कर सकते हैं।

## बुक शेल्फ का करें इस्तेमाल

बच्चे अपने बैग से सभी बुक और कॉपियों को निकालकर फैला देते हैं। ऐसे में जब भी बच्चे होम वर्क या पढ़ने बैठे तो उन्हें कॉपी वह बुक निकाल कर दें। अक्सर बच्चे एक नोटबुक ढूढ़ने के चक्कर में पूरा बैग पलट देते हैं, जिसकी वजह से पूरा कमरा फैला हुआ लगने लगता है।

## अलमारी को रखें बंद

अगर आपके घर बच्चों के कपड़े के लिए अलग अलमारी बनी हैं, तो उसे बंद करके रखें। बच्चे चंचल, मनमौजी और शरारती होते हैं, जो खेलते हुए पूरे कमरे को बिखेर कर रख देते हैं। अगर उन्हें एक काम करने को कहें तो वह उसे करने के अलावा दूसरा काम भी फैला देते हैं। ऐसे में अगर आपके छोटे हैं तो उन्हें कपड़ा निकालने के लिए न कहें। अगर ऐसा करते भी हैं, तो उसके लिए एक अलग ऑर्गेनाइजर बनाएं।

## खिलौने के लिए बनाएं ऑर्गेनाइजर

बच्चे अक्सर खिलौने के साथ खेलना पसंद करते हैं। पूरे खिलौनों को वहीं पर छोड़कर दूसरा काम करने लगते हैं। ऐसे में आप खिलौना रखने के लिए एक ऑर्गेनाइजर बनाएं और उन्हें तुरंत उठाकर वहीं पर रख दें।

## काम करते वक्त बच्चों को लगाएं साथ

अक्सर मां बाप खुद ही कमरे को व्यवस्थित करते हैं। इसके अलावा कई बार बच्चे के इस काम पर उन पर गुस्सा करते हैं। गुस्सा करने के बजाय रूम को सेट करते समय बच्चों से भी सामान रखने के लिए कहें। ऐसा करके आप उन्हे खुद से रूम से सेट करना सीखा पाएंगे।

## सामान पर लगाए लेबल

बच्चों के रूम को सेट रखने के लिए आप उनके सामान के अलग-अलग आर्गेनाइजर बनाएं और उस पर अलग-अलग लेबल लगाएं। ऐसा करके सामान को खोजने पर आसानी होगी।





**पुरानी प्लास्टिक या मेटल की कैन का इस्तेमाल कर रहे हैं, उसे अच्छे से साफ कर लें। अगर आप चाहते हैं तो इसे पेंट कर सकते हैं या उसमें सजावट कर सकते हैं। लकड़ी की डिस्पोजेबल चम्मच से फ्लावर पॉट बनाना एक मजेदार और क्रिएटिव प्रोजेक्ट हो सकता है। यह आपके घर को सजाने का एक अनोखा और क्रिएटिव तरीका है। यहां एक सरल तरीका बताया गया है।**

# लकड़ी की चम्मच से घर पर बनाएं फ्लावर पॉट

### फ्लावर पॉट बनाने के लिए सामग्री

लकड़ी की डिस्पोजेबल चम्मच - लगभग 20-30 चम्मच (आपके फ्लावर पॉट के आकार पर निर्भर करता है)
गोंद - लकड़ी या क्राफ्ट गोंद
पुरानी प्लास्टिक या मेटल की कैन - बेस के लिए (पुराने टिन के डिब्बे या प्लास्टिक की बोतल का निचला हिस्सा)
पेंट और ब्रश - चम्मच और पॉट को सजाने के लिए
रिबन या अन्य सजावट - पॉट को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए

### फ्लावर पॉट बनाने की प्रक्रिया

### कैट या बोतल का बेस तैयार करें

सबसे पहले, जिस पुरानी प्लास्टिक या मेटल की कैन का इस्तेमाल कर रहे हैं, उसे अच्छे से साफ कर लें। अगर आप चाहते हैं तो इसे पेंट कर सकते हैं या उसमें सजावट कर सकते हैं।

### लकड़ी की चम्मचों की तैयारी

अब लकड़ी की डिस्पोजेबल चम्मच लें और अगर आप चाहें तो उन्हें पेंट कर सकते हैं। आप अलग-अलग रंगों का इस्तेमाल कर सकते हैं या बस उन्हें प्राकृतिक लकड़ी के रंग में छोड़ सकते हैं।

### चम्मच को पॉट पर लगाएं

गोंद की मदद से चम्मचों को कैन या बोतल के चारों ओर चिपकाएं। ध्यान दें कि चम्मच के हैंडल को नीचे की ओर रखें और उनका उभरा हुआ हिस्सा ऊपर की ओर रहे। चम्मचों को एक के बाद एक इस तरह चिपकाएं कि वे ओवरलैप हों और पूरे पॉट को कवर कर लें।

### सजावट

अगर आप चाहें तो रिबन, मोती, या अन्य सजावट के सामान का इस्तेमाल कर सकते हैं। इन्हें गोंद की मदद से पॉट के ऊपर या चम्मचों के बीच में लगा सकते हैं।

### फाइनल टच


- गोंद सूखने के बाद, आपके लकड़ी की चम्मचों से बने फ्लावर पॉट तैयार हो जाएगा। इसमें आप अपनी पसंद के पौधे या फूल लगा सकते हैं।

### लकड़ी की चम्मच से इस तरह से भी बना सकते हैं फ्लावर पॉट

- लकड़ी की चम्मचों को एक दूसरे के साथ जोड़कर एक सर्कल बनाएं। आप चाहें तो चम्मचों को पहले पेंट भी कर सकते हैं।
- चम्मचों के बीच में प्लास्टर ऑफ पेरिस लगाकर उन्हें एक साथ जोड़ें।
- चम्मचों के सर्कल को एक छोटे पॉट या कंटेनर पर रखें और प्लास्टर ऑफ पेरिस से जोड़ें।
- पूरे पॉट को पेंट करें और सूखने दें।
- अपने नए फ्लावर पॉट में फूल लगाएं और अपने घर को सजाएं।
- एक अनोखा और रचनात्मक तरीका है, अपने घर को सजाने का लकड़ी की चम्मच से बनाएं फ्लावर पॉट और अपने घर को एक नया और अनोखा लुक दें।

### ये टिप्स भी करें फॉलो

अगर पॉट को आउटडोर में रखना है, तो सुनिश्चित करें कि पेंट और गोंद वाटरप्रूफ हो। अलग-अलग आकार और डिजाइन के चम्मचों का इस्तेमाल करके अलग-अलग प्रकार के पॉट बना सकते हैं। आप फ्लावर पॉट को और अधिक मजबूत बनाने के लिए गोंद के साथ-साथ तार या धागे का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। आप फ्लावर पॉट में मिट्टी डालकर और उसमें फूल लगाकर इसे फ्लावर पॉट में बदल सकते हैं।



## आधिकारिक रिकॉर्ड से हटेंगे 3300+ कंपनियों के नाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय 3,300 से अधिक कंपनियों के नाम आधिकारिक रिकॉर्ड से हटा देगा। मंत्रालय के पास उपलब्ध ताजे आंकड़ों के अनुसार, विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज (आरओसी) ने कंपनी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अप्रैल में इन कंपनियों के नाम हटाने के संबंध में सार्वजनिक नोटिस जारी किए।



उपरोक्त 3,300 कंपनियों में से महाराष्ट्र में 700 से अधिक, दिल्ली में लगभग 500, कर्नाटक में 350 से अधिक, गुजरात, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में 200–200 से अधिक कंपनियां हैं। कंपनी रजिस्ट्रार को कंपनी अधिनियम की धारा 248(2) के तहत कुछ आधारों पर कंपनियों से आवेदन मिले थे। इनमें यह भी शामिल था कि वे अपनी स्थापना के एक वर्ष के भीतर कारोबार शुरू करने में विफल रहीं या उन्होंने दो वित्त वर्षों की अवधि के दौरान कोई कारोबार नहीं किया। इस वर्ष मार्च के अंत तक देश में कुल 28.52 लाख पंजीकृत कंपनियों में से 18.51 लाख सक्रिय कंपनियां थीं। धारा 248(2) के तहत, कोई कंपनी अपनी सभी देनदारियों को समाप्त करने के बाद विशेष प्रस्ताव या 75 प्रतिशत सदस्यों की चुकता शेयर पूंजी की सहमति से कुछ शर्तों के अधीन नाम हटाने के लिए आवेदन कर सकती है। कंपनी रजिस्ट्रार ने अप्रैल में सार्वजनिक नोटिस जारी कर यह पता लगाने की कोशिश की थी कि क्या किसी को इन कंपनियों के नाम हटाने के प्रस्ताव पर कोई आपत्ति है।

## भारत की उदार नीति फार्मा, वाहन व पर्यटन बना वैश्विक निवेशकों का पसंदीदा गंतव्य

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत की उदार प्रत्यक्ष विदेशी निवेश यानी एफडीआई नीति ऐसे वैश्विक निवेशकों के लिए निवेश के अवसर प्रदान करती है, जो इसकी विशाल और विस्तारित अर्थव्यवस्था में निवेश करना चाहते हैं। डेलॉय की रिपोर्ट के अनुसार, फार्मास्युटिकल्स, वाहन और पर्यटन जैसे क्षेत्र न केवल एफडीआई के लिए आकर्षण का केंद्र हैं, बल्कि रोजगार, निर्यात और इनोवेशन के



इंजन भी हैं, जो भारत की वृद्धि की अगली लहर को गति दे रहे हैं। डेलॉय के अनुसार, भारत ने बीमा, बीमा मध्यस्थ, पर्यटन निर्माण, अस्पताल और चिकित्सा उपकरण जैसे प्रमुख क्षेत्रों सहित अधिकांश क्षेत्रों में स्वत- मंजूर मार्ग के तहत 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति देकर महत्वपूर्ण प्रगति की है। यह कदम स्थिरता का संकेत देता है, जो वैश्विक निवेशकों को भारत की विशाल और बढ़ती अर्थव्यवस्था में उतरने के लिए एक बेहतर अवसर प्रदान करता है।
70 अरब डॉलर की राष्ट्रीय मौद्रीकरण पाइपलाइन और 100 से अधिक शहरों में औद्योगिक गलियारे के विकास के समर्थन से भारत वैश्विक निवेशकों को निवेश के लिए तैयार क्षेत्र प्रदान कर रहा है।

### अडानी की कंपनी के शेयर में आ गई तूफानी तेजी

# चौथी तिमाही में मुनाफे का दिखाई दिया असर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयर मार्केट हरे निशान पर खुली। इसी के साथ कई कंपनियों के शेयर में भी जबरदस्त तेजी देखी गई। खासतौर से उनमें जिन्हें वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में मुनाफा हुआ है। इसी में अडानी ग्रुप की कंपनी अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन का शेयर भी शामिल है। सोमवार को इसमें बाजार खुलने के दो घंटे के अंदर ही करीब 7 फीसदी की तेजी आ गई। शुक्रवार को यह शेयर 1267.05 रुपये पर बंद हुआ था। सोमवार को यह तेजी के साथ 1297.50 रुपये पर खुला। लेकिन कुछ ही देर में इसमें थोड़ी गिरावट भी आई और यह 1285.30 रुपये पर आ गया। लेकिन इसके बाद इसमें तेजी आती गई। देखते ही देखते यह तेजी 6 फीसदी को भी पार कर गई। सोमवार सुबह 11꞉15 बजे यह शेयर करीब 7 फीसदी की तेजी के साथ 1354.80 रुपये पर कारोबार कर रहा था।

**नुकसान की भरपाई हुई-** शुक्रवार को भी इस शेयर में 4.4 प्रतिशत की तेजी आई थी। अडानी पोर्ट्स निफ्टी इंडेक्स में सबसे आगे रहा था। अब कंपनी ने साल 2025 में हुए सारे नुकसान की भरपाई कर ली है।



इस साल अब तक इस कंपनी के शेयर में 9 फीसदी से ज्यादा की तेजी आ चुकी है। वहीं पिछले एक महीने में शेयर 20 प्रतिशत से ज्यादा बे हैं।

**कंपनी को हुआ मुनाफा-** अडानी पोर्ट्स ने पिछले हफ्ते वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के नतीजे घोषित किए थे। कंपनी ने बताया कि चौथी तिमाही में उनका मुनाफा 50 प्रतिशत बा है। पिछले साल के मुकाबले इस साल मुनाफा 3,023 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले साल यह 2,025 करोड़ रुपये था। कंपनी की कमाई 23 प्रतिशत बकर 8,488 करोड़ रुपये हो गई। अर्निंग्स बिफोर इंटरेस्ट, टैक्स, डेप्रिसिएशन एंड अमॉर्टाइजेशन 24 प्रतिशत बकर 5,006 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी के सीइओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) अश्विनी गुप्ता ने कहा कि एफवाय25 में 11,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का प्रॉफिट आफ्टर टैक्स और 450 मिलियन मीट्रिक टन कार्गो का रेकॉर्ड प्रदर्शन किया।

**लॉजिस्टिक्स से भी खूब कमाई हुई-** कंपनी के लॉजिस्टिक्स विभाग की कमाई लगभग दोगुनी होकर 1,030 करोड़ रुपये हो गई।

## बाजार खुलते ही 3,400 रुपये चढ़ गया देश का सबसे महंगा शेयर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** तेल कंपनियों, पेंट्स और एयरलाइन कंपनियों के शेयरों में भारी तेजी आई है। ओपेक+ देशों ने तेल का उत्पादन बाने का फैसला किया है। इससे कच्चे तेल की कीमतों में चार फीसदी से ज्यादा गिरावट आई है औह यह ,60 प्रति बैरल से भी कम हो गई है। कच्चे तेल की कीमतें गिरने से एयरलाइंस और पेंट बनाने वाली कंपनियों दोनों को फायदा होता है। पेंट बनाने वाली कंपनियों के लिए कच्चा माल सस्ता हो जाता है। इससे उनका मुनाफा ब जाता है। इसी तरह, एयरलाइंस के लिए ईंधन सस्ता होने से उनका मुनाफा भी बता है। टायर बनाने वाली कंपनियां भी कच्चे तेल से बनने वाले कार्बन ब्लैक का इस्तेमाल करती है। यह कार्बन ब्लैक टायर बनाने का एक जरूरी कच्चा माल है।

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो को चलाने वाली इंटरग्लोब एविएशन के शेयरों में 4 प्रतिशत से अधिक तेजी आई। क्स्थ्र पर कंपनी का शेयर 5,580 रुपये तक पहुंच गया। एशियन पेंट्स के शेयर भी लगभग 2.5 प्रतिशत बे। कंपनी का शेयर बीएसई पर 2,474.50 रुपये तक गया। बर्जर पेंट्स और एज्को नोबेल के शेयर भी लगभग 2 प्रतिशत बे। इसी तरह टायर बनाने वाली कंपनी स्न्क्ष्न का शेयर भी 2 प्रतिशत से ज्यादा तेजी के साथ 137,811 रुपये तक ऊपर गया। यह देश का सबसे महंगा शेयर है। पिछले सत्र में यह 134,408.60 रुपये पर बंद हुआ था। चेन्नई की इस कंपनी का 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 143,598.95 रुपये है।

### तेल कंपनियों के शेयर

इस बीच सरकारी तेल एवं गैस कंपनियों एचपीसीएल, आईजीएल, आईओसी और बीपीसीएल के शेयरों में भी 6 प्रतिशत तक तेजी आई है। हिंदुस्तान पेट्रोलियम का शेयर करीब 6 फीसदी तेजी के साथ 409 रुपये तक गया।

## उदय कोटक ने रियल एस्टेट सेक्टर में मचाया तहलका

### कर डाली देश की सबसे महंगी प्रॉपर्टी डील

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के सबसे अमीर बैंकर उदय कोटक ने रियल एस्टेट सेक्टर में तहलका मचा दिया है। देश के टॉप प्राइवेट बैंकों में से एक कोटक बैंक के फाउंडर ने मुंबई के वर्ली सी फेस पर एक पूरी इमारत खरीद ली है। इसके लिए उन्होंने 400 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च किए हैं। पहले कोटक परिवार ने इस बिल्डिंग में जनवरी और सितंबर में 24 में से 13 अपार्टमेंट खरीदे थे। तब उन्होंने लगभग 2.72 लाख रुपये प्रति वर्ग फुट के हिसाब से भुगतान किया था। अब उन्होंने बाकी के 8 अपार्टमेंट भी खरीद लिए हैं। इस बार उन्होंने 2.75 लाख रुपये प्रति वर्ग फुट के हिसाब से भुगतान किया है। यह एक नया रिकॉर्ड है। दस्तावेजों से पता चला है कि ये नए सौदे 8 अप्रैल और 21 अप्रैल को हुए थे। इन अपार्टमेंट की कीमत 12 करोड़ रुपये से लेकर 27.59 करोड़ रुपये तक है। ये अपार्टमेंट 444 वर्ग फुट से लेकर 1,004 वर्ग फुट तक के हैं। इन आठ सौदों की कुल कीमत 131.55 करोड़ रुपये है। इस पूरी इमारत के लिए 400 करोड़ रुपये से ज्यादा का सौदा हुआ है। इस इमारत में सबसे बड़ा अपार्टमेंट 1,396 वर्ग फुट का है। इसे 38.24 करोड़ रुपये में बेचा गया है। सबसे छोटा फ्लैट 173 वर्ग फुट का है। इसे 4.7 करोड़ रुपये से ज्यादा में बेचा गया है।



### नया आशियाना

कोटक के जनवरी के सौदों से पहले देश में सबसे ज्यादा प्रति वर्ग फुट की दरें दक्षिण मुंबई के अल्टामाउंट रोड और भूलाभाई देसाई रोड पर थीं। वहां यह दर 2.25 लाख रुपये और 2.09 लाख रुपये थी। इस शानदार इमारत का नाम 19 शिव सागर है और यह शैम्पेन हाउस के बगल में है। शैम्पेन हाउस को कोटक परिवार ने2018 में रंजीत चौगुले से 385 करोड़ रुपये में खरीदा था। रंजीत चौगुले, इंडेज विंटनर्स नामक एक वाइन कंपनी के मालिक थे। शैम्पेन हाउस को अब कोटक परिवार के नए आशियाने के रूप में विकसित किया जा रहा है।

## कैब कंपनी हुई बंद तो दसियों हजार ड्राइवर हुए बेरोजगार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओला-उबर की तरह की एक कैब कंपनी आई थी ब्लूस्मार्ट। इस कुछ मायने में अलग थी। इस कंपनी के सभी कैब ईवी यानी इलेक्ट्रिक व्हीकल थे। इसकी सेवा पिछले दिनों बंद हो गई है। अब दिल्ली-एनसीआर में सैकड़ों ब्लूस्मार्ट ड्राइवर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारे सहयोगी ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक उनकी मांग है कि कंपनी उन्हें मुआवजा दे और नौकरी का कोई दूसरा विकल्प दे।

**क्या कहना है ड्राइवरों का-** ड्राइवरों का कहना है कि ब्लूसमार्ट उनके लिए सबसे अच्छा प्लेटफॉर्म था। कंपनी ने बिना किसी सूचना के काम बंद कर दिया। इससे ड्राइवर मुश्किल में फंस गए हैं। उन्हें यह भी नहीं पता कि उनका बकाया पैसा कब मिलेगा। अनुमान है कि दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु और मुंबई में 10,000 से ्यादा ड्राइवर इससे प्रभावित हुए हैं। खबर है कि ब्लूसमार्ट की कुछ गायिां बैंकों ने ब्त कर ली हैं या एवेरा जैसी दूसरी इलेक्ट्रिक कैब कंपनियों ने खरीद ली हैं।

**हमारी गलती नहीं लेकिन परेशान हम ही-** संजय सागर 2022 से ब्लूसमार्ट के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने ब्लूसमार्ट को बनाया। हम ही क्यों परेशान हों हमारी कोई गलती नहीं थी। यह विरोध प्रदर्शन तब शुरू हुआ जब सेबी ने ब्लूसमार्ट के को-फाउंडर अनमोल सिंह जग्गी और पुनीत सिंह जग्गी को शेयर बाजार में कारोबार करने से रोक दिया। सेबी ने उन्हें कंपनी में कोई पद संभालने से भी मना कर दिया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने अपनी सोलर श्क्ष्ख्र फर्म, जेनसोल इंजीनियरिंग में पैसे की हेराफेरी की और जाली दस्तावे बनाए। जेनसोल इंजीनियरिंग का ब्लूसमार्ट से गहरा संबंध है।

**पहले हर हफ्ते मिलते थे पैसे-** ड्राइवरों का कहना है कि उन्हें पहले हर हफ्ते पैसे मिलते थे। अगर उनकी कमाई 20,000 रुपये से ्यादा होती थी, तो उन्हें 8,000 रुपये इंसेंटिव के रूप में मिलते थे। इसके अलावा, ग्राहकों की रेटिंग के आधार पर उन्हें अतिरिक्त इंसेंटिव भी मिलता था। लेकिन, पिछले कुछ महीनों में इंसेंटिव कम हो गया था। कुछ ड्राइवरों का आरोप है कि कंपनी के मालिकों ने वह पैसा अपने निजी इस्तेमाल के लिए निकाल लिया। कई ड्राइवरों ने बताया कि उन्हें पिछली पेमेंट देर से मिली या मिली ही नहीं।




**महिला ड्राइवरों की अलग दिक्कत-** ब्लूसमार्ट में दिल्ली में 300 से ्यादा महिला ड्राइवर थीं। उन्हें अलग किस्म की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दिल्ली की 21 वर्षीय ड्राइवर तारिशा कुमार ने कहा, हमें मैसेज मिला कि कारों को ऑडिट के लिए हब पर रखा गया है। उसके बाद से कुछ नहीं हुआ। दूसरे प्लेटफॉर्म महिलाओं को आसानी से ड्राइवर के तौर पर नहीं रखते। उनमें से कई अब नई नौकरी ढूंढने के लिए संघर्ष कर रही हैं। कुमार ने कहा, पुरुष ड्राइवरों के लिए यह आसान है, लेकिन महिलाएं, खासकर सिंगल मदर्स पीछे छूट जाती हैं।

**यह अन्याय है-** गिग वर्कर्स एसोसिएशन के ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी, नितेश कुमार दास ने कहा कि कंपनी ने ड्राइवरों को बिना किसी मुआवजे के छो दिया। उन्होंने कहा, यह अन्याय है। इन लोगों ने अपनी मेहनत से कंपनी बनाई। ऐसा होने से रोकने के लिए कोई कानून होना चाहिए। कई ड्राइवर अब आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं।

## बिलों का भुगतान: क्रेडिट कार्ड के बेहतर प्रबंधन से मजबूत होता है आपका सिबिल स्कोर, जरूरी है नियमित निगरानी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एक अच्छा क्रडिट स्कोर आपके वित्तीय भविष्य की नींव है, लेकिन, इसे बनाने में समय और धैर्य लगता है। ठीक उसी तरह जैसे किसी पौधे की देखभाल करना। एक मजबूत स्कोर आपको कर्ज लेने में अच्छी मदद कर सकता है। बेहतर ब्याज दर पर कर्ज लेने में मददगार साबित हो सकता है। दीर्घकालिक वित्तीय विश्वास स्थापित करता है। इस प्रक्रिया में क्रेडिट कार्ड एक महत्वपूर्ण साधन है। हालांकि, अक्सर यह सवाल उठता है कि एक मजबूत क्रेडिट स्कोर बनाने के लिए आपके पास कितने क्रेडिट कार्ड होने चाहिए? हालांकि इसकी कोई जादुई संख्या नहीं है, लेकिन इसमें शामिल कारकों को आप समझ पाएंगे तो इससे क्रेडिट निर्माण के इस पहलू को जानने में मदद मिल सकती है।

**...तो प्रभावित होता है आपका क्रेडिट स्कोर-** क्रेडिट स्कोर में कई चीजें योगदान करती हैं। पास मौजूद क्रेडिट कार्ड की संख्या एक भूमिका निभाती है जो अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं से जुड़ा हुआ है। भुगतान इतिहास꞉ बिलों का भुगतान समय पर करें। एक भी बिल का देर से भुगतान स्कोर को



प्रभावित कर सकता है।

**नया क्रेडिट꞉** कई नए खाते जल्दी-जल्दी खोलने से बार-बार क्रेडिट जांच के कारण स्कोर कम हो सकता है।

**क्रेडिट के प्रकार꞉** कार्ड और लोन का मिश्रण दिखाता है कि आप अलग-अलग तरह के क्रेडिट को संभाल सकते हैं, लेकिन समय पर भुगतान या कम उपयोग सबसे महत्वपूर्ण है।

**क्रेडिट इतिहास꞉** बेहतर इतिहास वाले पुराने खाते मजबूत स्कोर बनाने में मदद करते हैं।

**क्रेडिट उपयोग꞉** अपनी कुल क्रेडिट सीमा के 30 फीसदी से कम का उपयोग करके दिखाएं कि आप क्रेडिट का सही प्रबंधन कर रहे हैं।

### जादुई संख्या क्या है?

इसका कोई एक उत्तर नहीं है। लेकिन तीन अच्छी तरह से प्रबंधित कार्ड एक अच्छा क्रेडिट स्कोर बनाने के लिए पर्याप्त हो सकते हैं। आपके पास एक क्रेडिट कार्ड है, तो नियमित खर्चों के लिए इसका जिम्मेदारी से उपयोग करें। हर महीने पूरा बिल चुकाएं। यह एक बेहतर भुगतान इतिहास स्थापित कर सकता है और क्रेडिट योग्यता को बढ़ा सकता है।

### कार्ड बैकअप के रूप में काम कर सकता है

आप दूसरा क्रेडिट कार्ड लेते हैं, तो कुल क्रेडिट सीमा बढ़ जाती है। इससे कम क्रेडिट उपयोग अनुपात बनाए रखने में मदद मिल सकती है। किसी तरह से दूसरे कार्ड से समझौता हो जाता है, तो एक कार्ड बैकअप के रूप में काम कर सकता है। तीसरा कार्ड अतिरिक्त लाभ प्रदान कर सकता है। जैसे उच्च क्रेडिट सीमा या रहन-सहन से मेल खाने वाली विशेष खरीदारी के लिए।


## दिल्ली में 1,530 करोड़ रुपये में बिकी रेलवे की जमीन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बेंगलुरु की रियल एस्टेट कंपनी बागमने ग्रुप ने दिल्ली के द्वारका सेक्टर 21 में रेलवे की एक जमीन खरीदी है। यह जमीन 124,000 वर्ग मीटर में फैली है। कंपनी ने इसके लिए 1,530 करोड़ रुपये दिए हैं। रेल भूमि विकास प्राधिकरण ने 2023 में ही बागमने की बोली को स्वीकार कर लिया था। लेकिन जमीन पर लगे पेड़ों को हटाने की वजह से यह सौदा अटक गया था। अब कंपनी ने दिल्ली में ही पेड़ों को



दूसरी जगह लगाने के लिए जमीन ढूंढ ली है। सूत्रों से यह जानकारी मिली है। खरीदी गई जमीन का इस्तेमाल रेजिडेंशिल (55 प्रतिशत) और कमर्शियल (45 प्रतिशत) डेवलपमेंट के लिए किया जा सकता है। इस जमीन के पास ही एक नया रेलवे स्टेशन बन रहा है। इससे इस इलाके में लोगों की आवाजाही बहुत बढ़ जाएगी। दिल्ली–एनसीआर में प्रॉपर्टी बाजार हमेशा से ही निवेशकों को पसंद रहा है। यहां घर खरीदने की मांग हमेशा ज्यादा रहती है। इसलिए कई बड़ी कंपनियों ने जमीन खरीदी है। सिर्फ मकान ही नहीं, दुकानें, ऑफिस, फैक्ट्रियां और गोदाम बनाने के लिए भी जमीन की खूब मांग है। रियल एस्टेट कंपनी सीबीआरइ के चेयरमैन और सीइओ अंशुमन मैगजीन ने कहा कि इस डील से पता चलता है कि निवेशकों का भरोसा इस सेक्टर में बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि यह तेजी 2025 में मजबूत होगी। इससे भारत दुनिया में प्रॉपर्टी के लिए सबसे अच्छी जगह बना रहेगा।

# अर्शदीप सिंह ने लखनऊ पर जीत के बाद किया रणनीति का खुलासा




**धर्मशाला, एजेंसी।** पंजाब किंग्स की लखनऊ सुपर जॉइंट्स के खिलाफ आईपीएल मैच में जीत में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह का जीवन जीने का तरीका बेहद सरल है, बहुत आगे के बारे में नहीं सोचना और वर्तमान में जीने का पूरा आनंद लेना। अर्शदीप ने लखनऊ के चोटी के तीन बल्लेबाजों को आउट करके पंजाब को शानदार शुरुआत दिलाई। उन्होंने अब तक आईपीएल के वर्तमान सत्र में 11 मैचों में 16 विकेट ले लिए हैं और प्रसिद्ध कृष्णा (19 विकेट) और जोश हेज़लवुड (18 विकेट) के बाद सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं। अर्शदीप ने मैच के बाद कहा, 'मैं बहुत आगे के बारे में नहीं सोचता और अभी केवल वर्तमान में जीने का पूरा आनंद ले रहा हूं। हम एक बार में एक मैच पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। यहां शुरू में गेंद को थोड़ा मूवमेंट मिल रहा था और मैंने वास्तव में इसका पूरा आनंद लिया। अर्शदीप खुश हैं कि वह पावरप्ले के अंदर मिशेल मार्श, एडेन मार्क्रम और निकोलस पूरन जैसे धाकड़ बल्लेबाजों के विकेट लेने में सफल रहे। उन्होंने कहा, 'मैं बस उसे (मार्श को आउट करने के लिए नेहल वढेरा का कैच) गेंद की ओर दौड़ते हुए देख रहा था। मैं प्रार्थना कर रहा था बस इसे पकड़ लो क्योंकि आप जानते हैं कि मिच एक बहुत ही खतरनाक खिलाड़ी है।

# 233 एथलीट्स ने डोपिंग की बात स्वीकार की, इन खिलाड़ियों में राष्ट्रमंडल चैंपियन हजारिका भी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** इनमें 22 खिलाड़ी नाबालिग हैं। डोपिंग करने वाले सबसे ज्यादा 72 खिलाड़ी एथलेटिक्स से हैं। दूसरा स्थान वेटलिफ्टरों का है, जिनके 54 खिलाड़ियों ने डोपिंग करना स्वीकार किया है। खेलों में शक्तिवर्धक दवाओं का प्रयोग तो आम है, पर इनके सेवन की स्वीकारोक्ति से खिलाड़ी इन्कार करते रहे हैं, लेकिन बीते तीन वर्षों में 233 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के समक्ष फंसने के बाद डोपिंग करने की बात स्वीकार की है। इनमें कई नामी खिलाड़ी भी शामिल हैं। 2023 में राष्ट्रमंडल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप का स्वर्ण जीतने वाली और बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली पॉपी हजारिका ने भी बीते माह डोपिंग करने की बात स्वीकारी है। यह संभव हुआ है, 2021 में लाए गए वाडा के नए नियम के तहत। अगर डोप पॉजिटिव खिलाड़ी यह स्वीकार कर लेता है कि उसने डोपिंग की है तो उसे कुल प्रतिबंध में से एक साल की छूट दी जाती है। इनमें से अधिकतर पर चार के बजाय तीन साल का प्रतिबंध लगा है।इनमें 22 खिलाड़ी नाबालिग हैं। डोपिंग करने वाले सबसे ज्यादा 72 खिलाड़ी एथलेटिक्स से हैं। दूसरा स्थान वेटलिफ्टरों का है, जिनके 54 खिलाड़ियों ने डोपिंग करना स्वीकार किया है। इनमें से तीन खिलाड़ी ऐसे हैं, जिन पर पांच वर्ष का प्रतिबंध लगा है। इन्होंने एक नहीं बल्कि कई शक्तिवर्धक दवाओं का उपयोग किया था।

# वीरेंद्र सहवाग ने बताया ऋषभ पंत की खराब फॉर्म का इलाज

## धोनी को कॉल करें...




**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऋषभ पंत ने आईपीएल 2025 की शुरुआत सनसनी मचाकर की थी. वो इस लीग के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी के तौर पर उतरे थे. इसलिए उनसे काफी उम्मीदें थीं, लेकिन वो इस पर खरे नहीं उतरे. पंत पूरे सीजन में खराब फॉर्म से जूझते रहे हैं. पंजाब किंग्स के खिलाफ वो 17 गेंद में 18 रन बनाकर आउट हो गए थे. वहीं इस सीजन में वो 11 मैचों में 12.8 की औसत और 99 के स्ट्राइक रेट से सिर्फ 128 रन बना सके हैं. उनके इस प्रदर्शन को देखकर टीम इंडिया के दिग्गज ओपनर वीरेंद्र सहवाग ने अपनी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने पंत को वापस अपने लय में लौटने का इलाज बताया है. उन्होंने धोनी से कॉल करके बात करने की सलाह दी है.

वीरेंद्र सहवाग ने लखनऊ सुपर जायंट्स और पंजाब किंग्स के मुकाबले को क्रिकबज पर एनालिसिस के दौरान सलाह दी कि पंत को अपनी बल्लेबाजी के पुराने वीडियो देखने चाहिए, जिसमें उन्होंने रन बनाए हैं. उन्होंने आगे कहा कि चोट के बाद एलएसजी के कप्तान बदल गए हैं. इसके अलावा सहवाग का मानना है कि अगर पंत धोनी को अपना आदर्श मानते हैं तो फोन पर उनसे बात करनी चाहिए.

सहवाग ने कहा, उनके पास फोन है. वह उसे उठाकर जिसे चाहे कॉल कर सकते हैं. अगर उन्हें लगता है कि वो मानसिक रूप से वह ठीक से नहीं सोच पा रहे हैं तो ऐसे कई क्रिकेटर हैं जो उसकी मदद कर सकते हैं. अगर वह धोनी को अपना आदर्श मानते हैं तो उन्हें धोनी से बात करनी चाहिए. मैच के बाद खुद पंत ने हार के लिए खराब फील्डिंग को दोषी ठहराया. हालांकि, उन्होंने ये जरूर कहा कि हर वक्त टॉप ऑर्डर के बल्लेबाजों से रन की उम्मीद नहीं की जा सकती है. लेकिन उन्होंने अपनी बैटिंग का जिक्र नहीं किया.

पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंबाती रायुडू ने पंत के खराब फॉर्म को लेकर दुख जताया. लेकिन उन्होंने पंत को जिद्दी भी बताया. उनका कहना था कि पंत अपना दृष्टिकोण बदलने को तैयार नहीं हैं. ऐसा सभी खिलाड़ियों के साथ होता है, लेकिन उम्मीद है कि वो ज्यादा जिद्दी नहीं बनेंगे और अपने लिए चीजों को और ज्यादा खराब नहीं करेंगे. रायुडू ने आगे कहा कि पंत के पास मिडिल ऑर्डर में खेलने की स्किल्स हैं, लेकिन इसे ठीक तरीके लागू करने की मानसिकता नहीं है.

## आईसीसी लेटेस्ट रैंकिंग

# टेस्ट रैंकिंग में टीम इंडिया को झटका

## इंग्लैंड ने पछाड़ा, वनडे-टी20 में बादशाहत कायम




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की जारी ताजातरीन रैंकिंग में भारतीय टीम को झटका लगा है. सोमवार (5 मई) को सालाना रैंकिंग अपडेट के बाद भारतीय टीम ने ओडीआई और टी20 रैंकिंग में अपना पहला स्थान बरकरार रखा है. लेकिन टेस्ट रैंकिंग में उसे नुकसान हुआ है. अपडेटेड रैंकिंग में मई 2024 से अब तक खेले गए सभी मैचों को 100 प्रतिशत और पिछ्ले दो वर्षों के मैचों को 50 प्रतिशत रेट दिया गया है.

### इंग्लैंड को हुआ जबरदस्त फायदा

भारतीय टीम अब टेस्ट रैंकिंग में एक स्थान लुढ़ककर चौथे पायदान पर आ गई है. बेन स्टोक्स की अगुआई वाली इंग्लैंड ने लंबी छलांग लगाई है और वो साउथ अफ्रीका और भारत दोनों को पीछे छोड़ते हुए दूसरे स्थान पर पहुंच गई है. इंग्लैंड के रेटिंग अंक अब 113 हो चुके हैं, जबकि साउथ अफ्रीका के 111 और भारत के 105 अंक हैं. ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट रैंकिंग में टॉप स्थान बरकार रखा है. हालांकि वार्षिक अपडेट के बाद उसके अंक घटकर 126 हो गए हैं.

टेस्ट रैंकिंग में बाकी टीमों के स्थान अपरिवर्तित हैं. न्यूजीलैंड पांचवें, श्रीलंका छठे, पाकिस्तान सातवें, वेस्टइंडीज आठवें, बांग्लादेश नौवें और जिम्बाब्वे दसवें नंबर पर है. टेस्ट रैंकिंग के लिए अभी केवल 10 टीमें ही योग्य हैं. आयरलैंड को रैंकिंग में जगह बनाने के लिए अगले 12 महीनों में एक और टेस्ट खेलना होगा, जबकि अफगानिस्तान को टेस्ट रैंकिंग में शामिल होने के लिए तीन और मैच खेलने होंगे. ओडीआई रैंकिंग में भारत के रेटिंग अंक 122 से बढ़कर 124 हो चुके हैं. वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर न्यूजीलैंड है. न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को पीछे छोड़ दिया है, जो अब तीसरे स्थान पर है. श्रीलंका चौथे नंबर पर है, जबकि पाकिस्तान एक पायदान उठकर पांचवें नंबर पर आ चुका है. साउथ अफ्रीका एक स्थान गिरकर छठे और अफगानिस्तान चार अंकों के फायदे के बाद सातवें स्थान पर पहुंच गया है. वहीं इंग्लैंड आठवें स्थान पर खिसक गया है. वेस्टइंडीज पांच अंक और हासिल करके नौवें और बांग्लादेश दसवें नंबर पर है.

उधर टी20 रैंकिंग में भारतीय टीम 271 रेटिंग अंकों के साथ टॉप पर है, हालांकि दूसरे स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलिया पर उसकी बढ़त 10 से घटकर नौ अंक रह गई है. इंग्लैंड तीसरे नंबर पर है. जबकि न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका क्रमशः चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर है. श्रीलंका एशियाई प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान (8) को पछाड़कर रैंकिंग में 7वें स्थान पर आ चुका है. बांग्लादेश और अफगानिस्तान क्रमशः नौवें और दसवें स्थान पर है. पहली बार ऐसा हुआ है कि वार्षिक अपडेट के बाद टी20ढ्ढ रैंकिंग में 100 टीमें शामिल की गई हैं. अपडेट की गई सूची में वे सभी टीमें शामिल हैं जिन्होंने पिछले तीन सालों में कम से कम आठ टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले. टी20 रैंकिंग 2019 में लॉन्च की गई थी और इसमें तब 80 टीमें शामिल थीं.

# फिर फिसड्डी साबित हुए 27 करोड़ी ऋषभ पंत

## बनायाआईपीएल का सबसे शर्मनाक रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) में रविवार को पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मुकाबला खेला गया. इस मैच में एक बार फिर लखनऊ की टीम को शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा. इस हार के चलते लखनऊ की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को भी बड़ा झटका लगा है. लेकिन इस हार से ज्यादा ऋषभ पंत की बल्लेबाजी को लेकर सवाल उठ रहे हैं, जिन्होंने एक बार फिर अपने बल्ले से सभी को निराश



किया.इस मुकाबले में जब एक छोर पर लगातार विकेट गिर रहे थे. तब पंत से एक कप्तानी पारी की उम्मीद थी.लेकिन पंत ने फिर निराश किया और अपना विकेट फेंककर चले गए. पंत के बल्ले से केवल एक रन ही निकले. इस पूरे सीजन उनका बल्ला खामोश ही रहा है.

पिछली 10 पारियों में उन्होंने महज 128 रन बनाए हैं, उनका औसत 12.8 और स्ट्राइक रेट सिर्फ 99.22 रहा है. जो मौजूदा सीजन में कम से कम 60 गेंदों का सामना करने वाले 70 बल्लेबाज़ों में सबसे धीमा है. पंत की यह स्ट्राइक रेट आईपीएल जैसे तेज़-तर्रार फॉर्मेट के लिहाज़ से गंभीर चिंता का विषय है. ढ्ढक्करु में जहां 150+ स्ट्राइक रेट अब आम बात बन चुकी है, वहीं ऋषभ का 100 से भी कम स्ट्राइक रेट यह दर्शाता है कि वे टीम के लिए रन गति बढ़ाने में विफल रहे हैं. इससे न केवल टीम की जीत की संभावनाओं पर असर पड़ा है, बल्कि पंत की कप्तानी और चयन को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं.

# ना ये दुबे जी चले, ना वो दुबे जी...

## 24 घंटे के अंदर आईपीएल में हीरो बनने के एक जैसे मौके गंवाए





**नई दिल्ली, एजेंसी।** कहते तो हैं कि चौबे जी चले थे छब्बे जी बनने, बन गए दुबे जी. लेकिन, हमारी आईपीएल की स्टोरी में किरदार पहले से ही सिर्फ एक हैं और वो हैं- दुबे जी. एक वो दुबे जी जिन्हें उनकी आईपीएल फ्रेंचाइजी ने 12 करोड़ में रिटेन किया था. और दूसरे वो दुबे जी जिन्हें पहले वाले से 11.20 करोड़ रुपये की कम कीमत पर खरीदा गया था. यानी, उनकी फ्रेंचाइजी ने उन्हें सिर्फ 80 लाख रुपये में खरीदा था. लेकिन, आईपीएल 2025 में जब मौका मिला तो ना 12 करोड़ वाले दुबे जी चले और ना ही 80 लाख वाले. 24 घंटे के अंतराल पर दोनों को सेम टू सेम एक जैसे काम को अंजाम देकर हीरो बनने के मौके मिले थे. मगर दोनों ही फेल रहे. जानना चाहते हैं आईपीएल 2025 में एक ही जैसे काम को अंजाम देने में फेल हुए ये दोनों दुबे जी हैं कौन? उनमें एक हैं 12 करोड़ रुपये में ष्टस्य्य से जुड़े शिवम दुबे और दूसरे हैं 80 लाख रुपये में राजस्थान रॉयल्स का दामन थामने वाले शुभम दुबे. अब सवाल है कि दोनों को एक जैसे ही काम करने के मौके मिले कब और कहां? तो ऐसा आईपीएल 2025 के मंच पर ही हुआ.


### 3 मई को शिवम दुबे फेल, 4 मई को शुभम दुबे फेल

3 मई की शाम जैसी सिचुएशन चेन्नई सुपर किंग्स के शिवम दुबे के सामने पैदा हुई. ठीक वैसे ही हालात 4 मई की शाम राजस्थान रॉयल्स के शुभम दुबे के सामने भी बने. 3 मई को शिवम दुबे को भी आरसीबी के खिलाफ मैच की अंतिम 3 गेंदों पर 13 रन बनाने का टारगेट मिला था. और 4 मई को वही 13 रन 3 गेंदों पर बनाने को शुभम दुबे को भी केकेआर के खिलाफ बनाने को मिले. मगर ना तो शिवम दुबे लक्ष्य को भेद सके और ना ही शुभम दुबे. दोनों दुबे जी की नाकामी का सिला उनकी टीमों को हार के तौर पर भुगतना पड़ा.

### दोनों दुबे जी की टीम प्लेऑफ की रेस से बाहर

बड़ी बात ये है कि अब दोनों दुबे जी की टीम आईपीएल 2025 के प्लेऑफ की दौड़ से बाहर है. शिवम दुबे की टीम सबसे पहले रेस से बाहर होने वाली टीम बनीं. वहीं शुभम दुबे की टीम राजस्थान रॉयल्स ने उसके पीछे नंबर लगाया.




# जॉन सीना की एक्स गर्लफ्रेंड करती रही मिन्नतें

## डब्ल्यूडब्ल्यूई ने टोटल दिवास पर सुना दिया बड़ा फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डब्ल्यूडब्ल्यूई का रियलिटी शो टोटल दिवाज जल्द वापस नहीं आएगा। निक्की बेला और नाओमी जैसी पूर्व स्टार्स शो को फिर से शुरू करना चाहती हैं, लेकिन डब्ल्यूडब्ल्यूई इस विचार के साथ नहीं है। टोटल दिवाज शो में महिला डब्ल्यूडब्ल्यूई सुपरस्टार्स की जिंदगी दिखाई जाती थी। यह शो 10 दिसंबर, 2019 को बंद हो गया था। अब, डब्ल्यूडब्ल्यूई ने शो को वापस लाने की कोई योजना नहीं बनाई है। टोटल दिवाज की वापसी को लेकर सोशल मीडिया पर कई बातें हो रही थीं, लेकिन फाइट फुल सेलेक्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार टोटल दिवाज को फिर से शुरू करने की कोई योजना नहीं है।

### नाओमी चाहती हैं शो की वापसी


शो के बंद होने की अफवाहों के बावजूद, नाओमी और निक्की बेला जैसी पूर्व कलाकारों ने शो को वापस देखने की इच्छा जताई है। कैजुअल कन्वर्सेशन के साथ एक इंटरव्यू में, नाओमी ने शो के वापस आने पर एक अलग विचार पेश किया। उन्होंने अपने समय को याद करते हुए कहा, शुरुआती दिनों में हमें डॉक्यूमेंट करना बहुत अच्छा था। अब, नई पीढ़ी को अपने करियर की शुरुआत में देखना अविश्वसनीय होगा। इसका मतलब है कि नाओमी चाहती हैं कि शो में नई महिला रेसलर्स की जिंदगी दिखाई जाए। जॉन सीना की एक्स गर्लफेंड निक्की बेला ने द निक्की एंड ब्री शो के एक एपिसोड में कहा कि उनसे टोटल दिवाज की वापसी के बारे में हमेशा पूछा जाता है। उन्होंने कहा कि वह शो को फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं। निक्की बेला चाहती हैं कि पुरानी स्टार्स के साथ कुछ नई स्टार्स को भी शो में शामिल किया जाए। उन्होंने सेक्स एंड द सिटी के रीबूट एंड जस्ट लाइक दैट का उदाहरण दिया। इससे पता चलता है कि वह शो को नए और पुराने दर्शकों के लिए दिलचस्प बनाना चाहती हैं।

### फैंस हुए निराश

हालांकि डब्ल्यूडब्ल्यूई ने अभी तक टोटल दिवाज को वापस लाने की कोई योजना नहीं बनाई है। लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या वे भविष्य में अपना विचार बदलते हैं। डब्ल्यूडब्ल्यूई के फैसले से कई फैंस निराश हो सकते हैं। क्योंकि यह शो काफी लोकप्रिय था। टोटल दिवाज ने महिला रेसलर्स को मुख्यधारा में लाने में मदद की। इस शो ने दर्शकों को उनकी निजी जिंदगी और करियर के बारे में जानने का मौका दिया। निक्की बेला और नाओमी जैसी स्टार्स ने शो के माध्यम से अपनी पहचान बनाई।

# खलनायक बन दहशत फैलाएंगे अक्षय कुमार

## प्रियदर्शन की फिल्म में सैफ अली खान संग करेंगे दो-दो हाथ



**अक्षय** कुमार और सैफ अली खान 17 साल बाद मलयालम हिट ओप्पम के हिंदी रीमेक में साथ नजर आएंगे। वहीं अब फिल्म में दोनों के किरदारों के बारे में जानकारी सामने आई है। बॉलीवुड के दो दिग्गज सितारे, अक्षय कुमार और सैफ अली खान 17 साल के लंबे इंतजार के बाद एक बार फिर बड़े पर्दे पर साथ नजर आने वाले हैं। खबर है कि दोनों 2016 की सुपरहिट मलयालम फिल्म ओप्पम के हिंदी रीमेक में काम करेंगे, जिसमें मूल रूप से मोहनलाल ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म को लेकर ताजा अपडेट्स ने फैंस की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। सूत्रों के मुताबिक, इस बार अक्षय कुमार एक खतरनाक विलेन की भूमिका में नजर आएंगे, जबकि सैफ अली खान लीड रोल में होंगे। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

### अक्षय वर्सेज सैफ

यह फिल्म अक्षय और सैफ के बीच एक हाई-वोल्टेज टकराव की कहानी होगी। एक सूत्र के हवाले से बताया, सैफ अली खान मुख्य किरदार में होंगे, लेकिन अक्षय कुमार का खलनायक अवतार दर्शकों को हैरान कर देगा। यह फिल्म दोनों सितारों के बीच एक जबरदस्त जंग दिखाएगी, जो रोमांच और तनाव से भरी होगी।

### प्रियदर्शन के निर्देशन में बनेगी फिल्म

इस प्रोजेक्ट को मशहूर निर्देशक प्रियदर्शन डायरेक्ट करेंगे, जिन्हें कॉमेडी और थ्रिलर फिल्मों के लिए जाना जाता है। सूत्रों ने बताया कि अक्षय और सैफ ने स्क्रिप्ट पढ़ने के बाद इस प्रोजेक्ट के लिए तुरंत हामी भर दी। एक सूत्र ने कहा, यह एक सस्पेंस से भरी थ्रिलर फिल्म है, जो दर्शकों को शुरू से अंत तक बांधे रखेगी। प्रियदर्शन का निर्देशन इसे और भी खास बनाएगा। फिल्म की शूटिंग अगस्त 2025 में शुरू होगी और इसे 2026 में रिलीज करने की योजना है।

अक्षय और सैफ की जोड़ी आखिरी बार 2008 में टशन ? में नजर आई थी। अक्षय और सैफ की जोड़ी पहले भी 'मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी', 'आंखें' और 'ये दिल्लगी' जैसी फिल्मों में जादू दिखा चुकी है।

### सैफ और अक्षय की फिल्में

सैफ अली खान हाल ही में अपनी फिल्म ज्वेल थीफ में नजर आए, जिसमें उनके साथ जयदीप अहलावत और निकिता दत्ता भी थे। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है और इसे दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। फिल्म के अंत ने इसके सीक्वल की संभावना को भी हवा दी है।



## बाबिल खान का इंस्टाग्राम अकाउंट हुआ एक्टिव, पोस्ट शेयर कर दी सफाई, जुयाल-सिद्धांत को कहा शुक्रिया

रविवार को अभिनेता बाबिल खान का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वे रोते नजर आए और इंडस्ट्री के कुछ सितारों को कथित तौर पर फेक बताया। इसके बाद उनका इंस्टाग्राम अकाउंट डिलीट हो गया। हालांकि अब यह फिर शुरू हो चुका है। एक्टर बाबिल खान के वायरल वीडियो ने सोशल मीडिया और फिल्म इंडस्ट्री में हलचल मचा दी है। रविवार को उनका एक वीडियो सामने आया, जो कथित तौर पर उन्होंने ही अपने सोशल मीडिया अकाउंट से शेयर किया। इसमें वे अनन्या पांडे, अर्जुन कपूर, राघव जुयाल और सिद्धांत चतुर्वेदी सहित कई स्टार्स को फेक बताते दिखे। इसके बाद बाबिल का इंस्टा अकाउंट डिलीट हो गया। हालांकि, इस बारे में उनकी मां सुतापा ने पोस्ट शेयर किया। अब बाबिल का अकाउंट फिर से शुरू हो गया है।



# मैं कॉफी शॉप भी साड़ी पहनकर जाती हूं, ये मेरा पसंदीदा परिधान: लक्ष्मी मांचू

**भारतीय** अभिनेत्री, फिल्म निर्माता और साउथ के साथ ही अमेरिकी टेलीविजन में काम कर चुकीं लक्ष्मी मांचू ने बताया कि उन्हें साड़ी से खास लगाव है। यह उनका पसंदीदा परिधान है। साड़ी के प्रति अपने प्रेम का इजहार करते हुए अभिनेत्री ने बताया कि वह ऐसी महिला हैं, जो कॉफी शॉप में भी साड़ी पहनकर जाती है। लक्ष्मी मांचू 'मेक इन इंडिया' के तहत एक इवेंट में शामिल हुईं, जिसमें कांचीपुरम, कोटा साड़ियों के अलावा देश के अन्य हिस्सों में कपड़े देखने को मिले। लक्ष्मी ने कहा, मुंबई में असली जरी नहीं मिलती है। मैंने मास्टर कारीगरों से मिलकर असली जरी खरीदी और उनसे अपनी खास साड़ी तैयार कराई। मैंने कलमकारी डिजाइन भी हाथ से बनाए, जिसके बारे में बुनकरों ने खुद कहा कि उन्होंने यह पहले कभी नहीं देखा था। लक्ष्मी ने बताया कि साड़ियां सबसे सुंदर परिधानों में से एक हैं, जो भारतीय परंपराओं और संस्कृति के सार को दिखाती हैं। उन्होंने कहा, मैं ऐसी महिला हूं जो मुंबई में कॉफी शॉप में भी साड़ी पहनकर जाती है, क्योंकि मेरे लिए यह सबसे सुंदर और पसंदीदा परिधान है। मेरा मानना है कि हमें अपने पहनावे के माध्यम से अपनी परंपराओं और संस्कृति को दुनिया के सामने लाना चाहिए। साड़ी दुनिया भर में पसंद की जाती है। लक्ष्मी मांचू मशहूर अभिनेता मोहन बाबू की बेटी हैं। उन्होंने अमेरिकी टेलीविजन सीरीज 'लास वेगास' से अभिनय की शुरुआत की थी, जिसमें उन्होंने जेम्स लेसुरे की प्रेमिका की भूमिका निभाई थी। इसके बाद अभिनेत्री 'लेट नाइट्स विद माई लवर' और 'मिस्ट्री ईआर', यक्षिणी जैसी सीरीज में भी काम कर चुकी हैं।

# सिनेमाघरों में रिलीज को तैयार आमिर खान की 'सितारे जमीन पर'




**अभिनेता आमिर खान की अपकमिंग फिल्म सितारे जमीन पर सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। ताजा जानकारी के साथ आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर स्टारकास्ट के साथ ही बताया कि फिल्म सिनेमाघरों में कब दस्तक देगी। प्रोडक्शन हाउस ने फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर कैप्शन में लिखा, प्यार और खुशी का जश्न मनाती एक फिल्म 'सितारे जमीन पर' 20 जून को सिनेमाघरों में आ रही है।**

'सितारे जमीन पर' के फर्स्ट पोस्टर में आमिर खान के साथ दस और सितारे नजर आए। इन नए चेहरों के नाम सम्वित देसाई, वेदांत शर्मा, गोपी कृष्ण वर्मा, अरूष दत्ता, आयुष भंसाली, आशीष पेंडसे, ऋषि शाहानी, ऋषभ जैन, सिमरन मंगेशकर और नमन मिश्रा हैं। बता दें, अपकमिंग फिल्म के साथ आमिर खान लंबे समय के बाद बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रहे हैं। फिल्म में जेनेलिया देशमुख भी हैं। हालांकि, उनके किरदार के बारे में निर्माताओं ने कोई जानकारी नहीं दी है। आर. एस. प्रसन्ना के निर्देशन में बनी सितारे जमीन पर के प्रोड्यूसर आमिर खान और किरण राव हैं। फिल्म की सिनेमैटोग्राफी जी श्रीनिवास रेड्डी ने की है। फिल्म में शंकर-एहसान-लॉय ने संगीत दिया है। फिल्म के गाने अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं। निर्माताओं ने सितारे जमीन पर का ऐलान साल 2023 में किया था। जानकारी के अनुसार फिल्म की शूटिंग मुंबई में शुरू हुई थी। इसके बाद दिल्ली समेत देश के अन्य हिस्सों में हुई। इस फिल्म के जरिए आमिर खान दस नए कलाकारों को लॉन्च करने जा रहे हैं। सितारे जमीन पर तारे जमीन पर की सिक्वल है। बाहर एक बेरहम दुनिया बसी है और सभी को अपने-अपने घरों में टॉपर्स और रैंकर्स उगाने हैं इस संवाद में ही फिल्म का मर्म छुपा है। यह फिल्म साल 2007 में रिलीज हुई, जिसके निर्माता-निर्देशक आमिर खान थे। अमोल गुप्ता ने इसे लिखा है। फिल्म में आमिर खान, दर्शील सफारी, टिस्का चोपड़ा के साथ विपिन शर्मा अहम भूमिका में हैं। यह फिल्म डिस्लेक्सिया से जूझ रहे आठ साल के बच्चे की कहानी कहती है।

# बॉलीवुड की शेट्टी सिस्टर्स ने चैलेंज किया स्वीकार, इंस्टाग्राम पर दिया फिटनेस का सबूत



बॉलीवुड की शेट्टी सिस्टर्स यानी शिल्पा शेट्टी कुंद्रा और शमिता शेट्टी आए दिन एक-दूसरे पर प्यार बरसाती रहती हैं। वे सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के साथ फोटोज और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। इन दिनों दोनों बहनों पर चैलेंज का बुखार चढ़ा है। शिल्पा और शमिता ने अपने-अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट शेयर की हैं, जिसमें दोनों एक चैलेंज को पूरा करती नजर आ रही हैं। बात करें पहले शिल्पा शेट्टी की तो, एक्ट्रेस जिम में बॉल के साथ खेलती नजर आ रही हैं। यह खेल ही चैलेंज है। जो दिखने में तो आसान है, लेकिन बहुत मुश्किल है। शिल्पा पुशअप पोजिशन में हैं। वह एक हाथ से बॉल को उछालती हैं, और दूसरे हाथ से तेजी से कैच करती हैं। इस दौरान वह उसी पोजिशन में बनी रहती हैं।

इस वीडियो को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, बॉल ड्रॉप चैलेंज... इसे शुरू करते हैं। यह चैलेंज आपके पेट और कमर की ताकत, कंधों की मजबूती, आंखों और हाथों के बीच तालमेल और आपकी प्रतिक्रिया के समय आदि का टेस्ट लेता है। अब बारी तुम्हारी है! देखो तुम कितनी देर तक गेंद को बिना गिराए और खुद को बैलेंस रखकर पकड़ सकते हो? बता दें कि बॉल ड्रॉप चैलेंज का मतलब एक ऐसे फिजिकल चैलेंज से है, जिसमें कोई व्यक्ति गेंद को बार-बार गिराता है और अपनी पोजिशन से हिले बिना उसे तेजी से पकड़ना होता है।



## 'फूलमती' बनीं नीना गुप्ता, तस्वीर शेयर कर फैंस को दिखाई झलक

बधाई हो, पंचायत जैसे मनोरंजन से भरपूर फिल्म और वेब सीरीज में काम कर दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाने वाली अभिनेत्री नीना गुप्ता सोशल मीडिया पर फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं। इसी कड़ी में नीना ने आइवरी कलर की साड़ी में लेटेस्ट तस्वीर शेयर की। खूबसूरत तस्वीर के साथ किसी चीज ने ध्यान खींचा तो वो है उनका खुद को दिया नाम! इंस्टाग्राम पर अपनी खूबसूरत तस्वीर को शेयर करते हुए नीना ने कैप्शन में लिखा, फूलमती। आइवरी कलर की साड़ी के साथ वह गोल्डन ज्वेलरी में बेहद प्यारी लगीं, जिसे देखकर उनके फॉलोअर्स तारीफ करने से खुद को रोक नहीं सके। एक यूजर ने लिखा, खूबसूरत। दूसरे ने तारीफ करते हुए लिखा, आप खूबसूरत के साथ स्टाइलिश भी हैं। तीसरे यूजर ने लिखा, आप स्टनिंग हैं। इससे पहले भी नीना अपने पति विवेक मेहता की बर्थडे पार्टी में यही साड़ी पहने दिखी थीं। काम की बात करें तो नीना गुप्ता हाल ही में फिल्म आचारी बा में नजर आईं, जिसमें उन्होंने एक उद्यमी की भूमिका निभाई है। हार्दिक गज्जर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में नीना का किरदार एक माँ और दादी का है, जो परिवार में अनदेखी का शिकार है।

# ठग लाइफ से सामने आया तृषा कृष्णन का लुक, एक्ट्रेस के 42वें जन्मदिन पर फैंस को मिला बड़ा सरप्राइज

**साउथ** अभिनेत्री तृषा कृष्णन ने 04 मई को अपना जन्मदिन मनाया। इस मौके पर पहले विश्वम्भरा के निर्माताओं ने फिल्म से तृषा का शानदार लुक शेयर किया। विश्वम्भरा के बाद अब तृषा की फिल्म ठग लाइफ से उनका एक लाजवाब लुक सामने आया है।

टर्मरिक मीडिया ने आज कुछ ही देर पहले तृषा कृष्णन की आगामी फिल्म ठग लाइफ से उनका एक शानदार लुक शेयर किया है। फिल्म के इस लुक में तृषा कुछ सोचती नजर आ रही हैं। व्हाइट शर्ट के साथ रेड स्कर्ट में तृषा सिंपल और खूबसूरत नजर आ रही हैं। वह सीढ़ी पर बैठी किसी गहन विचार में लीन नजर आ रही हैं और इस लुक के साथ पोस्टर पर लिखा है- हैप्पी बर्थ डे तृषा। इस तस्वीर में तृषा के पीछे खुला आसमान दिखाई दे रहा है।

टर्मरिक मीडिया ने कुछ ही देर पहले इंस्टाग्राम पर तृषा का ठग लाइफ से एक लुक शेयर किया है, जिसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, ठगों की दुनिया से दिलों की रानी तक - जन्मदिन मुबारक तृषा कृष्णन, हैप्पी बर्थडे तृषा, ठगलाइफ, ठग लाइफ फ्रॉम, जून5 कमल हासन। फिल्म का निर्माण मणिरत्नम करेंगे और इस फिल्म का संगीत ए आर रहमान तैयार करेंगे।

ठग लाइफ में कमल हासन और तृषा कृष्णन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। मणिरत्नम और एआर रहमान की जोड़ी ठग लाइफ फिल्म में एक साथ काम कर रही है। ठग लाइफ 5 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह गैंग्स्टर एक्शन ड्रामा फिल्म है। फिल्म का निर्देशन मणिरत्नम कर रहे हैं। इस फिल्म को कमल हासन और मणिरत्नम ने मिलकर लिखा है। फिल्म में कमल हासन और तृषा के अलावा सिलाम्बरासन, अशोक सेलवन, नस्सर, अली फजल, पंकज त्रिपाठी सान्या मल्होत्रा और ऐश्वर्या लक्ष्मी भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।



साभार एजेंसी